www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

SUNDAY

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, रविवार, 15 अक्टूबर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –190 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

साहित्य
गांधीजी की शॉल पृष्ठ 06
लंबे सूखे के बाद मौसम ने दी सौगात पृष्ठ 10
सामूहिक प्रयास से ही वैश्विक समस्याओं ... पृष्ठ 02
■ धूल प्रदूषण को लेकर सरकार गंभीर : राय
■ चुनाव आयोग ने 260 जरूरी चीजों के कर दिए ... 03
■ हमास के हमले से कुछ दिन पहले अमेरिकी खुफिया विभाग ने...
■ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी शहरों में सुरक्षा बढ़ाई 07

## सार संक्षेप

### मोदी ने 2036 ओलंपिक आयोजन की दावेदारी की



**मुंबई।** भारत ने ओलंपिक खेल की मेजबानी के लिए दावेदारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 141वें सेशन में कहा कि भारत अपनी धरती पर ओलंपिक का आयोजन कराने के लिए बहुत उत्साहित है। साल 2036 में ओलिंपिक यहीं हो, इसके लिए भारत अपनी कोशिशों में कमी नहीं रखेगा। ये 140 करोड़ भारतीयों का बरसों पुराना सपना है। मोदी ने कहा कि इसके पहले भारत 2029 में होने जा रहे युवा ओलिंपिक के आयोजन भी कराना चाहता है।

### पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल का भंडाफोड़



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के साथ लश्कर-ए-तैयबा के समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। आतंकी मॉड्यूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट्ट संभाल रहा है। उनके कब्जे से दो आईईडी, दो हथगोले, एक 30 बोर पिस्तौल के साथ दो मैगजीन, 24 कारतूस, आठ डेटोनेटर, एक टाइमर स्विच और चार बैटरी भी बरामद की है।

### गुजरात में कथित चोरी के आरोप में दो मजदूरों की हत्या



**राजकोट।** राजकोट के थोराला इलाके में चांदी और नकली आभूषण निर्माण इकाई के मालिक और कर्मचारियों कथित तौर पर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी राहुल शेख (25) और मीनू शेख (26) के रूप में हुई है।

### गांदरबल में गहरी खाई में गिरा ट्रक दो की मौत




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में जोजिला दर्रे पर शनिवार को एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कारगिल से सोनमर्ग जा रहा एक ट्रक जोजिला दर्रे पर मंदिर मोड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और बचाव दल ने उनके शव बरामद कर लिए।

### भारतीय छात्रा वैश्विक कोरियाई भाषी प्रतियोगिता की बनी विजेता

**नई दिल्ली।** द. कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडांग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडांग आउटस्टैंडिंग लर्नर्स इंविटेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा पॉल विजेता चुनी गई है। इसमें 67 देशों से करीब 2,477 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार

# लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश

## इसी माह के आखिर तक केंद्र सरकार को सौप दी जाएगी रिपोर्ट



■ परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक देश एक चुनाव के रास्ते पर आगे बढ़ने की सिफारिश




■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधि आयोग ने एक देश चुनाव, एक चुनाव के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराए जाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट इसी माह के आखिर तक केंद्र सरकार को सौप दी जाएगी। विधि आयोग द्वारा की गई सिफारिश में कहा गया है कि परिसीमन के बाद 2029 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराएं जाएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि चरणबद्ध ढंग से एक देश एक चुनाव को 10 साल में फैलाने से कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए एक झटके में सभी चुनावों को एक साथ करवाना बेहतर विकल्प है। लिहाजा, चुनाव की यह प्रक्रिया तकरीबन 4 से 6 माह तक चल सकती है। इसके साथ ही ऐसा करने से अधिक से अधिक विधानसभाएं एक साथ चुनाव के दायरे में आ जाएंगी। आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी पूरी करने के बाद एक देश एक चुनाव के रास्ते पर आगे बढ़ा जाना चाहिए। इससे लोकसभा और विधानसभा की सीटों का सही–सही पता चल जाएगा और चुनाव आयोग के लिए जरूरी लॉजिस्टिक हेतु फैसले भी लिए जा सकेंगे।

### राज्यों से सहमति लेना कोई जरूरी नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग का यह भी मानना है कि एक देश एक चुनाव के लिए राज्यों से सहमति लेना कोई जरूरी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 368 की धारा 2 के आधार पर आयोग ने यह निष्कर्ष निकाला है।

### सुरक्षा एजेंसियों से लिया फीडबैक

तमाम सुरक्षा एजेंसियों से मिले फीडबैक के बाद कहा गया है कि अगर चुनाव 3 से 6 महीने के तक कराए जाएंगे तो सुरक्षाकर्मियो को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पहुचने में कोई असुविधा नहीं होगी।



जसप्रीत बुमराह चुने गए 'मैन ऑफ द मैच'
7-1-19-2

# भारत की जीत का सिलसिला बरकरार

क्रिकेट विश्वकप

■ पाकिस्तान को सात विकेट से दी शिकस्त

**अहमदाबाद।** विश्वकप कप में भारत ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा दिया है। भारत ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तेलंगाना में छात्रा की आत्महत्या पर बोले राहुल

# ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की हत्या



■ बीआरएस को बीजेपी रिश्तेदार समिति बताया

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक युवती के आत्महत्या करने को लेकर तेलंगाना सरकार और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों की हत्या है। बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति यानी बीआरएस और भाजपा ने मिलकर अपनी नाकामी से राज्य को तबाह कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनते ही सरकार जॉब कैलेंडर जारी करेगी। एक महीने में यूपीएससी की तर्ज पर टीएसपीएससी का पुनर्गठन करेगी और एक साल के भीतर 2 लाख सरकारी पदों को भरेगी। ये कांग्रेस पार्टी की गारंटी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में बार–बार सरकारी परीक्षा के रद्द होने से परेशान 23 साल की एक छात्रा ने हैदराबाद में कथित रूप से आत्महत्या कर ली है।

कांग्रेस ने अडानी को लेकर फिर बोला हमला

## दो हवाई अड्डों के खातों की जांच को बताया छलावा

कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से अडानी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा मुंबई में अडानी इंटरप्राइजेज के दो हवाई अड्डों के खातों की कथित जांच को आंख में धूल झोकने वाला और दिखावा करार देते हुए पूरे मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी से कराने की मांग की। अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी समूह के खिलाफ अनियमितताओं और स्टॉक मूल्य में हेरफेर के आरोप लगाए गए थे।

# इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर पहुंची दूसरी उड़ान

दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया



**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल के तेल अवीव से ऑपरेशन अजय के तहत 235 भारतीय नागरिकों को लेकर दूसरी चार्टर उड़ान शनिवार सुबह

ऑपरेशन अजय

राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'ऑपरेशन अजय' के तहत दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया है। तेल अवीव से दूसरी उडान 235 नागरिकों को लेकर कल रात रवाना हुई थी। केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने आज सुबह हवाईअड्डे से बाहर निकल रहे सभी 235 भारतीय नागरिकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इजराइल में काम करने वाले इन 235 यात्रियों ने भारत सरकार की पहल की भूरी–भूरी सराहना की। इससे पहले शुक्रवार को 212 यात्रियों के साथ पहली उड़ान दिल्ली पहुंची थी। सभी यात्रियों ने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

**इजराइल में रह रहे 18,000 भारतीय**

इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया। इजरायल में फंसे करीब 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन अजय' में दूतावास की सहायता और नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है।

## इजराइल पर हमले का कमांडर मारा गया

गाजा में 20 लाख लोगों की जिंदगी को खतरा

**तेल अवीव ।** इजराइल और हमास की जंग के आठवें दिन इजराइली सेना ने बताया है कि उन्होंने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले को लीड करने वाले कमांडर अली कादी को मार गिराया है। अली कादी को मारने का काम इजराइल की इंटरनल इटेलिजेंस एजेंसी शिन बेत ने किया है। आज सेना के हमले में मारा जाने वाला ये हमास का दूसरा कमांडर है। इसके पहले हमास का एयरफोर्स कमांडर मार गया था।

**24 घंटे में 320 लोगों की मौत**

इजराइल ने रात भर गाजा पर बम बरसाए। इससे वहां 24 घंटे में 320 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने गाजा की तरफ वाटर और इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई को रोक दिया था। इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इससे 20 लाख लोगों की जिंदगी दांव पर लगी है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन करेंगे : नार्वेकर

## कानूनी सलाह लेकर करेंगे कार्रवाई



विधायक अयोग्यता मामला

**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी पर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह आदेश की प्रति का अध्ययन करेंगे और कानूनी सलाह लेने के बाद उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। नार्वेकर ने कहा, 'मुझे उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति मिली है। आदेश की प्रति का अध्ययन करने और कानूनी सलाह लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' सर्वोच्च न्यायालय की ओर से अयोग्यता के मामले पर फैसले की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अदालत ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। उसके द्वारा केवल नोटिस संबंधी मुद्दे दिए गए हैं। इसमें समय सीमा के बारे में कहीं नहीं लिखा है।

### सुनवाई में देरी पर विपक्ष हमलावर

महाराष्ट्र के विपक्षी दलों एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर निशाना साधा। विपक्षी नेताओं ने शिवसेना एवं एनसीपी के बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर निर्णय में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें इस मामले पर एक समय-सीमा के भीतर फैसला करना चाहिए।

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

# हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस'



■ चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर ने की थी सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है।

यह फैसला चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का जश्न मनाने के लिए की गई है। इसको लेकर एक अधिसूचना भी जारी की गई गई है। अंतरिक्ष विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया, '23 अगस्त, 2023 को विक्रम लैंडर की लैंडिंग और चंद्रमा की सतह पर प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान -2023 मिशन की सफलता के साथ भारत अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया, जो चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला राष्ट्र बन गया। इस ऐतिहासिक मिशन के परिणाम आने वाले वर्षों में मानव जाति को लाभान्वित करेंगे। इसमें आगे कहा गया, यह दिन अंतरिक्ष मिशनों में देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# भारत व श्रीलंका के बीच नौका सेवा शुरू

110 किमी की दूरी करीब साढ़े तीन घंटे में तय करेगी

**चेन्नई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत एवं श्रीलंका के बीच तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा शनिवार से प्रारंभ हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस सेवा की शुरुआत की। नौका तमिलनाडु के नागापट्टिनम बंदरगाह से द्वीप राष्ट्र श्रीलंका में कांकेसंथुरई के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। नौका सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है।

बीमारी | *अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दावा*

# कोराना की दूसरी लहर में हुई 12 गुना ज्यादा मरीजों की मौत

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरोना की दूसरी लही कितनी मारक थी इसको लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। संस्थान के चिकित्सकों के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोरोना की दूसरी लहर इसकी पहली लहर की तुलना में कहीं ज्यादा घातक थी और इस दौरान 12 गुना ज्यादा मौतें हुई थीं।**



■ 61.1 फीसदी मृतक पुरानी बीमारी से थे ग्रसित

■ दूसरी लहर में भर्ती 20.3 फीसदी मरीजों की मौत

अध्ययन में कहा गया है कि कोराना की दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को कोई पुरानी बीमारी थी। मतलब बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी जान गई जिन्हें कोई बीमारी नहीं थी।

हाल ही में क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपे इस अध्ययन में बताया गया कि कोरोना के दौरान एम्स ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान को कोविड अस्पताल बनाया था और कोरोना की पहली लहर मार्च 2020 से दिसम्बर 2020 के बीच इस अस्पताल में 6233 और अप्रैल 2021 से जून 2021 के बीच 2080 मरीज भर्ती हुए थे। पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत हुई। जबकि दूसरी लहर के दौरान 20.3 फीसदी मरीजों की मौत हुई। पहली लहर में कोराना तकरीबन डेढ़ फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना था। जबकि दूसरी लहर में सह 17.7 फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना। अध्ययन में दावा किया गया है कि कोराना की पहली लहर में 90.4 फीसदी मृतकों को कोरोना के अलावा दूसरी गंभीर बीमारी भी थी। लेकिन दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को ही अन्य गंभीर भी बीमारी भी थी। यानि बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी मौत जिन्हें पहले कोई बीमारी नहीं थी।

### 42.8 फीसदी को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी

कोरोना की पहली लहर में महज 9.6 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी थी। जबकि दूसरी लहर के दौरान 42.8 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी। यानि दूसरी लहर में तकरीबन साढे गुना ज्यादा मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी।

# देश

**उवाच**

जलवायु परिवर्तन हमारे समय की एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभर रहा है। बाजरा प्राचीन काल से ही आदिवासी किसानों की पारंपरिक फसल रही है। वे जलवायु के प्रति लचीले और पोषण का पावरहाउस हैं।

–नवीन पटनायक,ओडिशा के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 26.0 |
| मुंबई | 33.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# सामूहिक प्रयास से ही वैश्विक समस्याओं का हो सकता है समाधान : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जी-20 देशों के संसदीय पीठासीन अधिकारियों का नौवां पी-20 सम्मेलन हरित ऊर्जा, महिला नीत विकास, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करने के संकल्प के साथ शनिवार को यहां संपन्न हो गया। शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ। लोस अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन में हमने जिन विषयों पर चर्चा की, वे एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि समग्र विश्व की हैं। इसीलिए वैश्विक समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से ही हो सकता है। विधायी संस्थाएं

■ **लोस अध्यक्ष ने नौवे पी-20 सम्मेलन के समापन सत्र को किया संबोधित**

होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम अपने अपने देशों में इन चुनौतियों पर गहन चर्चा संवाद करें, अपने निर्वाचकों में इनके प्रति जागरूकता का निर्माण करें और इनपर व्यापक जनमत बनाएं। समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसद विषय पर आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन




**संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकार किए जाने से पी-20 प्रक्रिया और मजबूत हुई है : ओम बिरला**

की सफलता में योगदान देने के लिए जी-20 देशों की संसदों और आमंत्रित देशों के पीठासीन अधिकारियों देशों को धन्यवाद दिया। राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश, अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष, दुआर्ते पचेको जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसद विषय पर आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान देने के लिए जी-20 देशों की संसदों और आमंत्रित देशों के पीठासीन अधिकारियों देशों को धन्यवाद दिया। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकार किए जाने से पी-20 प्रक्रिया और मजबूत हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसडीजी, हरित ऊर्जा, महिलाओं के नेतृत्व में विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विषयों पर आयोजित चार सत्रों में प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्त अमूल्य विचारों से जी-20 प्रक्रिया और मजबूत होगी और जन केंद्रित विकास में मदद मिलेगी। जी-20 के संसदीय आयाम का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि पिछले दो दिनों में हुई चर्चाओं से जी-20 के संसदीय आयाम का महत्व स्पष्ट रूप से सामने आया है और यह भी सिद्ध हुआ है कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संसदें कैसे मिलकर काम कर सकती हैं। पी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने रूसी संघ की फेडरल असेंबली की फेडरेशन काउंसिल की स्पीकर वेलेंटीना मतवियेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

## रूसी संसद के अध्यक्ष मेटवीनको ने की बिरला से मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को यहां रूसी संसद के अध्यक्ष वेलेंटीना मेटवीनको से भेंट की। जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें पी-20 सम्मेलन से इतर यशोभूमि में हुई इस मुलाकात के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने पी-20 सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान के लिए मेटवीनको को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के लंबे समय से गहरे संबंध रहे हैं तथा दोनों देश संकट और मुसीबत की घड़ी में साथ खड़े रहे हैं।



## झारखंड में पांच नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**रांची,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के चतरा जिले की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के पांच बड़े कमांडरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। इन नक्सलियों ने बीते महीनों में रेलवे और कोयले की कई परियोजनाओं पर हमला किया था। चतरा के एसपी राकेश रंजन ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-56 राइफल, एक सेमी ऑटोमैटिक एसएलआर राइफल, एक यूएस मेड रायफल, एक 315 बोल्ट रायफल, 275 राउंड जिंदा गोली, दो देसी कट्टा, पांच मैगजीन, 10 मोबाइल फोन और टीपीसी का पोस्टर बरामद किया है। जिन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से दो प्रभात उर्फ विरासत उर्फ प्रेम कुमार गंझू और विशु उर्फ अशोक गंझू का संगठन में सब जोनल कमांडर का ओहदा था। तीन हार्डकोर नक्सलियों अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता और जितेंद्र कुमार रजक को गिरफ्तार किया गया है।

■ **हथियारों का जखीरा बरामद**

# जम्मू-कश्मीर में डीएसपी रैंक के तबादलों पर गृह विभाग ने लगाई रोक

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह और गृह विभाग के बीच उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अफसरों के तबादलों को लेकर पिछले कुछ समय से चल रही खींचतान के बीच आए फरमान ने सभी को चौंका दिया है। गृह विभाग ने डीजीपी के किसी भी डीएसपी का तबादला करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह लिखित आदेश ऐसे समय में आया है जब डीजीपी के सेवानिवृत्त होने में सिर्फ 17 दिन शेष हैं। यानी 17 दिन पहले उनके अधिकार रिटायर कर दिए गए हैं। गृह विभाग के आदेश में डीजीपी को पिछले तीन माह में समय पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले डीएसपी रैंक अफसरों की सूची देने को भी कहा गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा है कि गृह विभाग को सूचित किए बिना और अनुमति लिए बिना किसी डीएसपी का तबादला नहीं करेंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें पहले गृह विभाग के पास प्रस्ताव भेजना होगा। बता दें कि मौजूदा डीजीपी दिलबाग सिंह इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसकी अधिसूचना भी पहले ही जारी हो चुकी है। सेवानिवृत्ति से सिर्फ 17 दिन पहले गृह विभाग के इस आदेश से कयासों का बाजार गरम है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब किसी डीजीपी स्तर के अधिकारी के सेवानिवृत्त होने से पहले उसके अधिकार सीमित कर दिए गए हों। सितम्बर 2018 में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक एसपी वैद की सेवानिवृत्ति से तीन माह पहले उस समय के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने उनके अधिकारों में कटौती कर दी थी। इसमें ऑपरेशनल फंड को मंजूरी देने का अधिकार भी शामिल था। इतना ही नहीं, वैद के कुछ अहम अधिकार उनसे लेकर उनके कनिष्ठ मुनीर खान को सौंप दिए गए थे। लेकिन, दिलबाग सिंह के मामले में यह पहली बार हुआ है जब अधिकारों में कटौती का लिखित आदेश जारी किया गया है।



**डीजीपी दिलबाग सिंह इसी माह 31 अक्टूबर को हो रहे हैं सेवानिवृत्त**

### पहले भी तबादला सूची पर उठे थे सवाल

बता दें कि कुछ महीने पहले गृह विभाग ने पुलिस महकमे के 30 से ज्यादा डीएसपी रैंक अफसरों के तबादले किए थे। तब भी काफी चर्चाएं हुईं। क्योंकि इसके पहले कभी भी प्रदेश में डीएसपी रैंक के तबादले गृह विभाग ने नहीं किए थे। डीजीपी के स्तर पर ही यह तबादले होते थे। हालांकि बाद में डीजीपी ने भी कुछ डीएसपी के तबादले किए थे। इस पर उप राज्यपाल प्रशासन ने तबादला सूची को रोक दिया था। बाद में कुछ संशोधनों के साथ यह तबादला आदेश जारी किया गया।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने की दुआर्ते पचेको से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को अंतर संसदीय संघ के अध्यक्ष दुआर्ते पचेको के साथ द्विपक्षीय बैठक की और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। धनखड़ और पचेको की यह बैठक यहां यशोभूमि में जी-20 के सदस्य देशों के संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन पी-20 के दौरान अलग से हुई। दोनों नेताओं की बैठक में अंतर संसदीय सहयोग और विभिन्न देशों की संसदों के बीच अंतर संसदीय संघ की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। धनखड़ और पचेको ने वैश्विक मुद्दों समेत समसामयिक वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की।

### भुजबल को धमकी भरा संदेश अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल के व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। भुजबल को उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश मिला। धमकी भरे संदेश में कहा गया, तुम ज्यादा दिन नहीं रहोगे...सुधर हो जाओ, नहीं तो हम तुम्हें देख लेंगे। अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी व्हाट्सएप पर उपलब्ध है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही है।

### केरल में आटो रिक्शा में लगी आग, दो की मौत

**कन्नूर।** केरल के कादिरूर शहर के पास ऑटोरिक्शा के बस से टकराने के बाद उसमें लगी आग से जलकर दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 20:30 बजे उस समय हुई जब आटोरिक्शा बस से टकराने के बाद पलट गया और उसमें आग लगी। घटना में दो लोगों की जलकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग ने सीएनजी सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया। बाद में स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन कर्मियों सूचना दी और वे मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### प्रवल्लिका की आत्महत्या मामले की मांगी रिपोर्ट

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल डॉ.तमिलिसाई सुंदरराजन ने प्रवल्लिका की आत्महत्या के मामले में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव को 48 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डॉ.सुंदरराजन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही 23 वर्षीय उम्मीदवार प्रवल्लिका के आत्महत्या करने को लेकर, उसके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## गुजरात में चोरी के आरोप में दो प्रवासी मजदूरों की हत्या

**राजकोट,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट के थोराला इलाके में चांदी और नकली आभूषण निर्माण इकाई के मालिक और कर्मचारियों कथित तौर पर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी राहुल शेख (25) और मीनू शेख (26) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना 12 अक्टूबर को हुई और जांच अभी भी जारी है। चांदी की चोरी के संदेह में राहुल और मीनू को फैक्ट्री की ऊपरी मंजिल पर बुलाया गया, जहां उन्हें कथित तौर पर लकड़ी और प्लास्टिक के डंडों से पीटा गया। बेहोश होने के बाद उन्हें सुरक्षा गार्ड के कमरे में बंद कर दिया गया।

आरोपी लोगों के मुताबिक, राहुल को सात महीने पहले चांदी चोरी के संदेह में फैक्ट्री से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि, घटना से ठीक दस दिन पहले उन्हें दोबारा काम पर रखा गया था। जब चांदी के स्टॉक में विसंगतियों का पता चला तो उनसे पूछताछ की गई और बाद में उन पर हमला किया गया। अधिकारियों ने पूछताछ के लिए सात लोगों को हिरासत में लिया है। जिनमें फैक्ट्री के मालिक सागर सावलिया, प्रबंधक विपुल मोलिया और फैक्ट्री कर्मचारी हिमालय और धवल शामिल हैं। इसके अलावा, प्रवासी मजदूरों को लाने के लिए जिम्मेदार दो ठेकेदार तन्मय और प्रदीप के साथ-साथ फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र को भी हिरासत में ले लिया गया है। अपराध तब सामने आया जब 108 एम्बुलेंस सेवा को शुक्रवार सुबह एक कॉल मिली, जिसमें उन्हें दो बेहोश मजदूरों के बारे में सूचित किया गया। जांच करने पर, मेडिकल टीम ने पाया कि राहुल और मीनू पहले ही मर चुके थे और पैरामेडिक्स ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पीड़ितों की प्रारंभिक जांच में उनके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मामले की पूर्ण पैमाने पर जांच शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया।

### कांग्रेस ने बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

# रोजगार के नाम पर किए केवल घोटाले

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 18 वर्ष के शासन में बेरोजगारी चरम पर है, भर्ती घोटाले हो रहे हैं और छात्र आत्महत्या जैसे जघन्य कदम उठाने को मजबूर हैं इसलिए प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और सरकार बनाने के बाद कांग्रेस लोगों की भावनाओं पर खरी उतरेगी। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में आए दिन परीक्षा जैसे घोटाले आए दिन हो रहे हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं की कमर तोड़ कर रख दी है।

उन्होंने कहा मध्य प्रदेश में भाजपा ने रोजगार के नाम पर केवल घोटाले किए हैं। राज्य के लोगों ने पिछले 18 साल में भयानक बेरोजगारी, छात्रों की आत्महत्याओं और घोटालों का शर्मनाक युग देखा है। राज्य में भाजपा के संरक्षण में तमाम माफिया फलते-फूलते रहें, इस



**बेरोजगारी, परीक्षा घोटाले ने तोड़ी प्रदेश के युवाओं की कमर : शोभा ओझा**

कारण सरकारी नौकरियां घोटालों के भेंट चढ़ गई। ओझा ने कहा मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पिछले 18 वर्ष में निवेश के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है।

ग्लोबल इन्वेस्टर मीट जैसे इवेंट्स में करोड़ो रुपए पानी की तरह बहाया गया लेकिन निवेश के नाम पर कुछ नहीं आया।मध्य प्रदेश का युवा केवल सरकारी नौकरी नहीं बल्कि प्राइवेट नौकरी से भी वंचित रहा। शर्मनाक है कि राज्य में 17 हजार छात्रों और बेरोजगार ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा की हालत खस्ता है। राज्य में 70 लाख युवा ऐसे हैं, जो उच्च शिक्षा से वंचित हैं। यही नहीं, स्कूली शिक्षा की हालत बहुत ही दयनीय है। राज्य के 2600 से ज्यादा स्कूलों में कोई भी शिक्षक नहीं है। करीब 7700 ऐसे स्कूल हैं, जहां केवल एक शिक्षक है जबकि 50,000 शिक्षकों के पद खाली हैं। राज्य में घोटालों की भी एक पूरी कड़ी है। जैसे- व्यापम घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला, नर्सिंग घोटाला जैसे कई घोटाले सामने आए हैं।

मध्य प्रदेश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं के भविष्य को लेकर कांग्रेस बेहद संवेदनशील है।

### अधिकारियों की रिपोर्ट खराब कर रही भाजपा : दिग्विजय



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में जो युवा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भाजपा के गैरकानूनी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे, उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पर नकारात्मक मूल्यांकन करके उनका भविष्य खराब किया जा रहा है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, कई ऐसे युवा पुलिस और प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, जिनके अपने वरिष्ठ अधिकारियों और भाजपा के नेताओं के गैरकानूनी निर्देशों का पालन करने से इंकार करने पर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में नकारात्मक मूल्यांकन किया जा रहा है, इससे उनका न केवल रिकॉर्ड खराब होगा, बल्कि उनका भविष्य भी खतरे में आएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने के बाद ऐसे मामलों को देखा जाएगा और सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया जाएगा जहां अधिकारी निडर होकर अपना काम कर सकें।

# सरकारी अस्पतालें में परोसा जा रहा घटिया भोजन : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली ऐसी है कि बलरामपुर के सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं को घटिया क्वॉलिटी का भोजन दिया जा रहा है। मरीज इसे लेने से मना कर रहे हैं। अस्पताली भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब होने से अब मरीज अपने घरों से खाना व नाश्ता मंगाने को मजबूर हैं।

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि यह भी शिकायतें हैं कि समय से नाश्ता-खाना नहीं दिया जा रहा है। मरीजों तक खाना पहुंचना चाहिए पर यहां तो खुद मरीज या तीमारदार लाइन लगाकर भोजन लेते हैं। प्रसूताओं के लिए बने भोजन चार्ट का भी पालन नहीं होता है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में मरीजों को खाना तक नहीं मिल पा रहा है। इससे अधिक और क्या विफलता हो सकती है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि देवरिया में पिछले दिनों 35 बेड पर 52 बच्चों का इलाज होते पाया गया। फिरोजाबाद के अस्पतालों में बेड कम पड़े तो स्ट्रेचर पर लिटा मरीजों को ड्रिप चढ़ाई जा रही थी। लखनऊ में दो प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थान केजीएमयू और लारी अस्पताल में मरीजों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही है।



**प्रसूताओं के लिए बने भोजन चार्ट का भी नहीं होता पालन : अखिलेश यादव**

### बाहर खुले में मरीज व तीमारदार लेटने को मजबूर

सपा अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ के लोहिया अस्पताल में दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों के ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से बाहर खुले में मरीज और तीमारदार लेटने को मजबूर हैं। इस अस्पताल की इमरजेंसी की गैलरी में मरीज सोते देखे गए हैं। मरीज की जांच नहीं होने से बीमार खुले में मच्छर भगाने की अगरबत्ती जलाकर लेटते हैं। इन दिनों डेंगू और वायरल फीवर का बड़ा जोर है। अस्पतालों में इनके मरीजों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हैं। इससे भाजपा सरकार की पोल खुल रही है।

## पश्चिम बंगाल व सिक्किम में सीबीआई की छापेमारी

**कोलकाता,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम में पासपोर्ट घोटाले मामले की जांच के लिए छापेमारी की है। यह छापेमारी गैंगटोक समेत 50 विभिन्न इलाकों में मारी गई है। सीबीआई ने फर्जी पासपोर्ट और दस्तावेज जारी करने के मामले में अब तक सरकारी अधिकारियों समेत 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने गैंगटोक में तैनात एक अधिकारी और एक बिचौलिए को हिरासत में लिया है। एफआईआर में दर्ज 24 लोगों में 16 अधिकारियों का भी नाम शामिल है। फिलहाल कोलकाता, सिलिगुड़ी, गंगटोक और अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

■ **20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

# बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट अव्यवहारिक : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद इसमें विसंगति के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी बीच राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के नेताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में राज भवन मार्च किया। कुशवाहा ने गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मार्च की शुरुआत की। मार्च में शामिल लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। प्रशासन ने सर्वप्रथम जेपी गोलम्बर पर ही राजभवन मार्च को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता आगे बढ़ते चले गए। मार्च जैसे ही डाकबंगला चौराहा पहुंचा प्रशासन ने पूरी घेराबंदी कर राज भवन मार्च में शामिल लोगों को रोक दिया। प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद उपेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य नेता वहीं धरने पर बैठ गए। कुशवाहा ने कहा की राज्य सरकार ने जो जातीय आंकड़े प्रकाशित किये हैं, वह पूरी तरह से ना सिर्फ अव्यवहारिक हैं बल्कि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का अन्य पिछड़ी, अतिपिछड़ी जातियों के खिलाफ एक गहरी साजिश है।

उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों में सुधार करने की मांग को लेकर ही हम लोग राज्यपाल को ज्ञापन सौपने जा रहे हैं। बाद में दंडाधिकारी के संरक्षण में पार्टी के 15 सदस्यीय एक शिष्टमंडल को राज भवन में जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।




**रालोजद नेताओं ने राजभवन मार्च किया**

**चिंता** *कमजोर मानसून के कारण कृषि क्षेत्र हुआ बुरी तरह प्रभावित*

# खेतों में खड़ी फसले हुईं काफी प्रभावित, जलाशयों का गिरा स्तर

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कृषि क्षेत्र को दक्षिण-पश्चिम मानसून से काफी नुकसान हुआ है। खड़ी फसले इससे काफी प्रभावित हुई हैं, साथ ही इस साल दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फसलों के तहत बोए गए क्षेत्र में भी कमी आई है। देश का आधे से अधिक कृषि क्षेत्र फसल उगाने के लिए बारिश पर निर्भर करता है इससे आगे और अधिक।**

परेशानी हो सकती है क्योंकि अंतर को भरने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए अब महंगे आयात का सहारा लेना पड़ सकता है। कम बारिश के कारण दालों की खेती का रकबा करीब 9 फीसदी कम हो गया है, जबकि सूरजमुखी का रकबा 65 फीसदी तक गिर गया है। उड़द, मूंग और अरहर जैसी दालों का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.41 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इसी तरह तिलहन का रकबा 3.16 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इस साल राज्यों में लगभग 8.68 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र बाढ़ या भारी वर्षा से प्रभावित होने की सूचना है। खरीफ फसलों की कटाई शुरू हो गई है और आने वाले हफ्तों में कुल उत्पादन में नुकसान की सीमा स्पष्ट हो जाएगी।



■ **दालों की खेती का रकबा नौ फीसदी हुआ कम**

जून में मानसून देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद जुलाई में अधिक बारिश हुई, उसके बाद अगस्त में कमी हुई और फिर सितम्बर में पंजाब और हरियाणा जैसे देश के कुछ हिस्सों में फिर से अधिक बारिश हुई, जिससे खड़ी फसल पर असर पड़ा। इसके चलते सब्जियों, खासकर टमाटर और प्याज की कीमतों में भारी वृद्धि हुई, जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और घरेलू बजट बढ़ गया। किसानों की आय में गिरावट का उद्योग पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा, क्योंकि महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले ट्रैक्टरों और हीरो मोटोकॉर्प और बजाज जैसी ऑटो प्रमुखों द्वारा विपणन किए जाने वाले दोपहिया वाहनों की मांग में कमी आई है, जो हाल के महीनों में मासिक बिक्री संख्या में गिरावट से परिलक्षित होता है। खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। सरकार के वाहन पोर्टल में संकलित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2023 में फार्म ट्रैक्टरों के केवल 49,007 पंजीकरण हुए, जो अगस्त में 68,431 और जुलाई में 84,473 थे। चावल, गेहूं, दालों और मसालों की बढ़ती कीमतें चिंता का कारण बनकर उभरी हैं। खुदरा मुद्रास्फीति के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि सब्जियों और खाना पकाने के तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 6.56 प्रतिशत हो गई है, लेकिन दालों की कीमतें 16.38 प्रतिशत बढ़ गईं, जबकि मसालों की कीमतें 23.06 प्रतिशत बढ़ गईं।

अनाज की कीमतें 10.95 फीसदी बढ़ गईं। सरकार ने गेहूं और गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए भी हस्तक्षेप किया।

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?



# धूल प्रदूषण को लेकर सरकार गंभीर : राय

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता में गिरावट के बीच, दिल्ली सरकार ने शनिवार को कहा कि आप सरकार धूल प्रदूषण को लेकर गंभीर है और टीमों ने एंटी डस्ट कैंपेन के तहत निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि शहर में एंटी डस्ट कैंपेन के तहत टीमों द्वारा 1,108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया है।



निर्माण स्थलों पर जारी दिशा निर्देशों के उल्लंघन के लिए 21 साइटों को नोटिस : गोपाल राय

## टीमों ने 1,108 निर्माण स्थलों का किया निरीक्षण

उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर जारी दिशा निर्देशों के उल्लंघन के लिए 21 साइटों को नोटिस या चालान जारी किए गए और 8.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। एंटी डस्ट कैंपेन के तहत 13 विभागों यानी डीडीए, एमसीडी, डीपीसीसी, डीसीबी, जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, दिल्ली मेट्रो, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी आदि की 591 टीमों का गठन किया गया है।

### निर्माण स्थलों पर 14 धूल-विरोधी मानदंडों का पालन करना आवश्यक

मंत्री ने कहा कि निर्माण स्थलों पर सभी 14 धूल-विरोधी मानदंडों का पालन करना आवश्यक है, अन्यथा उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी और उसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से सरकार शहर के हालात पर नजर रख रही है। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों के सहयोग से प्रदूषण कम करने में सफल रही है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है जैसे एंटी डस्ट कैंपेन, बायो डीकंपोजर का छिड़काव, मोबाइल एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव अभियान आदि। उन्होंने कहा कि टीमें लगातार निर्माण स्थलों का दौरा कर रही हैं और ये टीमें यह सुनिश्चित करेंगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशानिर्देशों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर 14 मानक लागू करना अनिवार्य है। यह अभियान 7 अक्टूबर को शुरू किया गया था और 7 नवंबर तक चलेगा।

यदि कोई साइट धूल नियंत्रण के नियमों का पालन नहीं करती है तो उसके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्माण स्थलों पर नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर गंभीर उल्लंघन हुआ तो निर्माण स्थल बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को एंटी डस्ट कैंपेन के संबंध में टीमों से हर दिन रिपोर्ट लेने के भी निर्देश दिए। राय ने कहा कि टीमों को लगातार स्थलों का निरीक्षण करने और निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से भी अपील की कि अगर उन्हें निर्माण या तोड़फोड़ के काम में कोई अनियमितता मिलती है तो वे इसकी शिकायत ग्रीन दिल्ली ऐप पर करें।

## एलजी ने हरियाणा-पंजाब के मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने दोनों पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में खतरनाक वृद्धि के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली में 2 करोड़ से अधिक लोगों के साथ संसद, सुप्रीम कोर्ट और कई राजनयिक मिशनों का घर है, यहां शिखर सम्मेलनों और सम्मेलनों में भाग लेने वाले आगंतुक, पर्यटक और राजनयिक भी आते हैं। ये सभी मुख्य रूप से पराली जलाने से उत्पन्न धुएं और स्मॉग के कारण होने वाले दुर्बल वायु प्रदूषण के परिणाम भुगतते हैं। वीके सक्सेना ने पिछले साल फसल अवशेष जलाने को नियंत्रित करने में हरियाणा के प्रयासों की सराहना की, जिसने दिल्ली में वायु गुणवत्ता के मुद्दों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, चालू वर्ष के चिंताजनक आंकड़े गहरी चिंता पैदा कर रहे हैं। अकेले हरियाणा में 15 सितंबर से 11 अक्टूबर के बीच फसल अवशेष जलाने के 340 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 2022 में इसी अवधि के दौरान 83 मामलों से काफी अधिक हैं। इसी तरह, पंजाब में इन तारीखों के बीच, फसल अवशेष जलाने के 1,063 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 300 मामलों की वृद्धि है।

# चुनाव आयोग ने 260 जरूरी चीजों के कर दिए दाम तय




**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही उम्मीदवारों ने अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी दलों के उम्मीदवार जनबल के साथ ही धनबल का जलवा भी दिखाना शुरू कर दिया है। इस बीच चुनाव आयोग ने चुनाव में इस्तेमाल होने वाले 260 वस्तुओं के दाम तय कर अपना इरादा साफ कर दिया है कि जांच में तय सीमा से ज्यादा धन खर्च करने वाले मुशीबत में पड सकते है। आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक अगर कोई उम्मीदवार 40 लाख की तय सीमा से अधिक धन खर्च करता है तो उसे जांच के दायरे में लाया जाएगा। हर उम्मीदवार को खाने की चीजों, चुनावी रैलियों, रोड शो और आतिशबाजी सहित तमाम वस्तुओं पर किए गए अपने खर्च का आडिट कराना होगा। सूची में सभी सामान के साथ ग्राफिक्स, इलेक्टॉनिक सामान, प्रिटिंग, फोटोकापी सहित अन्य सभी वस्तुओं और सेवाओं को शामिल किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा तय किए दर के मुताबिक सोनपापडी 225 रुपए, मिल्क केक 484 रुपए, बादाम बर्फी 460 रुपए, काजू-कतली 869 रुपए और गुलाब जामुन का मूल्य 435 रुपए तय किया गया है। बंगाली मिठाई 470 रुपए,

**पांच की चाय और दस की माला**

बंगाली मिठाई स्पेशल 495 रुपए और खाने के पैकेट के लिए 40 रुपए से ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा समोसा-कचौरी के लिए 10 रुपए, कटिंग चाय 5 रुपए, पोहा 12 रुपए, आलू बड़ा 19 रुपए, कॉफी 15 रुपए व थाली 80 रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। जबकि पानी की बोतल 5,10 और 20 रुपए, साधारण छोटी माला 10 रुपए, विशेष माला 25 रुपए व बडी माला का दाम 700 रुपए तय किया गया है। वहीं प्रचार के लिए वाहनों में 24 घंटे लाउडस्पीकर बजाने के लिए 2500 रुपए, ऑटो मे साउंड सिस्टम के लिए 2000 रुपए तय किए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 11 लड़कों को मुक्त कराया



**नई दिल्ली।** बच्चों को बचाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 14 पर रेस्क्यू अभियान के तहत 11 लड़कों को मुक्त कराया गया। उन्हें रेलवे स्टेशन थाने लाया गया तथा एक्सपर्ट की मदद से उन बच्चों की काउंसलिंग की गई। इन सभी की उम्र 10 से 17 साल के बीच है। उन्हें डीएमआरसी होम फॉर बॉयज तीस हजारी में नाइट प्रोटेक्टिव स्टे में रखा गया है। सहयोग केयर फॉर यू संस्था के डायरेक्टर शेखर महाजन ने कहा कि ऐसे ट्रैफिक कर बच्चों को बिल्कुल किसी भी स्थिति में लेकर आते हैं और कम से कम मुआवजे में इनको काम पर लगाते हैं क्योंकि इन बच्चों के माता-पिता को पहले ही वह पैसों का लालच देकर के उनको ट्रैफिकिंग करते हैं और अपने फैक्ट्रियों में काम करवाते हैं जिससे बच्चों की दशा और उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जरूरत है गैर सरकारी संस्थाएं और सरकारी विभाग सखती से हर कदम पर ऐसे बच्चों के बचाव किया का ध्यान करे और इस में शामिल अपराधियों को दंडित करवाने का जिम्मा ले।

### सॉल्व फॉर टुमारो 2023 की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सैमसंग इंडिया ने अपनी युवा शिक्षा और इन्नोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो 2023 की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की। विजेता टीमों में एनआईटी सूरत, जिसने स्वीप नामक के ऑटोमेटेड बीच-क्लीनिंग रोबोट विकसित किया, स्टेमली, जिसने महिलाओं को स्टेम का चुनाव करने में मदद के लिए एक बातचीत करने वाला एआई टूल विकसित किया, और थिंक, जिसने बाहर काम करने वालों के लिए कवच नाम का एक पर्सनल कूलिंग डिवाइस बनाया है, शामिल हैं। तीनों टीमों ने अपने आइडिया को और बेहतर बनाने और उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए 1.5 करोड़ रुपए की कुल पुरस्कार राशि हासिल की। प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो का लक्ष्य देश के युवाओं को वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने और अपने इन्नोवेटिव आइडिया के साथ लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना है। विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा कि युवाओं में लीक से हटकर सोचने और जीवन में इन्नोवेशन लाने की शक्ति होती है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो इस सोच को पोषित करने का एक मंच है और हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि युवा इन्नोवेटर्स के भीतर दुनिया को बदलने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने की महत्वाकांक्षा है।

### एक्सिस बैंक ने अपनी स्पर्श वीक पहल की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** ग्राहकोन्मुखता के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से, भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने स्पर्श वीक लॉन्च किया है, जो बैंक और इसके ग्राहकों के बीच के रिश्ते को मजबूत करने पर केंद्रित कार्यक्रम है। इस पहल के अंतर्गत, बैंक ने ग्राहकोन्मुखता की भावना और वादे को बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों के लिए आकर्षक श्रंखलाबद्ध ग्राहक-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की है। स्पर्श वीक 2023 की पहल पर एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक सुब्रत मोहंती ने बताया कि एक्सिस बैंक में, हम दिल से ओपन हैं और हम ग्राहकों को सर्वोत्तम कोटि की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शिक्षा क्रांति लाने में मेंटर शिक्षकों का है महत्वपूर्ण योगदान : आतिशी

**एमसीडी स्कूलों के बच्चों की जिन्दगी में अहम बदलाव लाने पर दिया जोर**

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षा मंत्री आतिशी ने देश के विभिन्न हिस्सों से मौजूद प्रख्यात शैक्षिक संस्थाओं से एक्सपोजर विजिट कर लौटे एमसीडी स्कूलों के मेंटर टीचर्स से बातचीत की व विजिट के उनके अनुभवों को जाना। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दिशा में अब हम एमसीडी स्कूलों के अपने मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे है ताकि वो एमसीडी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को वर्ल्ड क्लास बनाए और लाखों बच्चों की जिन्दगी में अहम् बदलाव लाए। इस दिशा में एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों को और



शैक्षणिक सहायता प्रदान कर रहे इन मेंटर टीचर्स के लिए ये एक्सपोज़र विजिट बेहद महत्वपूर्ण है,जहां ये सीखने-सिखाने के नए और अनूठे तरीक़ों के जानकर एमसीडी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर में सुधार लाने में बड़ी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि देशभर के जाने-माने शैक्षिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद हमारे मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है और इस उत्साह के साथ वे अपनी कक्षाओं में पढाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सीखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के बाद अब एमसीडी स्कूलों में भी शिक्षा क्रांति लाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों का प्रोफेशनल डेवलपमेंट हो सके और वे अपने क्लास में सबसे बेहतरीन सीखने-सीखाने के तरीकों को अपना सके। इस दिशा में केजरीवाल सरकार की राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् एससीईआरटी एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों को देशभर के नामी संस्थानों में सीखने के लिए भेज रही है।

# रामाकृष्ण मिशन पहाड़गंज से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पहाड़गंज अग्रवाल महासभा (पं.) द्वारा श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा रामाकृष्ण मिशन पहाड़गंज से निकाली गई। यह शोभा यात्रा पिछले करीब 34 वर्षो से पहाड़गंज के अग्रवाल समाज द्वारा निकाली जाती है यात्रा हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी रामाकृष्ण मिशन से शुरू होकर, पंचकुइया रोड़, नेहरू बाजार, मेन बाजार, डी बी गुप्ता रोड़ से होते हुए चूना मंडी इंपीरियल चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में पहाड़गंज के सभी अग्रवाल समाज के लोगो के साथ साथ दिल्ली की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के लोग सम्मिलित हुए सम्मिलित सदस्यों में बड़ी पंचायत के महामंत्री सुमन गुप्ता वैश्य संगठन सभा से अशोक गोयल, गणपत गोयल, शिव



कुमार, पुनीत गोयल इत्यादि थे। इन गणमान्य व्यक्तियों के अलावा विधायक विशेष रवि, विजय मेहरा, ललित अग्रवाल, भूपेश गुप्ता मीडिया सहलाकार आदि अनेक महानुभाव उपस्थित थे। इस शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल समाज के प्रधान राधा कृष्ण बंसल, महामंत्री अशोक कुमार व संयोजक और कोषाध्यक्ष नितिन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पूर्ण हुआ। शोभा यात्रा को सुचारू रूप से चलाने का कार्य महाराजा अग्रसेन मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने बहुत अच्छी तरह से पूर्ण किया। जहां-जहां से शोभा यात्रा निकल रही थी वहा पूरे रास्ते में विभिन्न संस्थाओं के व्यक्ति पुष्प वर्षा से शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे थे और महाराजा अग्रसेन जी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। यह सम्पूर्ण जानकारी संयोजक और कोषाध्यक्ष नितिन कुमार गुप्ता ने दी।

## कुंदन ग्रीन एनर्जी ने आपदा के लिए सीएम फंड में योगदान दिया

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिक्किम में आई बाढ़ से राज्य काफी प्रभावित हुआ है, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग द्वारा राज्य में बाढ़ राहत कार्य चलाया जा रहा है जिसमें कुंदन ग्रीन एनर्जी ने भी अपना योगदान दिया है। कुंदन ग्रीन एनर्जी की सहायक कंपनी कुन्दन हाइड्रो प्रा. लिमिटेड ने गंगटोक में सिक्किम के लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग को 1 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया। सिक्किम के मुख्यमत्री प्रेम सिंह तामांग ने कहा कि कुंदन ग्रीन एनर्जी का योगदान हमारे राज्य सिक्किम में आई आपदा के बाद प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने में काफी सहायक है। कुंदन ग्रीन एनर्जी के इस योगदान की बाढ़ पीड़ित परिवारों की मदद के लिए चल रहे प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका है। कुंदन ग्रीन एनर्जी के डायरेक्टर, उदित गर्ग ने कहा, हम सिक्किम में आई दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा से बहुत दुखी हैं, प्रकृति के इस कहर से सिक्किम को काफी क्षति पहुंची है। कुंदन ग्रीन एनर्जी सिक्किम और उसके लोगों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है और रहेगी। कुंदन ग्रीन एनर्जी की रबम चू साइट सिक्किम के लहोनक झील में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड से प्रभावित हुई थी। भूस्खलन, जलभराव और बुनियादी ढांचे के ढहने के कारण कंपनी के कर्मचारी बिना किसी संपर्क के साइट पर फंसे हुए थे साथ ही उन तक पहुंचना भी काफी मुश्किल हो गया था।



## अवंतिका की मनमोह्क भरतनाट्यम प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का दिल



**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता तेजस्वी शंकर के लिए हाल ही में एक और गर्व का क्षण आया, जब उनकी बहन अवंतिका शंकर ने मंच पर भरतनाट्यम सोलो की शुरुआत की। मौका था शनिवार शाम नई दिल्ली के चिन्मय मिशन ऑडिटोरियम में नाट्य वृक्ष द्वारा आयोजित गुरु गीता चंद्रन की शिष्या अवंतिका शंकर के भरतनाट्यम अरंगेत्रम का। अवंतिका की मनमोहक भरतनाट्यम प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया और खूब तालियां बटोरीं। अवंतिका के साथ गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), के. वेंकटेश्वरन (गायन), मनोहर बालतचंदिरने (मृदंगम), वरुण राजशेखरन (घाटम), और जी. राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) थे। इस अवसर पर, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विपिन सांघी मुख्य अतिथि थे, जबकि राजीव चंद्रन शाम के संयोजक थे। अवंतिका शंकर ने पुष्पांजलि के साथ अपनी प्रस्तुति शुरू की, जिसमें नर्तक ने अरंगम या मंच को प्रणाम किया, जिस पर उसने अपना अरंगेत्रम प्रस्तुत किया।

# अक्षरधाम पर रात में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी शौचालय को लेकर परेशान

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस के जवान रात को वाहन चैकिंग के दौरान लंबी ड्यूटी करते हैं। रात भर पुलिस के जवान आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग करते हैं। लेकिन जिस जगहों पर बेरिगेट लगाकर उन्हें वाहनों की चैकिंग के लिए तैनात किया जाता है वहां न तो कोई शौचालय होता है और न कोई व्यवस्था।




पुलिस कर्मियों को एक बड़ी समस्या से गुजरना पड़ रहा है। आठ से दस घंटे की ड्यूटी के दौरान उन्हें शौचालय जाने के लिए जुगाड़ तलाशनी पड़ती है। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के पास रात को वाहनों की चैकिंग के लिए बेरिगेट लगाकर जवानों को तैनात किया गया है। लेकिन वहां न तो कोई किसी शौचालाय की व्यवस्था की गई है और न कोई प्राइवेट शौचालय है जिससे पुलिस के जवान काफी परेशान हैं। एक पुलिस के जवान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी रहती है।

लेकिन यहां कोई शौचालय नहीं है जिससे हमें काफी परेशानी होती है, जिसके लिए हमें शौचालय जाने के लिए जुगाड़ तलाशनी पड़ती है। सरकार को चाहिए कि ऐसी मूलभूत समस्या को ध्यान में रखते हुए उनकी इस समस्या का निदान करें।

**योजना** — *रेलवे का ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बन कर तैयार*

# तय समय पर सामान पहुंचाएंगी मालगाड़ियां

**नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में माल ढुलाई के लिए तैयार हो रही सबसे बड़ी रेलवे लाइन यानी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर डीएफसी का निर्माण तेजी से पूरा हुआ। भारतीय रेलवे ने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया था कि इससे उनका माल तेजी से सुगमता के साथ एक शहर से दूसरे शहर पहुंच सकेगा। भारतीय रेलवे के डीएफसी कॉरिडोर का ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ईडीएफसी अब 100 प्रतिशत तैयार है। ईडीएफसी पंजाब के लुधियाना से पश्चिम बंगाल के सोननगर तक जाता है। देश के इस बेहद खास कॉरिडोर की लंबाई 1337 किलोमीटर है। ईडीएफसी 51 हजार करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। शुक्रवार को इस बाबत जानकारी देते हुए डेडिकेटेड।**

फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक रवीन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इससे पॉवर हाउसों को कोयले की आपूर्ति जल्दी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ईडीएफस पर हर रोज 140 मालगाड़ियां चलेंगी, जिसमें 70 प्रतिशत मालगाड़ियां कोयले की हैं।

पंजाब, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के पॉवर प्लांटों को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा एक खुशखबरी ये भी है कि रेलवे का वेस्टर्न कॉरिडोर भी 70 प्रतिशत बन चुका है जो इसी वित्तीय वर्ष में 95 प्रतिशत बन कर तैयार हो जाएगा। भारतीय रेलवे का पश्चिमी कॉरिडोर यानी वेस्टर्न कारिडोर खुर्जा से जेएनपीटी मुंबई तक बन रहा है। जैन ने बताया कि सामान्य ट्रैक से दुगनी स्पीड यानी औसतन 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मालगाड़ियां चलेंगी। अभी रेलवे में मालगाड़ियों की औसत रफ्तार 25 किलोमीटर प्रति घंटा है यानी वह 1 घंटे में 25 किलोमीटर ही चल पाती हैं। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर पर सिर्फ मालगाड़ियां ही चलेगी लेकिन इसका फायदा पैसेंजर ट्रेनों को भी होगा क्योंकि सामान्य रेलवे ट्रैक से माल गाड़ियां शिफ्ट हो जाएगी और ट्रैक पर दबाव कम होने से पैसेंजर गाड़ियां भी तेज रफ्तार से दौड़ेंगीं और तय समय पर यात्रियों को पहुंचाएंगी। यात्री गाड़ियों के ट्रैक से माल गाड़ियां कम हो जाएंगी जिससे यात्री गाड़ियों की पंचुएलिटी बढ़ेगी और नई यात्री गाड़ियों के लिए भी ट्रैक की क्षमता बढ़ेगी। साफ है कि आपकी ट्रेनें टाइम पर आएगी और तय वक्त पर आपको सही सलामत आपके डेस्टिनेशन पर पहुंचाएंगी।



■ पंजाब, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के पॉवर प्लांटों को इसका लाभ मिलेगा

## एसजीटी विश्वविद्यालय में टेक्नो-फेस्ट का हुआ समापन

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेक्नो-फेस्ट सिनर्जी-2023, का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा और इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस के महासचिव डॉ.सुदर्शन जैन उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर पद्मश्री राम बहादुर राय, मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला, चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला, वाइस चांसलर डॉ.ओ.पी.कालरा और कई अन्य सम्मानित विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित थे। एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओ.पी. कालरा ने कहा कि अनुसंधान और नवाचार को विश्वविद्यालय की संस्कृति का हिस्सा होना चाहिए और ये एसजीटी विश्वविद्यालय के मूल मूल्यों का हिस्सा हैं। विशिष्ट अतिथि सुदर्शन जैन ने फार्मास्युटिकल उद्योग के उल्लेखनीय परिवर्तन पर विचार करते हुए कहा कि दवाओं के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर देश से लेकर फार्मेसी में एक बेंचमार्क तक, हमारा रूपांतरण अविश्वसनीय रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि हम नौकरी लेने वाले देश से आगे बढ़े और नौकरी देने वालों का देश बने; और सिनर्जी में, मैं जो परियोजनाएं देखता हूं, वे मुझे अगली पीढ़ी के लिए आशा देती हैं। राजीव जुनेजा ने कहा कि हर चीज़ छोटे कदमों से शुरू होती है। सिनर्जी में परियोजनाओं की अपनी यात्रा के दौरान, मैं उस उत्साह और ऊर्जा से प्रभावित हुआ जिसके साथ छात्र प्रस्तुति दे रहे थे।



# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

सलारपुर गांव में रणवीर (24) परिवार के साथ भूप सिंह भड़ाना के मकान में किराए पर रहते है। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वो अपने कमरे में छोटे सिलेंडर पर समोसा बना रहे थे। इसी दौरान छोटा सिलेंडर फट गया। कमरे में उनके साथ गुड़िया (32), माया (25), मालती (50), विजय (32) और रणधीर (24), सरोज (22) व 11 वर्षीय बालक सहित 7 लोग झुलस गए।

रजनीश, एसीपी

## समोसा बनाते समय फटा सिलेंडर, झुलसे



**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा के सलारपुर गांव के एक मकान में समोसा बनाते समय सिलेंडर फट गया। जिससे कमरे में तेजी से आग फैल गई। इसकी चपेट में सात लोग आ गए। सभी झुलस गए है। इनको पुलिस और आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी हालत अभी ठीक है। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया है। सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी आसपास के लोग भी सहम गए।

- सात लोग झुलसे, दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर
- अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया

एसीपी रजनीश ने बताया कि सलारपुर गांव में रणवीर (24) परिवार के साथ भूप सिंह भड़ाना के मकान में किराए पर रहते है। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वो अपने कमरे में छोटे सिलेंडर पर समोसा बना रहे थे। इसी दौरान छोटा सिलेंडर फट गया। कमरे में उनके साथ गुड़िया (32), माया (25), मालती (50), विजय (32) और रणधीर (24), सरोज (22) व 11 वर्षीय बालक सहित 7 लोग झुलस गए। मौके पर एसीपी नोएडा प्रथम व सीएफओ गौतमबुद्धनगर मय पुलिस बल मौजूद है।

पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। इसके बाद सभी को एंबुलेंस और अन्य माध्यमों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से सभी को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बर्न सेंटर रेफर किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। बताया कि रणवीर सिलेंडर के बिल्कुल नजदीक थे उनकी हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हेलीपोर्ट परियोजना के लिए फिर से जारी होगा ग्लोबल टेंडर

**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-151 ए में नोएडा प्राधिकरण हेलीपोर्ट परियोजना के लिए फिर से ग्लोबल टेंडर जारी करेगा। इस टेंडर में किन नियम शर्त को शामिल किया जाए, जिससे अधिक से अधिक कंपनियों निर्माण व संचालन के लिए आकर्षित किया जा सके। इसके लिए राइट्स से सुझाव मांगा गया है। सुझाव के आधार पर नए सिरे से नियम व शर्त को तैयार किया जा सके, उसके बाद टेंडर प्रक्रिया आयोजित होगी।

**प्राधिकरण ने राइट्स से फिर से मांगा गया सुझाव**

बता दें कि हेलीपोर्ट निर्माण व संचालन कंपनियों को आर्थिक रूप से यह परियोजना हितकर नहीं लगी है। इसमें टेंडर नियम शर्त को उनके सुझाव के आधार पर तैयार नहीं किया गया। जबकि कई बार प्राधिकरण कार्यालय पर हेलीकाप्टर संचालन करने वाली कंपनियों को बुलाया कर सुझाव लिया गया था, लेकिन उनके सुझाव पर ठीक से अधिकारियों ने अमल नहीं किया। यही कारण रहा की कंपनियों ने टेंडर में रुचि नहीं दिखाई। सिर्फ रिफेक्स एयरपोर्ट एवं ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड ने आवेदन पर तकनीकी बिड खोलने का निर्णय भी शासन स्तर पर लिया गया। फाइनेंशियल बिड खोलने को लेकर प्राधिकरण में तैनात रही तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने रूचि नहीं दिखाई, लंबे समय तक फाइल को अपने पास रोके रखा।

खामियाजा यह हुआ कि फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए 180 दिन की निर्धारित समय सीमा पार हो गई, 210 दिन बाद इसकी बिड खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया, जो परियोजना का टेंडर रद्द करने का भी कारण बना।

नोएडा प्राधिकरण सिविल विभाग उपमहाप्रबंधक श्रीपाल भाटी ने बताया कि सेक्टर-151 ए में तैयार होने वाली नोएडा प्राधिकरण की हेलीपोर्ट परियोजना को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि शासन ने हेलीपोर्ट ने परियोजना की फाइनेशियल बिड खोलने की बजाए टेंडर ही रद्द कर दिया है। ऐसे में अब फिर से परियोजना के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया जाएगा। जिसकी नोटिंग तैयार करने काम प्राधिकरण में शुरू हो गया है। राइट्स से सुझाव मांगा गया है, जिससे अधिक से अधिक इच्छुक कंपनियों को परियोजना के लिए आंमत्रित किया जा सका।

हेलीपोर्ट परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल पर सेक्टर 151 ए में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर बनाया जाना था। डिजाइन बेल 412 (12 सीटर) के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा दी जानी है। इस हेलीपोर्ट में वीवीआइपी या आपातकाल के समय 26 सीटर एमआइ 172 भी उतारा जा सकेगा। यहां से नोएडावासियों को चार धाम की यात्रा कराने का प्रस्ताव भी है।

### इन शहरों में होना था हवाई सफर

किलोमीटर- स्थान

100 से 200-मथुरा आगरा

200 से 300-मसूरी, यमुनोत्री, पंतनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, श्रीनगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार, जयपुर, चंडीगढ़, ओली

300 से 400-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री , जोशीमठ, रामपुर, मंडी, अजमेर

400 से 500-मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या।

## सांसद ने दादरी विधान सभा के कई गांवों व सोसाइटियों में किया जनसंपर्क



**ग्रेटर नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा जनसम्पर्क अभियान के तहत सांसद डॉ. महेश शर्मा व विधायक तेजपाल नागर के साथ शनिवार को दादरी विधानसभा के रानोली लतीफपुर, खटाना, मुठियानी, उपरालसी गांव के निवासियों से आत्मी संवाद किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं केन्द्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आ रहे हैं सकारात्मक परिवर्तनों के बारे में जनता के बीच बताया। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सैक्टर एवं सोसाईटी सूरजपुर साईट सी, एल्डिको ग्रीन मीडोज, दिल्ली पुलिस सोसाईटी, सेक्टर 36, गामा-2, ग्रेटर नोएडा में जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय लोगो से संवाद किया जहां उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ है और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान कराने का हर संभव प्रयास करूंगा। इस दौरान दादरी चेयरमैन गीता पंडित, एच. के. शर्मा, देवेन्द्र खटाना, सुशील प्रधान, प्रताप शिशौदिया, कन्हैया पंडित, संदीप शर्मा कुडीखेड़ा, सेवानंद शर्मा, रिंकी शर्मा प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### प्रदीप शर्मा की मौत मामले में सिपाही की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनशन पर बैठे परिजन



**बुलंदशहर।** ककोड़ कोतवाली के गांव शेखपुर माम निवासी दूध कारोबारी व प्रोप्टी डीलर प्रदीप शर्मा की मौत के बाद सिपाही की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन अनशन पर बैठ गये है। परिजन शनिवार को एसएसपी ऑफिस गए। जहां एसएसपी से मुलाकात न होने पर परिजन गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनशन पर बैठ गए। परिजनों के अनुसार प्रदीप शर्मा की हत्या दो नामजद समेत कोतवाली से स्थानांतरित होकर रामघाट थाने में तैनात सिपाही ने मिलकर कराई। छह अक्टूबर को प्रदीप शर्मा को कार सवार युवक प्लाट दिखाने के बहाने अपने साथ ले गए। भाई नरेन्द्र शर्मा ने सात अक्टूबर को दोनों नामजद आरोपियों समेत सिपाही के खिलाफ भाई को अगवा करने की आशंका जताते हुए तहरीर दी। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर दोनों नामजद सिकंदराबाद निवासी अमित व मोहित चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। परंतु आरोपी सिपाही को नामजद नहीं किया। बुधवार सुबह प्रदीप शर्मा का शव अलीगढ़ क्षेत्र में नहर में मिला। पुलिस पांच दिन बाद भी प्रदीप की मौत का राज नहीं खोल पाई है। वहीं शनिवार को परिजन गांव स्थित अपने आवास पर गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनशन पर बैठ गए।

### डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में वर्ल्ड कप की लाइव स्क्रीनिंग



**नोएडा।** वर्ल्ड कप का उत्साह लोगों में देखने को मिल रहा है। इसके मद्देनजर डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में वर्ल्ड कप की लाइव स्क्रीनिंग की जा रही है। लाइव स्क्रीनिंग के लिए मॉल में खास तैयारियां की गई है। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैचों की स्क्रीनिंग भी होगी। वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा मुकाबला शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ। दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप में एक दूसरे के आमने-सामने सात बार आई हैं। यह दोनों ही देशों के बीच ओवरऑल 135वां वनडे मैच है। खास बात यह है जब-जब दोनों देश वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबलों में एक दूसरे के आमने-सामने आए हैं उन सातों मौकों पर भारत की जीत हुई है। इसलिए इस वर्ष भी दर्शकों का उत्साह बढ़ गया है। वर्ल्ड कप को लेकर पूरे देश के क्रिकेट फैंस रोमांचित है। जगह-जगह लाइव स्क्रीनिंग और खास ऑफर दिये जा रहे हैं। नोएडा स्थित डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में भी वर्ल्ड कप की लाइव स्क्रीनिंग की जा रही है। जहां क्रिकेट फैंस मैच का लुत्फ बड़ी स्क्रीन पर उठा सकते हैं। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैचों की स्क्रीनिंग भी होगी।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राशिदा परवीन (Rashida parveen) व नौशाबा खालिद (naushaba khalid) दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। अतः भविष्य मे मुझे राशिदा परवीन (RASHIDA PARVEEN) के नाम से जाना जाए। राशिदा परवीन पत्नी श्री आज़ाद ख़ालिद निवासी- 380 इंद्रगढी डासना देहात गाजियाबाद उ0प्र0।

## केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने किया गाजियाबाद का दौरा

**गाजियाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने शनिवार को गाजियाबाद का दौरा किया। इस दौरान सिंह गाजियाबाद साहित्य समिति ने कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज मोहन नगर में आयोजित दो दिवसीय गाजियाबाद साहित्य महोत्सव कार्यक्रम एवं मुरादनगर विधानसभा के जनसंपर्क दौरे पर मौजूद रहे। इस भ्रमण के दौरान वीके सिंह ने अनेकों विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास किया और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जनता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड क्षेत्रीय लोगों वितरण किये और सांसद निधि के कई कार्य भी कराए जा रहे हैं उनका निरीक्षण किया।

सबसे पहले केंद्रीय मंत्री अटोर गांव में भव्य स्वागत हुआ उसके बाद उन्होंने पवन प्रधान के यहां नगला मोहनपुर में, रवि प्रधान के यहां शमसेर में, झब्बर पूर्व प्रधान, अशोक के यहां मथुरापुर में, जगदेव, सोनू, दिनेश के यहां बहादुरपुर में, कृष्ण प्रधान जी, सलेक, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को समृद्ध व सशक्त राष्ट्र बने उसी कड़ी में वह कार्य भी कर रहे हैं। उसी के साथ गाजियाबाद भी



उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज गाजियाबाद में बेहतर सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, अच्छी शिक्षा के माध्यम व अनेकों जन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मेट्रो रेल, रैपिड रेल और एयरपोर्ट से सुगम यातायात के प्रबंध मिल रहे हैं। आज इस जनसंपर्क कार्यक्रम में मंत्री वीके सिंह जी समस्त सम्बंधित अधिकारियों के साथ क्षेत्र में चल रही सभी परियोजनाओं की समीक्षा भी की और जल्द से जल्द उन्हें पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

## वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्राधिकरण अधिकारियों का होगा प्रशिक्षण

**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ग्रेप लागू किया गया है। इसको लेकर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन एक साथ काम कर रहे है। अब तक करीब 56 लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना लगाया जा चुका है। ऐसे में अब वायु प्रदूषण को रोकने के लिए और कारगर तरीको को अपनाया जाएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से चयनित की गई नोडल एजेंसी एपीएजी की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। इसके तहत प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को कंपनी की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये प्रशिक्षण 16 अक्टूबर को इंदिरागांधी कलाकेंद्र में दोपहर एक से दो के बीच होगा। इसमें प्राधिकरण के सर्किल 1 से लेकर 10 तक के वरिष्ठ प्रबंधक, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य प्रथम और द्वितीय, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत यांत्रिकी 1 से लेकर 4, वरिष्ठ प्रबंधक जल एक से तीन तक वरिष्ठ प्रबंधक आउटर जल एजेंसी नोएडा और उद्यान विभाग एक से तीन तक शामिल होंगे।

## मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन

**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में 'जलवायु परिवर्तन और उसका व्यापार एवं रिफ्यूजी सुरक्षा पर प्रभाव' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय 13वें एमिटी इंटरनेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2023 का आज समापन हो गया। समापन समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गिरिश कथपालिया, न्यायाधीश सौरभ बनर्जी, न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा और एमिटी ला स्कूल के चेयरमैन डॉ. डी के बंद्योपाध्याय द्वारा विजयी टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस टीम में देश विदेश से कुल 36 टीमों ने हिस्सा लिया।

- सिंबायसिस लॉ कॉलेज को मिला प्रथम स्थान, न्यायधीशों ने छात्रों दी सलाह

इस त्रिदिवसीय 13वें एमिटी इंटरनेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2023 में नोएडा के सिंबायसिस लॉ स्कूल की टीम को प्रथम पुरुस्कार दिया गया। मुंबई के प्रवीन गांधी कॉलेज ऑफ लॉ की टीम को द्वितीय विजेता का स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त नोएडा के सिंबायसिस लॉ स्कूल टीम को बेस्ट मेमोरियल अवार्ड प्राप्त हुआ। आर्मी इंस्टीटयूट ऑफ लॉ मोहाली के छात्र आदित्य देव को बेस्ट ओरलिस्ट और हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की माही अग्रवाल को बेस्ट रिसर्चर अवार्ड दिया



गया। न्यायाधीश गिरिश कथपालिया ने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं वह अपने शिक्षकों के कारण हूं। मैं आपके मध्य चल रही अनिश्चितता को समझ सकता हूं क्योंकी आपकी उम्र में हम भी उस अनिश्चितता की सुरंग से गुजर चुके है कि हमारा भविष्य क्या होगा। यकीन माने जीवन में यह अनिश्चितता जीवन भर रहेगी। इसलिए केवल कड़ी मेहनत को अपनी शक्ति बनाये। जीवन में कौन क्या बनेगा भले ही यह अनिश्चित हो लेकिन कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त होगी यह निश्चित है।

मिशन शक्ति 4.0

## गाजियाबाद में महिला पुलिस रैली निकली, विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**गाजियाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद गाजियाबाद में मिशन शक्ति 4.0 चतुर्थ चरण में महिला पुलिस रैली का आयोजन किया गया। विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू सिवाच ने हरी झंडी दिखाकर महिला पुलिस रैली को रवाना किया गया। यह रैली पुलिस लाइन से आरंभ होकर हापुड़ चुंगी चौराहा, मालीवाड़ा चौक, दूधेश्वर मंदिर, सम्राट चौक, विजय नगर से होते हुए मोहननगर चौराहे से एलिवेटेड रोड से होकर हुए रैली गोल्डन व्यू रिजॉर्ट राजनगर एक्सटेंशन में समाप्त हुई।



इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ममता त्यागी, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, एडीसीपी क्राइम, मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, थानाध्यक्ष महिला थाना, परिवार परामर्श, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेंटर यूनिट 1 ओर 2, महिला शक्ति केंद्र, आंगनवाड़ी, एनजीओ, स्वं सहायता समूह के साथ ही जनपद की महिलाओं द्वारा अधिक संख्या में प्रतिभाग किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी द्वारा पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व सभी माताओं और बहनों का धन्यवाद किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण एवं संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिसमें प्रमुखता महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि प्रमुख थी।

## पहले लिफ्ट दी, फिर कर दी गला दबाकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना नंदग्राम पुलिस ने युवक की गला दबाकर हत्या करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने युवक का मोबाइल खेलने का प्रयास किया था जिसका मृतक ने विरोध किया था जिसके बाद आरोपी ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था।

एसीपी रवि कुमार ने शनिवार को बताया कि 10 अक्टूबर को सुरेन्द्र कन्नोजिया निवासी ग्राम ककराडी थाना सन्डीला जिला हरदोई (हाल निवासी किराये का मकान गोल्डन त्यागी निवासी मो0 सद्दीक नगर ग्राम सिहानी थाना नन्दग्राम) ने थाना नन्दग्राम पर सूचना दी कि मेरे भाई सूरज की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है, जिसके संबंध में वादी की तहरीर पर थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।



- मोबाइल फोन की लूट का विरोध करने पर हत्या करने के बाद ईंट से कुचला था चेहरा

उन्होंने बताया कि घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, टीम गठन कर सर्विलांस व सीसीटीवी कैमरे की मदद आज मुखबिर की सूचना पर मछली गोदाम के पास मेरठ रोड से आरोपी। प्रशांत प्रजापति निवासी नूरनगर सिहानी को गिरफ्तार कर लिया। उसके आला कत्ल 01 ईंट (इन्टरलोकिंग टाईल), मृतक का मोबाइल फोन ओप्पो सीपीएच व घटना में प्रयुक्त एक अदद स्पलेन्डर मोटर साइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि प्रशान्त ने बताया कि दिनांक 8 अक्टूबर की रात्रि समय लगभग 11 बजे मैं अपनी ड्यूटी खत्म कर अपने घर वापस आ रहा था तो मेरी गली के सामने मेन रास्ते पर एक व्यक्ति नशे की हालात में इधर उधर गिरता पड़ता जा रहा था और इसके हाथ में मोबाईल फोन था।

जिसको देखकर मैंने सोचा कि अगर मैं इसका फोन छीन लू तो किसी को पता नहीं लग पाएगा। तो मैं उस व्यक्ति को थोड़ा आगे चलकर अपनी मोटरसाइकिल पर यह कहकर बैठा लिया कि चल तु ज्यादा नशे मे है, मैं तुझे तेरे घर छोड देता हूं और मैं उसे तेजाराम स्कूल के पीछे सिहानी गांव के जंगल में ले गया और वहां पर उसका फोन छीनने लगा तो उसने फोन छीनने का विरोध किया तो मैंने पहले उसका गला दबाया और फिर उसके चहरे पर कई बार ईंट से चोटे मारी जिससे उसकी पहचान न हो सके और उसको मार दिया और मैं उसको वहां पर छोड़कर उसका फोन लेकर वापस अपने घर आकर सो गया था।

## मंच तैयार अब होगा रामलीला का मंचन

**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज से शहर में रामलीला मंचन की शुरुआत होने जा रही है। नोएडा के सेक्टर-21ए स्थित स्टेडियम में सनातन धर्म रामलीला समिति और सेक्टर-62 में श्री राम मित्र मंडल की ओर से रामलीला मंचन किया जाएगा। सनातन धर्म रामलीला समिति के संजय बाली ने बताया कि





- इस बार ग्रीन पटाखों से होगा पुतलों का दहन

दिल्ली एवं मुम्बई के प्रसिद्ध टीवी व फिल्मी कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जाएगा। दशहरा वाले दिन रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। अगले दिन भरत मिलाप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस वर्ष की लीला का विश्राम होगा। रामलीला मंचन का शुभारम्भ आज शाम 7 बजे गणेश पूजन के साथ किया जाएगा। जिसमें संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ. महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार, पंकज सिंह जी, नोएडा विधायक, बिमला बाथम अध्यक्ष महिला आयोग, उप्र के अलावा कई अन्य मौजूद रहेंगे। राम बारात का आयोजन 18 अक्टूबर को किया जाएगा। बारात सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19, नोएडा से शाम 4 बजे से शुरू होकर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए रामलीला मैदान सेक्टर 21ए रात्रि आठ बजे भगवान श्रीराम की बारात पहुंचेगी। जिसमें बैण्डबाजा, ढोल, रथ के साथ यह आयोजन किया जाएगा। मंच की सुंदरता एवं भव्यता पूर्व से भी इस बार और अच्छी से दर्शायी गई जिसको देखते ही बनती है। रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतले को भी काफी आकर्षित बनाया गया है जिसमें लाइटिंग जलेगी उसके उपरान्त रावण के पुतले पर ग्रीन पटाखे के साथ रावण दहन होगा जो कि बहुत आकर्षक एवं सुंदर दिखाई देगा। जहां पर बुराई से अच्छाई का विजय का पर्व भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ प्रारंभ किया जाएगा। प्रशासन द्वारा सभी अनुमतियां प्राप्त कर ली गई है। मंच की सजावट का कार्य पूर्ण किया जा रहा है सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षाकर्मी, स्वयं सवेक, संस्था के सदस्य/ पदाधिकारी सभी व्यवस्थाओं को देखेंगें। विजय दशमी (दशहरा) के दिन वीआईपी अतिथियों, अधिकारी, प्रमुख व्यक्ति सहित समारोह में लाखों की संख्या में नागरिक शामिल होंगे।

**महंगाई और भ्रष्टाचार के पुतलों का होगा दहन**

वहीं श्रीराम मित्र मंडल द्वारा रामलीला मैदान सी-ब्लॉक, सेक्टर 62 में किया जाएगा। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि रामलीला मैदान में श्रीराम लीला मंचन गणेश पूजन के साथ शुभारंभ होगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं स्थानीय विधायक पंकज सिंह उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया श्रीरामलीला मंचन प्रतिदिन सायं 7 बजे प्रारंभ होगी। श्रीरामलीला मंचन का समापन 25 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक एवं भरत मिलाप के साथ होगा। 19 अक्टूबर को सेक्टर-20 हनुमान मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा निकलेगी जिसका समापन श्रीरामलीला मंचन स्थल पर होगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को सायं 5 बजे श्रीराम रावण युद्ध, रावण अंत व दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि टीवी सीरियल आदि में कार्य करने वाले कई अनुभवी कलाकार मंचन का प्रतुतिकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले के अतिरिक्त महंगाई, भ्रष्टाचार के पुतलों का दहन होगा।

## 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतने जा रहा है : सुमैय्या राणा

**नोएडा,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमय्या राणा शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले के दौरे पर थी। इसी दौरान उन्होंने सेक्टर 29 मीडिया क्लब में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपराध नियंत्रण में पूरी तरह विफल हो चुकी है। भाजपा सरकार का अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा धोखा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। पुलिस प्रशासन पंगु है, और उसकी चिंता अपराधों को रोकने के बजाय अपनी नाकामियों और भ्रष्टाचार को छुपाने बचाने में ज्यादा दिखाई देती है। जनता भाजपा राज में पूरी तरह त्रस्त है। कानून व्यवस्था की स्थिति प्रदेश में लगातार बिगड़ते जा रही है, प्रदेश में दिनदहाड़े, हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसे घटनाएं हो रही है। महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता व राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य ने गौतम बुद्ध नगर के कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपना-अपना



बूथ मजबूत करें, और जहां-जहां बूथ कमेटी का गठन नहीं हुआ है उसे जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने दावा किया कि 2024 में गौतम बुद्ध नगर की लोकसभा की सीट भारी मतों से जीतने जा रहे हैं, प्रेस वार्ता के दौरान नोएडा महानगर बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की कमेटी भी घोषित की गई, जिसमें उदय सिंह को अध्यक्ष, चरण सिंह महासचिव व एडवोकेट राजेश कुमार को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

मेले में पहली बार आने वाले कई लोग इंडिया एक्सपो सेंटर के मार्ट का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वे स्थापित निर्माता निर्यातकों से शोरूम को साल भर उत्पादों से भरे रहने के लाभों के बारे में सीखना चाहते हैं। इनमें से कुछ की फैक्ट्रियां एनसीआर से मीलों दूर हैं। नियमित खरीदारों ने छोटे और नियमित सोर्सिंग सीज़न दोनों के लिए नए संग्रहों के शानदार डिस्प्ले और लाइन-अप की सराहना की है।

**डॉ. राकेश कुमार, आईईएमएल अध्यक्ष**

# यमुना प्राधिकरण का परियोजना विभाग खेल रहा है विकास का खेल

**■ जगनपुर अफजलपुर में सीवर लाइन बिछाने के नाम पर परियोजना विभाग कर रहा खेला**

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। चाहे ग्रेटर नोएडा हो या यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास विकास प्राधिकरण सीवर लाइन बिछाने के नाम पर केवल कमीशन का खेल ही शायद खेल रहा हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के ग्राम जगनपुर अफजलपुर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य कर रहा है। गांव में सीवर लाइन केवल हाथी के दांत ही साबित होंगे। ग्रेटर नोएडा के आखिरी गांव मुरशदपुर में सीवर लाइन बिछे सालों गुजर गए परंतु सीवर के पानी को कहां डाला जाए शायद यह या तो तय नहीं हो पाया या सीवर के पानी को आगे किसी बड़े पानी के स्रोत में डालने की कोई व्यवस्था ही



नहीं है। ऐसे में यमुना प्राधिकरण के अधिकारी इस बात का जवाब नहीं दे सकते कि जब पानी की आगे निकासी ही नहीं है तो सीवर लाइन बिछाने पर पैसा खर्च करने का क्या औचित्य था। यमुना प्राधिकरण भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अनुसरण करते हुए अपने पहले गांव जगनपुर अफजलपुर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य कर रहा है परंतु आगे पानी की निकासी न होने के चलते ये भी मुरशदपुर की तरह हाथी के दांत ही साबित होंगे। गांव के लोग सीवर लाइन बिछाने के चलते लंबे समय तक आने जाने की समस्या का सामना तो करेंगे लेकिन उसके बावजूद भी उनके घरों का पानी पहले की तरह नालियों के माध्यम से ही निकलेगा। अब सवाल उठता है कि बड़ी परीक्षाएं पास कर अधिकारियों को इतनी सामान्य जानकारी नहीं है या फिर ये सब विकास कार्य कमीशन के खेल के चलते कराए जाते हैं।

जगनपुर अफजलपुर में श्मशान की भूमि तो आवंटित है परंतु सीवर लाइन में करोड़ों खर्च करने वाले यमुना प्राधिकरण के पास उस श्मशान पर निर्माण करने के लिए कुछ लाख रुपए नहीं हैं जबकि इस संबंध में पहले भी खबर समाचार पत्रों में छप चुकी है। ग्राम के लोगों में शमशान के निर्माण न होने के चलते रोष व्याप्त है। जगनपुर में सड़को की स्ट्रीट लाइट भी बंद पड़ी हैं। अंधेरा होने के बाद लोगों को भय के साथ सड़क पर चलना पड़ता है। सड़क के दोनों तरफझाड़ियां हैं जिनसे कोई जहरीला जीव अंधेरे में जा रहे लोगों को हानि पहुंचा सकता है परंतु अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं।

# आईएचजीएफ दिल्ली मेले में कपड़ा मंत्रालय की सचिव ने किया दौरा

**■ उत्पाद प्रदर्शन और सेक्टर की गतिशीलता की सराहना की**

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। 56वां आईएचजीएफ-दिल्ली मेला-ऑटम और दिल्ली फेयर फर्नीचर में हर दिन के साथ इसकी सराहना लगातार बढ़ती जा रही है। मेले के शुरुआती कारोबारी घंटों से लेकर दिन के समापन तक खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। शनिवार को सरकार की तरफ से रचना शाह, सचिव, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार ने मेले का दौरा किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी देखी और प्रदर्शकों के साथ बातचीत की। साथ ही उन्होंने मेले में सामूहिक रूप से दिखाई देने वाली क्षेत्र की गतिशीलता और प्रतिस्पर्धी भावना की सराहना की। उन्होंने साझा किया कि ईपीसीएच के निरंतर प्रयासों ने हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कपड़ा मंत्रालय हस्तशिल्प उद्यमियों और निर्यातकों को उनकी क्षमता विकास के लिए समर्थन देना जारी रखेगा। कपड़ा





मंत्रालय में विकास आयुक्त हस्तशिल्प अमृत राज ने भी मेले का दौरा किया। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि पहले तीन दिनों में शो में आने वाले खरीदारों ने उत्सव की सजावट, आंतरिक संवर्धन उत्पादों, उपहारों, घरेलू सजावट, प्राकृतिक उत्पादों, बनावट वाले फर्नीचर और लकड़ी की मूल नसों पर काम, सहायक उपकरण और कल्याण लाइनें के साथ-साथ फैशन की सराहना की।

ऐसी बहुत सी विशिष्टताएं और वस्तुएं हैं जिन्हें कोई भी प्रतिस्पर्धी अपने घरेलू बाज़ार में नहीं पा सकता है। यह प्रशंसा दुनिया को एक तरह के उत्पाद देने में हमारी अद्वितीय ताकत को दर्शाती है, जो हमारे खरीदारों के उत्पाद प्रदर्शन को विजयी बढ़त देती है। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि मेले में पहली बार आने वाले कई लोग इंडिया एक्सपो सेंटर के मार्ट का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वे स्थापित निर्माता निर्यातकों से शोरूम को साल भर उत्पादों से भरे रहने के लाभों के बारे में सीखना चाहते हैं। इनमें से कुछ की फैक्ट्रियां एनसीआर से मीलों दूर हैं। नियमित खरीदारों ने छोटे और नियमित सोर्सिंग सीज़न दोनों के लिए नए संग्रहों के शानदार डिस्प्ले और लाइन-अप की सराहना की है।

# किसानों ने अंसल और सर्वोत्तम बिल्डर का निर्माण कार्य रोका

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिग्रहण) के बैनर तले जय जवान जय किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन बलराज और भाकियू कृषक शक्ति सहित दर्जन भर संगठनों के आह्वान पर शनिवार अंसल बिल्डर और सर्वोत्तम बिल्डर का निर्माण कार्य बंद




कराया। किसानों ने जेसीबी मशीन को आगे बढ़ने नहीं दिया। किसानों ने अपनी जमीन पर बिल्डरों द्वारा किए गए गड्ढ़ों को जेसीबी मशीन से भरवाया।

**■ बिल्डर के कार्यालय पर आज संयुक्त किसान मोर्चा करेगा महापंचायत**

किसानों ने निर्णय लिया कि रविवार बिल्डर कार्यालय के पास महापंचायत कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जय जवान जय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक किसान नेता नेता सुनील फौजी एडवोकेट ने बताया कि भाकियू बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी एवं भाकियू कृषक शक्ति के नेता जितेंद्र भाटी सहित विभिन्न संगठनों के नेता मीटिंग में पहुंचे थे। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दर्जनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने मीटिंग में हिस्सा लिया, जिसमें बिल्डर द्वारा किसानों को आए दिन धमकी देकर उनके खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद करते हुए जेसीबी मशीनों से गड्ढ़े कराकर जबरन कब्जा किए जाने की कार्रवाई को रोकने तथा अपने खेतों में फिर से बुवाई करने का निर्णय लिया गया, तत्पश्चात बिल्डर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए बिल्डर का निर्माण कार्य बंद कराकर किसानों ने अपने खेतों पर कब्जा भी वापस लिया।

भाकियू बलराज भाकियू कृषक शक्ति, जय जवान जय किसान मोर्चा, अंसल प्रतिरोध किसान मोर्चा, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे संघर्ष समिति एवं जय हो आदि सहित दर्जनों संगठनों ने सर्व सम्मति से कल 15 अक्टूबर को अंसल बिल्डर कार्यालय के पास किसान महापंचायत कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर विजय भाटी एडवोकेट, देवेंद्र भोगपुर, धर्मवीर भाटी कैमराला, संजय बोडाकी, हातम भाटी, लाला चेयरमैन अशोक रामगढ़, लीलू नेता जी, विजयपाल भाटी, धीरज दतावली, मिंदर चक्रसेनपुर, देशराज भाटी डेरी कोट, जितेंद्र प्रधान बील, नरेंद्र भाटी पल्ला आदि किसान नेता तथा महिला किसान नेता रेखा सिवाल मेरठ, शीला भाटी भोगपुर, सरिता गुर्जर पल्ला, कमलेश भाटी चक्रसेनपुर आदि सहित बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएं मौजूद रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए रेयान स्कूल को मिले दो अवॉर्ड

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेयान इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा ने अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि




जोड़ ली। उत्कृष्ट शिक्षा, अच्छे बोर्ड परिणाम, उत्कृष्ट शिक्षण संकाय, अच्छे बुनियादी ढांचे, उत्कृष्ट पाठ्येतर गतिविधियों और व्यक्तिगत ध्यान के मापदंडों के आधार पर एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड में 2 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। पुरस्कार 13 और 14 अक्टूबर को जेडब्ल्यू मैरियट होटल, नई दिल्ली एयरोसिटी, दिल्ली में एक समारोह में प्रदान किए गए। रेयान ग्रुप के निदेशक डी.आर. समारोह के दौरान स्नेहल पिंटो मौजूद रहीं। यह पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा सिंह को प्राप्त हुआ। जिसमें डे कम बोर्डिंग स्कूल- ग्रेटर नोएडा रैंक-1, दिल्ली एनसीआर- रैंक-7, सह एड डे स्कूल- रैंक 9, जिसमें स्कूल पूरे स्टाफ, छात्रों और अभिभावकों को स्कूल में ख्याति प्राप्त करने के लिए उनकी कड़ी मेहनत, समर्थन और सहयोग सराहनीय था।

# लोहे के सामान से लदी गाड़ी पकड़ी

**रबूपुरा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोहे का समान लड़ी एक गाड़ी को पुलिस ने पकड़ लिया। घन्टो तक गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी रहने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का दंश झेलना पड़ा। बताया जाता है कि समान संदिग्ध होने के कारण पुलिस चालक को अपने साथ ले गई लेकिन कुछ समय बाद ही बगैर किसी कार्रवाई के उसे छोड़ दिया गया। जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर कस्बा के फलैदा मार्ग पर एक टाटा गाड़ी में लोहे का समान भरा हुआ था। जिसे संदिग्ध होने के चलते पुलिस ने उसे पकड़ लिया और चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। स्थानीय लोगो के मुताबिक गाडी करीब 2 घण्टे तक बीच सड़क पर खड़ी रही जिससे आमजन को आवागमन में काफी परेशानी से गुजरना पड़ा। चर्चा है कि समान अवैध था और



पुलिस ने बिचौलियों के माध्यम से कबाड़ी व गाड़ी चालक से साठ गांठ कर बगैर किसी कार्रवाई के ही छोड़ दिया और पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। लोगों का दावा है कि इससे क्षेत्र में अवैध कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के विकाशील होने के कारण दर्जनों अवैध कबाड़े की दुकान संचालित हो रही हैं। कई कबाड़े की दुकानों पर चोरी का माल तक बरामद हो चुका है लेकिन उदासीनता के कारण इनके विरुद्ध कार्रवाई कागजों में सिमट कर रह जाती है। विगत माह एक सिपाही व कबाड़ी के बीच लेन देन की वार्ता का ओडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खूब हंगामा हुआ था और सिपाही को बर्खास्त किया गया था।

# दिव्यांग बच्चों को लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**जेवर,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीआरसी केंद्र जेवर पर शनिवार को विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक धीरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में संपन्न कराया गया। नोडल शिक्षक संकुल हरेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों को विधायक व उप जिलाधिकारी के द्वारा 3 ट्राई साइकिल, 13 व्हीलचेयर, 2 रोलेटर, 8 कैलीपर, 18 कान की मशीन, 4 सीपी चेयर व अन्य उपकरणों का वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में एलिम्को कानपुर से आये विशेषज्ञों द्वारा उपकरण की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और जिला बेसिक शिक्षा



अधिकारी ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में बताया। इस मौके पर अरविंद कुमार पाठक, स्पेशल एजुकेटर, बीआरसी स्टाफ व स्कूल स्टाफमौजूद रहा।

# श्री नवदुर्गे मंदिर पर नवरात्रि मेले का शुभारंभ



**जेवर,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्बा स्थित श्री नवदुर्गे मंदिर परिसर में लगने वाला नवरात्रि वार्षिक मेले का शनिवार को मुख्य अतिथि एसीपी रुद्र कुमार सिंह व समाजसेवी ओमप्रकाश शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसके बाद रात्रि को रामलीला मंचन शुरू किया गया। नवरात्रि मेला संचालक कुलदीप शर्मा ने बताया कि श्री नवदुर्गे मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति 59वां नवरात्रि मेला 15अक्टूबर से शुरू होगा जोकि 24 अक्टूबर तक चलेगा। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। 15अक्टूबर को ध्वजारोहण के बाद महिला प्रो कबड्डी का शुभारंभ किया जाएगा। नवरात्रि मेले में मुख्य आकर्षक मंदिर पर भव्य रोशनी, रामलीला प्रदर्शनी, कबड्डी, बाल व विशाल दंगल, राम बारात, काली अखाडा, विशाल शोभायात्रा, सुंदर सुंदर झाँकिया रहेंगी। उद्घाटन के मौके पर कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह चौहान, श्री दुर्गे मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महासचिव सुभाष चन्द्र गर्ग, यतीश गोयल, उपाध्यक्ष वैद्य अजयराज शर्मा, योगी शर्मा, पुनीत गर्ग, कौशलमनी तायल, नवीन गुप्ता, संजीव ठाकुर, हेमंत शर्मा, नरेंद्र गोयल, जयप्रकाश गोयल, रोहित तायल, शीशपाल गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कालीबाड़ी में धूमधाम से मनाया जाएगा दुर्गा पूजा उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा शरदीय सांस्कृतिक समिति 19 से 24 अक्टूबर तक 23वीं दुर्गा पूजा का आयोजन सेक्टर पाई में कालीबाड़ी मंदिर में किया जा रहा है, यह दुर्गा पूजा इस क्षेत्र की सबसे पुरानी दुर्गा पूजा है, जिसमें सभी लोग भाग लेते हैं। आयोजन समिति ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस साल पूजा बेहद खास है, पंडाल का निर्माण 20,000 वर्ग फुट क्षेत्र में किया जा रहा है। 14 फुट ऊंची दुर्गा प्रतिमा बनाने के लिए पश्चिम बंगाल से कारीगरों को लाया गया है। उत्सव के दौरान कई गतिविधियों, पारंपरिक प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। बच्चे और वयस्क उत्साह से भाग लेते हैं। 15 अक्टूबर को, इस वर्ष का पूजा उत्सव बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ शुरू होगा। इसके बाद कालीबाड़ी परिसर में पुस्तकालय का उद्घाटन




होगा। इसी के साथ पांच दिवसीय उत्सव में आनंदमेला शामिल होगा। भोजन उत्सव नृत्य नाटक, संगीत और नृत्य प्रदर्शन, और बड़े पैमाने पर कालीबाड़ी समुदाय के युवा और बूढ़े थिएटर। शाम को कोलकाता और मुंबई के बाहरी कलाकारों द्वारा भव्य प्रदर्शन होंगे। पुरानी यादों से भरपूर, हमारे पास एक विशेष अतिथि होंगे, प्रसिद्ध बॉलीवुड पार्श्व गायक जॉली मुखर्जी, जो नवमी की रात को प्रस्तुति देंगे। लोक गायक झिलिक मोदक, जी बांग्ला सा रे गा मा फेम अरित्रा दासगुप्ता और अर्पिता कर सप्तमी और अष्टमी पर मौजूद रहेंगे। इस दौरान अरविन्द दत्ता, देवर्षि मुखर्जी, अभिषेक राय, पार्थ सेन, सौरभ कुमार, मानजी, मिथुन आदि लोग मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# विजय महोत्सव का आगाज आज से, स्कूल के बच्चे देगें प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय महोत्सव 2023 का धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित साइट-4 के सेंट्रल पार्क रामलीला ग्राउंड में किया जाएगा। प्रेस पत्रकार वार्ता के दौरान श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक विजय महोत्सव का आयोजन बड़े धूम धाम से किया जाएगा। रामलीला का मंचन मुरादाबाद के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। महासचिव विजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस वर्ष 30 से अधिक स्कूल व एकेडमी के 700 से अधिक बच्चे 15 अक्टूबर को भक्ति गीत नृत्य प्रतियोगिता में अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देकर विजय महोत्सव 2023 का आगाज करेंगे। कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया कि इस वर्ष रामलीला के साथ-साथ मेले में भी विशेष प्रबंध किए गए हैं उन्होंने बताया




**■ साइट-4 में 15 से 25 अक्टूबर तक रामलीला का होगा मंचन**

**■ लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ मनोरंजन के की गई है विशेष व्यवस्था**

कि भगवान श्री राम के आदर्शों का आत्मसात करने के साथ-साथ नगरवासी मनोरंजन व खाने-पीने का भी भरपूर आनंद लेंगे। इस वर्ष कई झूलों के साथ-साथ मशहूर जयंती कैटर्स की चार्ट और गुर्जर थाली का आनंद सभी लोग ले सकेंगे। मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कि मेले में सिक्योरिटी की व्यवस्था के मध्य नजर सीसीटीवी कैमरे, गार्ड, फायर सिलेंडर, वह अन्य व्यवस्थाएं भी चौबंद रहेगी। इस वर्ष 19 अक्टूबर को सीता स्वयंवर में स्पेशल आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिलेगा। और इस बार कार्यक्रम के दौरान दर्शकों पर ड्रोन से इत्र का छिड़काव किया जाएगा। कार्यक्रम 15 को भक्ति संगीत नृत्य, प्रतियोगिता, 16 से 23 तक रामलीला मंचन, 24 अक्टूबर को रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलो का दहन व रंगीन आतिशबाजी तथा 25 अक्टूबर को भरत मिलाप राम राज्याभिषेक के साथ विशाल कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर मनजीत सिंह, विजेंद्र आर्य, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, मुकेश शर्मा, हरेंद्र भाटी, मुकुल गोयल, कुलदीप शर्मा, जे.पी. गोस्वामी, श्यामवीर भाटी, ओम प्रकाश अग्रवाल, अरुण गुप्ता, सुरेंद्र तायल, अनिल कसाना, मनोज यादव, अमित गोयल, विकास भाटी, चाचा हिंदुस्तानी, लोकेश भाटी, राजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जीबीयू के ध्यान केन्द्र में बुद्ध प्रतिमा का लोकार्पण व बौद्ध ध्यान साधना का शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा,**14 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले ध्यान केन्द्र में भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के धम्मदीक्षा दिवस को 14 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिन्हा ने ध्यान केन्द्र में स्थापित गौतम बुद्ध की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिन्हा द्वारा द्वि-दिवसीय बौद्ध ध्यान साधना कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सिन्हा ने अपने सम्बोधन में मानव जीवन में बौद्ध धर्म की कल्याणकारी शिक्षाओं एवं चित्त की एकाग्रता तथा उसकी निर्मलता में विपस्सना भावना की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध की जनहितकारी शिक्षाओं के पालन से ही सामाजिक सौहार्द को स्थापित किया जा सकता है। बुद्ध प्रतिमा का लोकार्पण के अवसर पर थेरवाद बौद्ध परम्परा के अनुसार म्यानमार देश के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा बुद्ध वन्दना एवं परित्तपाठ किया गया। इसके बाद महायान बौद्ध परम्परा के अनुसार वियतनाम देश के अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं द्वारा पूजापाठ किया गया। इस अवसर पर भारतीय छात्र-छात्रों एवं प्रतिभागियों द्वारा बुद्ध वन्दना एवं पंचशील का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलपति, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी एवं वित्त अधिकारी नीरज कुमार सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के कई अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षेणत्तर कर्मचारियों, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, अतिथियों तथा समस्त प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. चिंतल वेंकट सिवसाई, डॉ. प्रियदर्शिना मित्रा, डॉ. विवेक मिश्रा, प्रो. संजय शर्मा, डॉ. विमलेश कुमार, विक्रम सिंह यादव, कन्हीया, अजय, सन्दीप ढाका, सचिन सहित लगभग कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
प्रथम शुद्धिपत्र
उप मु० सिग० एवं दू० सं० अभि०/नि०/पी० स०, चतुर्थ तल, मं० रे० प्र० कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा जारी निविदा पत्र संख्या 570-सिग-पी०सं०-निविदा-128 दिनांक 05.10.2023 में निम्नलिखित शुद्धि की जाती है।

| क्र.सं. | 35 | बिंदु | अनुसची मद संख्या 35 का विवरण को सही किया गया है |
|---|---|---|---|

निविदा में वर्णित अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
संख्या 570-सिग-पी०सं०-निविदा-128 दिनांक 13.10.2023 3185/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# साहित्य

कहानी

# गांधीजी की शॉल

■ हरिशंकर परसाई

चार दिन हो गए, पर शॉल का पता नहीं लगा। सेवकजी ने रेलवे स्टेशन पर पूछताछ की, डिब्बे में साथ बैठे एक परिचित यात्री से पूछा, पर पता नहीं लगा। पुलिस में रिपोर्ट और अखबार में विज्ञप्ति छपाने पर सोचा, पर लगा कि गांधीजी की दी हुई पवित्र शॉल थी, उसे पुलिस और अखबारी मामलों में फंसाने से उसकी पवित्रता नष्ट होगी। कोई चाबियों का गुच्छा या सूटकेस तो था नहीं। पूज्य गांधीजी की शॉल थी।

सेवकजी हर दिन की तरह दरवाजे पर कुर्सी लगाकर बैठे थे। शून्य में देख रहे थे। सड़क पर कितने ही परिचित निकल गए। सेवकजी ने किसी को नहीं बुलाया। और दिन होता, तो वे परिचित को देखते ही वहीं से बैठे-बैठे जयहिंद उछालकर उसे रोकते।

बड़ी चौड़ी मुस्कान से जाते, उसका हाथ पकड़ लेते और घोर आत्मीयता से कहते- ऐसे नहीं हो सकता। आप बिना चाय के नहीं जा सकते।' पकड़कर भीतर ले जाते, चाय बुलाते अलमारी से एक फाइल निकालते, जिसमें वे अखबारी कतरनें लगी थीं, जिसमें उनका नाम छपा था। इनमें वह कतरन भी थी, जिसमें उनके बचपन में खो जाने पर पिता ने उनकी खोज में विज्ञप्ति छपाई थी। एक-एक कर सब कतरनें वे बताते और बीच-बीच में अपनी राष्ट्र, समाज सेवाओं का उल्लेख करते जाते। वे बताते कि किस सन् में किस नेता के साथ जेल में थे। परिचित उठने का उपक्रम करता तो सेवकजी आग्रह से उसका हाथ पकड़कर कहते-'बस! एक मिनट और। मैं आपको अपने जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र वस्तु बतलाता हूं।

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता। कोई परिचित उस सड़क के बिना उन कतरनों और उस शॉल को देखे, निकल नहीं सकता था। आज चार दिनों से लोग बेखटके निकल रहे थे। सेवकजी उन्हें नहीं छेड़ते थे। सोचते - उस घर में अब किसको क्या बुलाएं, जिसकी श्री ही चली गई है।



'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता।

टाउन हॉल में शाम को सभा की घोषणा करता हुआ लाउडस्पीकर लगा तांगा निकला। सेवकजी के मन में उमंग की लहर उठी। पर लगा कैसे जाऊं। शॉल जो खो गई।

हर सभा में वे गांधीजी की शॉल ओढ़कर जाते। मंच पर अंतिम वक्ता के बाद खड़े होकर कहते- 'मुझे भी इस विषय पर दो शब्द कहना है।' माइक पर वे बोलते- मैंने जो कुछ सीखा गांधीजी के चरणों में बैठकर। वे मुझे पुत्रवत स्नेह करते थे। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए.....और पूरा किस्सा। मेरे जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र निधि है। सभा में लोग जानते थे कि सेवकजी अवश्य आएंगे और शॉल के बारे में बताकर बैठ जाएंगे। एक सभा में वे इस विषय पर आ ही रहे थे कि सभापति ने घंटी बजा दी। हड़बड़ाकर बैठने लगे, तभी किसी मसखरे ने आवाज लगाई- 'सेवकजी! आप शॉल के बारे में बताना भूल गए।' लोग हंस पड़े। पर सेवकजी ने सहज भाव से कहा- जब प्रसंग उठाया ही गया है, तो बताना मेरा धर्म है और फिर पूरा वाकया...।

सेवकजी उस पीढ़ी के थे, जिसने जवानी के आरंभ में सोच लिया था कि जीवन-भर देश की स्वतंत्रता के लिए संग्राम करेंगे। पर स्वतंत्रता पहले आ गई, जीवन शेष रहा। अब क्या करें? यह तो सोचा ही नहीं था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्या करेंगे? जिन्होंने सोच लिया था, वे सरकार चलाने लगे। कुछ विरोधी दल में आ गए। जो जीत न सके, सरकार में नहीं जा सके। वे बड़ी उलझन में आ गए। हारा हुआ राजा रनिवास में जाता है.

सेवकजी अध्यात्म में आ गए। पर वहां मन नहीं लगा। वे लौट आए। पर अब क्या करें? वे पूरे जोर से सोच रहे थे। शॉल जीवन शक्ति ले गई। किसलिए जिएं? जिएं, तो करें क्या? ऐसे जीने से मर जाना अच्छा! एक विचार उनके मन में सहसा आया और उसके आवेग से वे खड़े हो गए। चप्पल पहनी और दूर सदर कोने में कपड़ों की एक दुकान पर गए और वैसी ही शॉल खरीद ली। मन ही मन समाधान कर लिया- वस्तु सत्य नहीं है, भावना सत्य है। अब समस्या खड़ी हुई कि उसका नयापन कैसे मिटे? सेवकजी ने उसे पानी में डुबाकर सुखाया, उससे फर्श साफ किया, दो-तीन दिन उसे ओढ़कर सोते रहे। अत्याचार से उसकी चमक-दमक



गायब हो गई। प्रफुल्लता लौट रही थी, पर ज्योंही वे प्रसन्न होते, आशंका कूद पड़ती कि लोग समझ न जाएं?

शाम की सभा तय थी। कई दिन बाद सेवकजी सभा की तैयारी में थे। कुर्ता और धोती निकाले, शॉल निकाली। मंच पर बैठे धुकधुकी लगी- कोई भेद न जान ले। कोई सहज ही देखता तो कांप जाते इन्होंने शॉल का रहस्य भांप लिया। अंतिम वक्ता के बाद खड़े हुए। बोले, 'मुझे इस विषय पर दो शब्द कहना है।' उन्होंने माइक पकड़ लिया था। दिल धड़क रहा था और हाथ कांप रहे थे। आज पैरों को स्थिर करने का प्रयत्न करना पड़ रहा था। बोलना शुरू किया 'मैंने जो कुछ सीखा है, गांधीजी से... ये शॉल उन्होंने मुझे दी थी। बापू स्वयं...'

पहली पंक्ति में बैठा एक आदमी उठकर खड़ा हो गया और बोला, 'क्यों झूठ बोलते हैं सेवकजी? यह शॉल तो बिल्कुल नई है और मिल की है। भला गांधीजी मिल की शॉल देते?' सभा में हंसी हुई, सेवकजी के पैर डगमगाए, माइक पर पकड़ ढीली हुई और वे वहीं बैठ गए।

# हिंदी ग़ज़ल परंपरा को समृद्ध करती ग़ज़लें

■ रामकृष्ण यादव

कई उपन्यास एवं आलोचना की पुस्तकों के प्रकाशन के बाद डॉ. ललन प्रसाद सिंह का पहला ग़ज़ल-संग्रह 'ग़ज़ल-गीत संगम' नाम से किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी से सद्यः प्रकाशित हुआ है।

इस संग्रह में दो खंड हैं, पहला 'ग़ज़ल खंड' तथा दूसरा 'गीत खंड'। ग़ज़ल खंड में कुल 326 गजलें सम्मिलित हैं। ये ग़ज़लें उन्होंने 1995 से 2022 के बीच के कालखंड में रची हैं। समयांतराल की वजह से प्रारंभ की ग़ज़लों एवं वर्तमान की ग़ज़लों की भाषा-शिल्प एवं कहन में थोड़ा-बहुत अंतर है।

ग़ज़ल की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जो कविता से भिन्न है। यही वजह है कि ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें कथ्य, संकेतों, शब्दों एवं तान के माध्यम से एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती हैं। उनकी ग़ज़लें सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक विद्रूपताओं पर प्रहार करने के साथ-साथ राजनैतिक क्रांति का उद्घोष करती हैं-

'समाजवाद तेरे लिए सिर्फ़ जुमला है
मग़र उनके लिए तो अन्याय पर हमला है'

राजनैतिक व्यवस्था से उत्पन्न पीड़ा, दर्द, असमानता, अमीरी-गरीबी का फासला उन्हें उद्वेलित करता है -

'काजल की कोठरी में बैठे हो
शीशे की दीवार लगाकर
कब तक जिंदा रहोगे
किसानों की अस्थि चबाकर'

सियासतदां पर चोट करते हुए लिखते हैं-

'हमें टुकड़े-टुकड़े में बांटे हो
अपनी सियासत के खातिर
तेरी नीयत पर नज़र है
तुम हो कितने शातिर'

आज सांप्रदायिकता का जहर सियासत में इस कदर फैल गया है कि आये दिन दंगा-फसाद होते रहते हैं; जातीय-नस्लीय हिंसा होती है; जिंदगियां तबाह हो जाती हैं; बस्तियां-घर जला दिए जाते हैं। सियासतदां अपनी-अपनी रोटियां सकते हैं। सांप्रदायिकता से उपजी पीड़ा को एक युवती यूं बयां करती है-

'अम्मा की फूट गई चूड़ियां
हमारी उजड़ गई दुनिया
आदमी मर गया, तेरी सियासत में
मेरा आशियां जल गया, तेरी सियासत में '

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ललन प्रसाद सिंह की पूर्ण आस्था है । वे समता एवं समानता के पक्षधर हैं । पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की खामियां उन्हें नागवार लगती हैं। वे लिखते हैं-

'व्यक्ति बदल जाता है, व्यवस्था कहां बदलती चुनाव खत्म हो जाता, खुशी कहां मिलती'

... ... ...

'वे कहते हैं जनता मालिक है
पर सब मालों के वे मालिक हैं '

पर उन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन यह व्यवस्था बदलेगी। कभी उनका भी वक्त आएगा, जो हाशिए की ओर धकेल दिए गए हैं। क्योंकि लोकतंत्र की चक्की धीरे-धीरे घूमती है, पर घूमती जरूर है।

'मेहनतकश हम काश्तकारों का
कभी तो वक्त आएगा
देख लेना
नया प्रकाश आसमान में छाएगा'

इस संग्रह में दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श,एवं आदिवासी-विमर्श पर आधारित ग़ज़लें भी हैं।

ललन प्रसाद सिंह के इस संग्रह में इश्क-हुस्न, दोस्ती-दुश्मनी,अपना-पराया, खुशी-गम, , भाषा, संप्रदाय,जाति, लिंग, प्रकृति, बुद्ध ,कबीर, मार्क्स , कला, संस्कृति, आदि विविध विषयों पर कई ग़ज़लें हैं और उन सभी के तेवर अलग-अलग हैं।

श्री सिंह के इस संग्रह में नब्बे गीत भी शामिल हैं। हिंदी साहित्य में गीत सामान्यत: कम लिखे गए हैं। हालांकि गीतों का जनजीवन पर काफी प्रभाव रहा है।

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित %हिंदुस्तानी% है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित 'हिंदुस्तानी' है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पुस्तक = %ग़ज़ल-गीत संगम%
ग़ज़लकार = डॉ. ललन प्रसाद सिंह
प्रकाशक = किशोर विद्या निकेतन, भदैनी, वाराणसी -221001
मूल्य = 300 रुपये

ग़ज़ल

# महमूद दरवेश की दो कविताएं



महमूद दरवेश का जन्म 13 मार्च, 1942 को फिलिस्तीन में हुआ था , उनकी कविताओं ने अरबी भाषा की कविताओं को एक पहचान अलग पहचान दिलाई. उनकी ज़्यादातर कविताओं का अनुवाद दुनिया की तमाम भाषाओं में हुआ। महमूद दरवेश दुख, सपनों, उम्मीदों के महान कवि माने जाते हैं। लाखों-लाख फिलिस्तीनियों की तरह महमूद दरवेश का परिवार भी अपनी जन्मभूमि से विस्थापित नहीं, बल्कि निर्वासित कर दिया गया, क्योंकि माना यह गया कि जहां वे पैदा हुए वह जमीन उनकी नहीं थी। विस्थापन का दर्द महमूद दरवेश की कविताओं में टूट कर दिखता है। लेकिन उनकी कविता में केवल पीड़ा, आंसू, दुख, आक्रोश, विद्रोह, संघर्ष न था. उनमें उम्मीदें भी थी. उनका दृढ़ विश्वास था कि अब तक का मानव समाज तमाम आततायियों को देख चुका है, उन्हें जमींदोज कर चुका है, ऐसे में हमारे देश पर टूट पड़े आक्रांताओं का भी भविष्य वही होगा. हमारी जमीन हमें मिलेंगी, हम अपने घर जरूर लौटेंगे।

फिलिस्तीन की मुक्ति और शांति के सपने लिए महमूद दरवेश ने 2008 में 9 अगस्त को इस दुनिया से विदा ली। पाठकों के लिए पेश हैं, महमूद दरवेश की दो अनूदित कविताएं। अनुवाद अनिल जनविजय ने किया है

## मैं घोषणा करता हूँ

जब तक
मेरी एक बालिश्त ज़मीन भी शेष है
एक जैतून का पेड़ है मेरे पास
एक नीम्बू का पेड़
एक कुआँ
और एक कैक्टस का पौधा

जब तक
मेरे पास एक भी स्मृति शेष है
पुस्तकालय है छोटा-सा
दादा की तस्वीर है
और एक दीवार

जब तक
उच्चरित होंगे अरबी शब्द
गाए जाते रहेंगे लोकगीत
पढ़ी जाती रहेंगी —
कविता की पंक्तियाँ
अनतार-अल-अब्से की कथाएँ
फ़ारस और रोम के विरुद्ध लड़े गए
युद्धों की वीर गाथाएँ

जब तक
मेरे अधिकार में हैं मेरी आँखें
मेरे होंठ और मेरे हाथ
मैं खुद हूँ जब तक
मैं अपने शत्रु के समक्ष घोषित करूँगा —

मुक्ति के लिए प्रबल संघर्ष
स्वतन्त्र लोगों के नाम पर हर कहीं
मज़दूरों, छात्रों और कवियों के नाम पर

मैं घोषित करूँगा —
खाने दो कलंकित रोटी
कायरों को
सूरज के दुश्मनों को
मैं जब तक जीवित रहूँगा
मेरे शब्द शेष रहेंगे —
'रोटी और हथियार
मुक्ति-योद्धाओं के लिए'
-------

## फ़िलिस्तीन के प्रेमी

ओ मेरी प्रिया !
दर्द भरी तेरी आँखें
बेधती हैं मेरे हृदय को
जब भी मैं याद करता हूँ उन्हें

उनमें गरजती है बिजली
दहकता है गुस्सा
वियोग झलकता है उनमें
और मैं सम्हाल कर रखता हूँ तेरा दर्द
आकाश में चमक रहे हैं सहस्त्रों सितारे
घायल है मेरा हृदय
उस पर भी हैं हज़ारों घाव
तेरा दर्द मेरे प्यार का विस्तार है
एक पुल है
वर्तमान और भावी दिनों के बीच

भला, कैसे भूल सकता हूँ मैं
तेरी आँखों में चमकते वे दिन
बचपन के वे साल
जब साथ-साथ बड़े हुए थे हम

तब मुझे लगता था, मेरी प्रिया !
कि तेरी उन बड़ी-बड़ी आँखों में
जल रही है आग
और मैं गाने लगता था
उनके बारे में नए-नए गीत

पर आज
निर्वासन की यह भयानक ठण्ड
बरसा रही है आग
मेरे होंठ? को जला रही है
भद् ?दे ढंग से, बेरहमी के साथ

आज
वीरान पड़े हैं वे मकान
छोड़ने पड़े थे जो हमें
पक्षी तक नहीं बैठते अब
उनकी मुण्डेरों पर

तड़कने लगे हैं आइने
आज़ादी की मौत के इस जश्न पर
और हम
बीनते हुए लोकगीतों के टुकड़े
आँक रहे हैं क़ीमत जन्मभूमि की

नए-पुराने सुरीले गिटारों पर
हम गाते हैं शब्द-शब्द
अपने गीत
और रचते हैं धुनें नई-नई
रुदन करते अपने
उन वीरान पड़े मकानों पर

ओ जानम् !
हमारा प्यार जीवित है अब भी
अब भी सुनती है तू मेरी आवाज़
बीते समय के साथ-साथ धीमी ज़रूर हो गई वो
पर कमज़ोर नहीं हुई

ओ युवा ग्वालन ! मैं देख रहा हूँ तुझे
काँटों भरी राह पर दौड़ते हुए
गायों और भेड़ों के रेवड़ के पीछे
तू गुज़र रही है
खण्डहर हुए एक घर के पास से
जिसका प्रवेश-द्वार बदल गया है राख में

मैं देख रहा हूँ तुझे
मेरी प्रिया !
लाइन में लगे हुए
सूख रहे एक कुएँ के पास

ओ रात्रिकालीन होटलों में बरतन मलने वाली !
मैं देख रहा हूँ तुझे लेटे हुए
चिथड़ा-चिथड़ा एक तम्बू में
उन अलावों के पास
जलाया है जिन्हें अनाथ बच्चों ने
और याद कर रहे हैं जो
घर के चूल्हे की आग

मुझे विश्वास है, मेरी जान !
चाहे कुछ भी क्यों न करना पड़े तुझे
कैसे भी क्यों न रहना पड़े
चलना पड़े चाहे किसी भी राह पर
निर्वासन की इस आग में, उदासी में
बनी रहेगी तू वैसे ही
जैसे बरकरार है सूरज
समुद्र
और हमारी शानदार यह धरती
हज़ारों-हज़ार बरस से

मुझे क़सम है, तेरे इस रुमाल की
जो तूने उपहारित किया था मुझे
विदा करते हुए
मैं क़सम खाता हूँ, जानम् !
तेरी काली घनी बरौनियों की
मुझे क़सम है तेरी, मेरी जान !
अमर रहेगा फ़िलिस्तीन
हमारा भाग्य फ़िलिस्तीन

चमकते सूरज के नीचे
फ़िलिस्तीन मेरा है
चमकते चान्द के नीचे
फ़िलिस्तीन तेरा है
फ़िलिस्तीन हमारा है, हमारा ही रहेगा

अपने नए गीतों से हम
बेध देंगे ठिठुरती इस हवा को
सूखी धरती में डालेंगे नए बीज
अपने ख़ून से सींचेंगे
लुटे-पिटे खेतों की आत्मा और शरीर
फिर गुज़र जाएँगे लम्बे वर्ष
और उनमें पैदा होगी फ़सल घनी

तेरा नाम — फ़िलिस्तीन
तेरी दृष्टि — फ़िलिस्तीन
तेरे नयन-नक़्श — फ़िलिस्तीन
फ़िलिस्तीन — तेरी आशा
फ़िलिस्तीन — तेरी आवाज़
फ़िलिस्तीन — महिलोचित गरिमा तेरी

फ़िलिस्तीन जिएगी तू
तू मरेगी फ़िलिस्तीन

ओ मेरी प्रिया !
मेरी किताबों का सार और विचार है तू
मेरे गीतों की आग है
हर क्षण तूने सम्पूर्ण किया मेरा जीवन
तेरे बिना होता ये बरबाद और बेरंग
मेरे लिए एकमात्र सर्जक है तू
एकात्म है तू मेरी मातृभूमि के साथ
मेरे इस लबालब हृदय में

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## बलूचिस्तान में गोलीबारी में छह मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में छह मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तुरबत जिले में हुई, जहां बंदूकधारियों ने एक ठेकेदार के परिसर पर हमला किया। ठेकेदार ने पूर्वी पंजाब प्रांत से मजदूरों को काम पर रखा था। हमले के वक्त मजदूर परिसर में सो रहे थे और हमलावर गोलीबारी करने के बाद मौके से भाग गए। हमले में दो मजदूर भी घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।किसी समूह ने हमले की फिलहाल जिम्मेदारी नहीं ली है। हमले के बाद भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी।

# हमास के हमले से कुछ दिन पहले अमेरिकी खुफिया विभाग ने खतरा बढ़ने की चेतावनी दी थी

**वाशिंगटन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कम से कम दो आकलन किए हैं, जो आंशिक रूप से इजरायल द्वारा प्रदान की गई खुफिया जानकारी पर आधारित हैं, जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमास हमले से पहले के हफ्तों में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ते जोखिम की चेतावनी दी गई थी।



सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया, 28 सितंबर के एक अपडेट में, खुफिया जानकारी की कई स्ट्रीम के आधार पर चेतावनी दी गई थी कि आतंकवादी समूह हमास सीमा पार रॉकेट हमलों को बढ़ाने के लिए तैयार है। सीआईए के 5 अक्टूबर के वायर में आम तौर पर हमास द्वारा हिंसा की बढ़ती संभावना के बारे में चेतावनी दी गई थी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, फिर हमले से एक दिन पहले 6 अक्टूबर को अमेरिकी अधिकारियों ने इजरायल से हमास द्वारा असामान्य गतिविधि का संकेत देते हुए रिपोर्ट प्रसारित की- संकेत जो अब स्पष्ट हैं। सूत्रों ने कहा कि किसी भी अमेरिकी आकलन ने 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए ऑपरेशन के व्यापक दायरे, पैमाने और सरासर क्रूरता के बारे में कोई सामरिक डिटेल या संकेत नहीं दिया। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इनमें से कोई भी अमेरिकी आकलन इजरायल के साथ साझा किया गया था, जो कि बहुत सी खुफिया जानकारी प्रदान करता है जिसके आधार पर अमेरिका अपनी रिपोर्टें बनाता है। सीएनएन ने ब्रीफिंग प्राप्त करने वाले एक व्यक्ति के हवाले से कहा कि इजरायल, गाजा और वेस्ट बैंक भी लगभग हर दिन वरिष्ठ अधिकारियों के लिए खुफिया ब्रीफिंग में शामिल हॉट स्पॉट सूची में हैं। नीति निर्माताओं को सूचित करने और उन्हें निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए खुफिया समुदाय द्वारा खुफिया आकलन लिखे जाते हैं।

## इजरायल में घुसपैठ की कोशिश नाकाम : आईडीएफ

**येरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने लेबनान से देश की सीमा के भीतर घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी समूह को मार गिराया है। आईडीएफ ने कहा, थोड़ी देर पहले सैनिकों ने एक आतंकवादी सेल की पहचान की जिसने लेबनान से इजरायली क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया था। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादी सेल को निशाना बनाया और कई आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

## नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा हमास : आईडीएफ

**जेरूसलम।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को आरोप लगाया कि हमास आतंकवादी समूह गाजा में नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, ताकि घिरे हुए इलाके के उत्तरी हिस्सों से उनकी निकासी को रोका जा सके। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को इजरायली सेना ने गाजा शहर और उसके आसपास के लगभग 10 लाख नागरिकों को गाजा के दक्षिणी इलाकों में जाने का आदेश दिया है। शनिवार की सुबह, आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा कि यह चिंताजनक है कि हमास ने संदेशों, चौकियों और जमीन पर स्टॉप का उपयोग करके फिलिस्तीनी नागरिकों को निकलने से रोक दिया और रोकने की कोशिश की। कॉनरिकस ने सीएनएन को बताया कि गाजा पर संभावित जमीनी हमले के बारे में पूछे जाने पर आईडीएफ जमीनी स्थिति का आकलन करेगा। उन्होंने कहा, हमें यह देखने की ज़रूरत है कि क्षेत्र में कितने नागरिक बचे हैं और उनमें से कितने लोगों को हमास ने निकलने से रोक दिया है। हमने इन लोगों को जाने से रोकने के लिए हमास द्वारा सक्रिय प्रयास देखे हैं, जो मुझे लगता है कि बिल्कुल नए स्तर पर भयावह है और एक बार जब हम देखेंगे कि स्थिति युद्ध अभियानों के लिए अनुकूल है, तो वे शुरू हो जाएंगे।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 15 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष -आज आपका दांपत्यजीवन सुखमय रहेगा। इसके साथ ही बाहर घूमने-फिरने और मनपसंद भोजन मिलने का योग है। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी।

वृषभ -आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे।

मिथुन -आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कर्क -शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दु:ख होगा।

सिंह -कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

कन्या -परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

तुला -अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

वृश्चिक -आज आपके विदेश में बसनेवाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। लाभ होगा। आमोद- प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे।

धनु -आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

मकर -व्यवसाय में आपकी आय तथा मान- सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कुंभ -आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। हालांकि मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

मीन -स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़े विरोध का अनुभव करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## लुफ्थांसा ने 16 अक्टूबर तक लेबनान के लिए सभी उड़ानें की रद्द

**बेरूत,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 16 अक्टूबर तक लेबनान के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, मध्य पूर्व में मौजूदा स्थिति के कारण लुफ्थांसा 16 अक्टूबर तक बेरूत/लेबनान के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर रहा है। यह इजरायल में अस्पष्ट स्थिति के कारण 22 अक्टूबर तक तेल अवीव से आने और जाने वाली उड़ानों को निलंबित करने के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में वाहक द्वारा कदम उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल और लेबनान में आतंकवादी पिछले वीकेंड से दोनों देशों के बीच सीमा पर आमने-सामने की गोलीबारी में लगे हुए हैं। हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर अचानक हमला किया और उसके बाद इजराइल ने गाजा पर हमला किया, जिसके बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया। इजराइल के हमलों में दक्षिणी लेबनान में शुक्रवार को कम से कम एक पत्रकार की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने लेबनान में तोपखाने से गोलीबारी की बात स्वीकार करते हुए कहा कि यह किबुत्ज के पास सुरक्षा बाड़ के पास एक विस्फोट के जवाब में था।

# बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी शहरों में सुरक्षा बढ़ाई

**वाशिंगटन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल और हमास के बीच एक सप्ताह से संघर्ष जारी है। पूरे अमेरिका में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और तनाव बढ़ रहा है, इसके कारण सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



इजराइल-हमास युद्ध

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, डी.सी., लॉस एंजिल्स, पोर्टलैंड और पिट्सबर्ग सहित प्रमुख अमेरिकी शहर इस आगामी सप्ताहांत में विरोध प्रदर्शन और संभावित हिंसा से निपटने के लिए उच्च अलर्ट पर हैं। शुक्रवार दोपहर मैनहट्टन के टाइम्स स्क्वॉयर पर सैकड़ों लोग एक रैली में शामिल हुए, उन्होंने नारे लगाए और फिलिस्तीन के लाल, काले और हरे झंडे लहराए। कुछ लोगों ने फ्री फ़िलिस्तीन लिखे हुए तख्तियां पकड़ रखी थीं और गाजा पर बमबारी और इज़रायली सेना की फंडिंग बंद करने की मांग की।

## अमेरिका में इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंसी ने इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ फिलिस्तीनी अमेरिकियों को हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका-अरब भेदभाव विरोधी समिति के कार्यकारी निदेशक अबेद अयूब ने गुरुवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, हमें आज आईसीई द्वारा हिरासत में लिए गएफिलिस्तीनी नागरिकों के संबंध में कई कॉल प्राप्त हुए हैं। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने गुरुवार को विभिन्न राज्यों में कई मस्जिदों के साथ-साथ उन केंद्रों का दौरा किया, जहां अरब कैदियों को रखा गया है। यह एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है।

## वित्तवर्ष 2024 की पहली छमाही के लिए एच-2बी वीजा कैप अनिवार्य सीमा तक पहुंची

**वाशिंगटन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका को वित्तवर्ष 2024 की पहली छमाही के लिए अस्थायी गैर-कृषि श्रमिकों के लिए एच-2बी वीजा पर कांग्रेस द्वारा अनिवार्य सीमा तक पहुंचने के लिए पर्याप्त याचिकाएं मिली हैं। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाने कहा कि 1 अप्रैल, 2024 से पहले रोजगार शुरू करने की तारीख का अनुरोध करने वाले कार्यकर्ता नए कैप-विषय एच-2 बी याचिकाओं के लिए 11 अक्टूबर अंतिम प्राप्ति तिथि थी। 11 अक्टूबर, 2023 के बाद प्राप्त नई कैप-विषय एच-2बी याचिकाएं, जिनमें 1 अप्रैल, 2024 से पहले रोजगार शुरू होने की तारीख का अनुरोध किया गया है, खारिज कर दी जाएंगी। आव्रजन एजेंसी ने कहा कि वह एच-2बी याचिकाओं को स्वीकार करना जारी रखेगी, जिन्हें कांग्रेस द्वारा अनिवार्य सीमा से छूट दी गई है, जिसमें अमेरिका में वर्तमान एच-2बी कर्मचारी शामिल हैं जो अपने प्रवास का विस्तार करते हैं, नियोक्ता बदलते हैं, या अपने रोजगार के नियमों और शर्तों को बदलते हैं। इसमें फिश रो प्रोसेसर, फिश रो तकनीशियन और/या फिश रो प्रसंस्करण के पर्यवेक्षक और 28 नवंबर, 2009 से 31 दिसंबर, 2029 तक उत्तरी मारियाना द्वीप और/या गुआम के राष्ट्रमंडल में श्रम या सेवाएं करने वाले श्रमिक भी शामिल हैं। एच-2बी वीजा मौसमी/अस्थायी नौकरियों के लिए जारी किया जाता है, जो नियोक्ताओं को अमेरिका में श्रमिकों की कमी को पूरा करने के लिए कुशल या अकुशल श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। इस समय एच-2बी सीमा 66,000 प्रति वित्तवर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें 33,000 उन श्रमिकों के लिए है जो वित्तवर्ष वर्ष की पहली छमाही (1 अक्टूबर-31 मार्च) में रोजगार शुरू करते हैं और 33,000 (साथ ही पहली छमाही से कोई भी अप्रयुक्त संख्या) वित्तीय वर्ष) उन श्रमिकों के लिए जो वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही (1 अप्रैल- 30 सितंबर) में रोजगार शुरू करते हैं।




## स्कूल पर हमले के बाद फ्रांस ने सुरक्षा अलर्ट बढ़ाया

**पेरिस**, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने उत्तरी शहर अर्रास के एक स्कूल में एक हमलावर द्वारा एक शिक्षक की चाकू मारकर हत्या करने और तीन अन्य लोगों को घायल करने के बाद देश को उच्चतम सुरक्षा अलर्ट पर रखा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमला शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गैम्बेटा हाई स्कूल में हुआ। पुलिस ने हमलावर की पहचान चेचन मूल के 20 वर्षीय रूसी नागरिक मोहम्मद मोगुचकोव के रूप में की है। वह फिलहाल पुलिस की हिरासत में है। बोर्न ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वर्तमान संदर्भ में और अर्रास में आतंकवादी हमले के बाद, मैंने सुरक्षा को आपातकालीन स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

फ्रांसीसी सार्वजनिक टेलीविजन टीएफ1 से बात करते हुए, आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने कहा कि सरकार उन स्थानों की निगरानी के लिए कुछ हजार और सुरक्षा बलों को जुटाएगी जहां जनता इकट्ठा होती है। उस संदिग्ध के बारे में जिसने चाकू से हमला किया और अब पुलिस हिरासत में है, दर्मैनिन ने कहा कि अपराधी को कट्टरपंथ के लिए फ्रांसीसी सुरक्षा सेवाओं द्वारा चिह्नित किया गया है।

## आज का इतिहास

1542- मुगल सम्राट अकबर का जन्म।
1686- औरंगजेब ने बीजापुर के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
1918- शिरडी के साईं बाबा ने शरीर त्यागा।
1686- बीजापुर के साथ मुग़ल शासक औरंगजेब ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1815- नेपोलियन बोनापार्ट ने शर्मनाक हार का सामना किया।
1866- कनाडा स्थित फ्रेंच बहुल क्षेत्र क्यूबेक में आग लगने से पूरा शहर तबाह हो गया।
1923- लीवर्ड द्वीप के उत्तर में उष्णकटिबंधीय तूफ़ान आया।
1924- तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति काल्विन कूलीड्ज ने स्टेच्यु ऑफ लिबर्टी को राष्ट्रीय स्मारक करार दिया।
1931- पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम का जन्म।
1932- टाटा समूह ने पहली एयरलाइन की शुरुआत की।
1949- त्रिपुरा राज्य को भारत में शामिल किया गया।
1951- स्वेज नहर समझौते को मिस्र की संसद ने ठुकराया।
1958- मिस्र के साथ अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया ने राजनीतिक संबंध तोड़े।
1961- कवि, उपन्यासकार, निबन्धकार और कहानीकार सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
1970- मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में अनवर सदत ने शपथ ली।
1978- पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में सोवियत संघ ने सफलतापूर्ण परमाणु परीक्षण किया।
1988- दुनिया की समुद्री यात्रा करने वाली एशिया की प्रथम महिला उज्ज्वला पाटिल ने यह कारनामा आज के दिन ही पूरा किया।

**आयोजन** लोकसभा अध्यक्ष ने पी-20 में पचेको का किया स्वागत

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर आईपीयू ने किया भारत का समर्थन

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) के अध्यक्ष दुआर्ते पचेको ने भारत का समर्थन करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ शनिवार को एक द्विपक्षीय बैठक में श्री पचेको ने कहा कि भारत का वैश्विक दृष्टिकोण आईपीयू के दृष्टिकोण के भांति है और आईपीयू संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

जी-20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां शिखर सम्मेलन पी-20 आईपीयू के सहयोग से आयोजित हो रहा है। श्री बिरला ने पी-20 में श्री पचेको का स्वागत करते हुए कहा कि प्राचीन लोकतंत्र, विशालता और विविधता भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और समानता भारतीय संविधान में निहित है। देश में एक सक्षम और स्वतंत्र न्यायपालिका है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत आईपीयू के साथ मजबूत संसदों के निर्माण के एजेंडे का अनुसरण करता है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि वैश्विक विषयों और समकालीन चुनौतियों के समाधान के लिए संसदों की भूमिका को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि श्री पचेको के सक्षम नेतृत्व और निर्देशन में आईपीयू विश्व व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दुनिया की संसदों को जोड़ने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। दुनिया में स्थायित्व मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। श्री पचेको ने जी-20 अध्यक्षता की सफलता और पी-20 के सफल आयोजन के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा, एक पुर्तगाली के तौर पर कह सकता हूं कि दोनों देशों के संबंध बेहद मजबूत है।



## धनखड़ ने की दुआर्ते पचेको से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को अंतर संसदीय संघ (आईपीयू)के अध्यक्ष दुआर्ते पचेको के साथ द्विपक्षीय बैठक की और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। श्री धनखड़ और श्री पचेको की यह बैठक यहां यशोभूमि में जी 20 के सदस्य देशों के संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन- पी 20 के दौरान अलग से हुई। दोनों नेताओं की बैठक में अंतर संसदीय सहयोग और विभिन्न देशों की संसदों के बीच अंतर संसदीय संघ की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। श्री धनखड़ और श्री पचेको ने वैश्विक मुद्दों समेत समसामयिक वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की।

## सुडोकू 6347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6347

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. चुना हुआ, निर्वाचित
३. सबसे नीचे
५. नामुकम्मल
६. पद, पैर
७. मोर्चाबंदी, रणनीति
८. गरमी के प्रभाव में रुकावट
१३. दूसरे की निंदा
१५. सागर
१६. सूर्य किरण
१७. वधिक
१८. जंगल, वन
२०. कर्ण
२२. जिसे फायदा हुआ हो
२३. आकाशचारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. अस्थिर और स्थिर
२. महारत, दक्षता
३. नि:शस्त्र
४. टेकनीक
५. कमी, किल्लत
९. सुदृढ़, मजबूत (उर्दू)
१०. खुद का बनाया हुआ
११. गुलाम, सेवक
१२. भला आदमी
१४. एक वादक यंत्र
१७. आक्रमण (उर्दू)
१९. भूत, प्रेत
२०. आखिर, नाश
२१. लोग

### वर्ग पहेली-6346

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | ख | २ र | ना | ■ | ■ | 3 रू | का | ४ व | ट |
| म्न | ■ | ह | ■ | ५ उ | त्कृ | ष्ट | ■ | र | ■ |
| ६ त | मी | ज | ■ | द्धा | ■ | ७ ज | म | दि | न |
| म | ■ | ८ न | ९ ग | र | ज | न | ■ | ल | |
| ■ | १० स्व | ■ | दा | ■ | ■ | ■ | ११ शु | ■ | १२ ख |
| १३ न | र | व | ध | ■ | १४ क | ■ | १५ भ | द्र | ता |
| ■ | च | ■ | १६ र | स | नी | या | ■ | ■ | वा |
| १७ अ | ना | थ | ■ | ■ | नि | ■ | १८ अ | १९ पा | र |
| ग्र | ■ | ■ | २० स | र | का | २१ र | ■ | ग | ■ |
| २२ जा | न | व | र | ■ | ■ | २३ ब | हु | ल | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### लंदन में सभ्यता का रास्ता वर्ल्ड टूर की ब्रिटेन विशेष प्रदर्शनी शुरू

**बीजिंग,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। चाइना मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित सभ्यता का रास्ता वर्ल्ड टूर की ब्रिटेन विशेष प्रदर्शनी लंदन में उद्घाटित हुई। उद्घाटन समारोह में सीएमजी के अध्यक्ष शन हाईशोंग ने एक वीडियो भाषण दिया। चीनी दूतावास के प्रतिनिधि, मशहूर ब्रिटिश अध्ययनकर्ताओं और युवाओं समेत 80 से अधिक मेहमान इस में उपस्थित हुए। शन हाईशोंग ने अपने भाषण में कहा कि सभ्यता का रास्ता वास्तव में चीनी श्रेष्ठ पारंपरिक संस्कृति की खोज की यात्रा है। सीएमजी मीडिया के कर्तव्य निभाकर सृजनात्मक रूप से चीनी संस्कृति का प्रचार करेगा, चीन और यूरोप के बीच लोगों के संपर्क बढ़ाएगा और मानवता के साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण के लिए बुद्धिमत्ता और शक्ति प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह पर सभ्यता के रास्ते पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। अनेक ब्रिटिश अध्ययनकर्ताओं ने विश्व में शानदार चीनी सभ्यता का योगदान, विश्व शांति के लिए वैश्विक सभ्यता वार्तालाप के महत्व जैसे मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया।

# प्रादेशिकी

**सीएम धामी ने की जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी**

**नैनीताल,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्होंने यहां पर्यटकों से भी बातचीत की। वाइल्ड लाइफ ड्रेस पहने सीएम धामी ने यहां पर्यटकों से उनके सुझाव भी लिए। रामनगर पहुंचे सीएम धामी ने शुक्रवार को कॉर्बेट पार्क झिरना फॉरेस्ट रेंज में सफारी की। उन्होंने यहां गेट पर ही खड़े पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया। पार्क के भीतर हिरन, टाइगर देख वह रोमांचित हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पर्यटकों के साथ टाइगर पर्यटन की चर्चा की। सीएम धामी ने यहां हाथियो को भोजन भी खिलाया।

## हिमाचल में सुरक्षित ट्रैकिंग के लिए रूट अधिसूचित करेगी सरकार: सुक्खू

**शिमला,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ट्रैकिंग के शौकीनों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ठोस कदम उठा रही है। ट्रैकर्स के लापता होने की घटनाओं को कम करने के दृष्टिगत राज्य सरकार एक नई पहल करने जा रही है। ट्रैकर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को प्रदेश में ट्रैकिंग रूट अधिसूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि वन विभाग पहली बार मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप तथा उस रूट पर उपलब्ध ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह ट्रैकिंग रूट्स अधिसूचित करेगा। विभाग इन रूट्स को ईको-टूरिज्म सोसाइटी के माध्यम से ट्रैकर्स को एक पैकेज के रूप में पेश करेगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और बेहतर सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। पैकेज में ट्रैकिंग रूट से संबंधित पूरी जानकारी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा,''ट्रैकर्स कई बार रूट पर जाकर भटक जाते हैं और उनके साथ अनहोनी घटनाएं भी सामने आती रहीं हैं। उन्हें ढूंढने के लिए राज्य सरकार को बचाव अभियान चलाने पड़ते हैं, जिसमें काफी संसाधन लगते हैं। ऐसे में वन विभाग ट्रैकर्स की सुविधा को देखते हुए इन रूट्स को अधिसूचित करेगा, जिससे ट्रैकर्स की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।''



> वन विभाग पहली बार मौसम की परिस्थितियों के अनुरूप तथा उस रूट पर उपलब्ध ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह ट्रैकिंग रूट्स अधिसूचित करेगा। विभाग इन रूट्स को ईको-टूरिज्म सोसाइटी के माध्यम से ट्रैकर्स को एक पैकेज के रूप में पेश करेगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े : सुखविंदर सिंह सुक्खू

उन्होंने कहा कि ट्रैकिंग पर जाने से पहले इच्छुक व्यक्ति को पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। उन्हें अनिवार्य रूप से ट्रैकिंग डिवाइस दिए जाएंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनकी भौगोलिक स्थिति का पता लगाने में आसानी हो और उन्हें समय पर मदद पहुंचाई जा सके। वन विभाग ट्रैकर्स को गाइड की भी सुविधा उपलब्ध करवाएगा। इन गाइड्स का भी पंजीकरण किया जाएगा और वन विभाग उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी में पर्यटन की मुख्य भूमिका है इससे राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है, वहीं हजारों परिवारों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होते हैं। ऐसे में राज्य सरकार प्रदेश में धार्मिक, साहसिक तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। सरकार ने प्रतिवर्ष प्रदेश में पांच करोड़ पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य रखा है तथा इसी के अनुरूप आधारभूत सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं।

## पांगी घाटी में सड़क व मोबाइल नेटवर्क सुविधा को किया जाएगा सुदृढ़: प्रतिभा

**चंबा/पांगी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि पांगी घाटी में सड़कों के सुधार व मोबाइल नेटवर्क सुविधा को सुदृढ़ किया जाएगा। श्रीमती सिंह ने यह भी कहा कि शौर में निर्मित होने वाली विद्युत परियोजना के स्थान को परिवर्तित करने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बात करेंगी। यह बात आज उन्होंने भरमौर विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल पांगी की पंचायत शौर पुर्थी,मिन्धल माता,चेरी बंगला, सिद्ध मंदिर व किलाड़ में जन समस्याओं को सुनते हुए कही। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री स्व वीरभद्र सिंह को याद करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों विशेष तौर पर जनजातीय क्षेत्रो के विकास को प्रमुखता दी थी। जनजातीय क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी भी विशेष प्राथमिकता में शामिल है। श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रदेश इस समय आपदा के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन से 12000 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आपदा प्रभावित लोगों को राहत देने व उनके पुनर्वास के लिए 4500 करोड़ का एक आपदा कोष स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी व उपमंडल स्तरीय कांग्रेस पदाधिकारीयों ने ने सांसद प्रतिभा सिंह का घाटी में पहुंचने पर स्वागत किया व घाटी की समस्याओं से अवगत करवाया।

## प्ले स्कूल बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण: डॉ. शांडिल

**सोलन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने कहा कि प्ले स्कूल बच्चों को भावी शिक्षा के लिए पूर्ण रूप से तैयार करने में बेहतर कार्य कर रहे हैं। डॉ. शांडिल शनिवार को यहां यूरो किड्स स्कूल सोलन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि शिक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण अध्यापक हैं, जोकि बच्चों की नींव मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरूओं के मार्गदर्शन में ही बच्चे जीवन की ऊंची से ऊंची उड़ान भरने में सक्षम होते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर नन्हे छात्रों के अभिभावकों से आग्रह किया कि इन बच्चों को भविष्य का उत्तरदायी नागरिक बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा व्यापक समस्या बनकर उभरा है। छोटे बच्चों के अभिभावकों को न केवल एक आदर्श प्रस्तुत करना होगा किंतु बच्चों की गतिविधियों पर भी सदैव ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि एकता के साथ ही हम नशे को हरा पाएंगे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्ले स्कूल के अध्यापकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह अध्यापक बहुत छोटी आयु के बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। इस स्तर पर अभिभावकों और अध्यापकों का



आपसी तालमेल आवश्यक है।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों व अन्य को सुखाश्रय योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत चिन्हित किए गए लगभग 2700 अनाथ बच्चे, जो कि अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं, को भी 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 4000 रुपये मासिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों के संरक्षण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और इस योजना में मातृत्व देखभाल की आवश्यकता वाले प्रत्येक बच्चे के लिए एक परिचारिका का भी प्रावधान किया गया है और प्रत्येक बढ़ते तीन बच्चों के लिए एक मैट्रन का भी प्रावधान है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस योजना के बारे में लोगों को अवगत करवाएं ताकि कोई भी पात्र बच्चा न छूट पाए।

### सार संक्षेप

#### सुपरवाइजरों व मजदूरों के लिए पदोन्नति नीति बनाई जाए : यूनियन

**शिमला।** सैहब सोसाइटी वर्कर यूनियन की बैठक सीटू कार्यालय शिमला में सम्पन्न हुई जिसमें सुपरवाइजरों व मजदूरों को सरकार द्वारा घोषित वेतन देने तथा उनके लिए पदोन्नति नीति बनाने की मांग की गयी। यह जानकारी सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने शनिवार को यहां दी। उन्होंने कहा कि कहा कि सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों की मांगों को लेकर 17 अक्तूबर को यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त शिमला से मिलेगा व उन्हें मांग पत्र सौंपेगा। उन्होंने कहा कि इस महीने एक दर्जन सुपरवाइजरों व आउटसोर्स कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है जोकि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है। नगर निगम प्रशासन द्वारा हर महीने सुपरवाइजरों व आउटसोर्स कर्मियों के वेतन को रोकने तथा सैहब कर्मियों के वेतन को 7 तारीख के बाद देने की परंपरा कानून विरोधी है। अगर यह परंपरा बन्द न की गयी तो मजदूर हड़ताल पर उतर जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि सैहब वर्करज़ को नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए। उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के सन 1992 के आदेश, सातवें वेतन आयोग की जस्टिस माथुर की सिफारिशों व 26 अक्तूबर 2016 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 26 हज़ार वेतन दिया जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। उन्हें कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं। सैहब में आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को सैहब के अंतर्गत लाया जाए व उन्हें समय पर वेतन दिया जाए। सैहब कर्मियों को लाभ दिया जाए।

#### नवरात्र में शुरू होगी 'दर्शन योजना'

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार रविवार से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र में इस बार पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर 'दर्शन योजना' शुरू करने जा रही है। दर्शन योजना के तहत नवरात्रों में श्रद्धालुओं को प्रदेश के शक्तिपीठों के दर्शन करवाए जाएंगे। हिमाचल के भाषा कला एवं संस्कृति विभाग और पथ परिवहन निगम द्वारा मिलकर नवरात्रों में नई पहल शुरू की जा रही है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल देवी देवताओं की भूमि हैं सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में धर्मशाला से बस सेवा की शुरुआत होगी जो एक ही दिन में मां चिंतपूर्णी के दर्शन के साथ ही भक्तों को मां ज्वालामुखी के दर्शन भी करवाएगी। धीरे-धीरे दर्शन योजना का विस्तारीकरण किया जाएगा। श्रद्धालु विभाग द्वारा जारी नंबरों पर संपर्क करके अपनी सीट बुक करवा सकते हैं। इसके अलावा भाषा कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में स्थित ऐतिहासिक मंदिरों के जीर्णोद्धार की योजना भी बना रहा है।

#### सुडोकू 6347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

## हड़ताल छोड़ आपदा प्रभावितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएं जिला परिषद कर्मी : अनिरुद्ध सिंह

**शिमला,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, अनिरूद्ध सिंह ने हड़ताल पर गए जिला परिषद कर्मचारियों से प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के उपरांत राहत एवं पुनर्वास कार्यों के दृष्टिगत काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में उनकी सेवाएं नितांत आवश्यक हैं।



आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में श्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि इस वर्ष की बरसात में हिमाचल प्रदेश ने इतिहास की सम्भवत: सबसे भीषण त्रासदी का सामना किया है। भारी बारिश एवं भू-स्खलन के कारण लोगों के घर, गौशालाएं ढह गईं तथा निजी एवं सार्वजनिक सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। कृषि एवं बागवानी भूमि तथा फसलों को भी भारी क्षति हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रभावित परिवारों को मदद के लिए 4500 करोड़ रुपये का विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया है। इसमें लोगों के घर बनाने से लेकर गौशालाओं तथा कृषि भूमि के संरक्षण के कार्य शामिल किए गए हैं। मनरेगा के तहत प्रदेश सरकार लगभग एक हजार करोड़ रुपये ग्रामीण जीवन को पुनर्जीवित करने के लिए व्यय करने जा रही है।

श्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि यह सभी कार्य पंचायत स्तर पर पूर्ण किए जाने हैं जिसमें जिला परिषद कर्मचारियों की प्रमुख भूमिका होती है। उन्होंने हड़ताल पर गए सभी कर्मियों से अपील की है कि वे प्रभावित परिवारों के दु:ख-दर्द को समझते हुए वापिस काम पर लौट जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जिला परिषद कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने दोहराया कि विभिन्न वित्तीय बाधाओं के बावजूद वर्तमान प्रदेश सरकार ने भी सदैव कर्मचारी हित में निर्णय लिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शुरू से ही जिला परिषद कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूरी तरह से गम्भीर है। ऐसे में कर्मचारियों को विपक्ष के किसी भी प्रकार के झांसे में न आकर संयम बरतते हुए प्रभावित परिवारों तथा प्रदेश हित की सोच के साथ कार्य पर लौटने संबंधी उचित कदम उठाना चाहिए।

## भ्रूण लिंग जांच गिरोह का पर्दाफाश, महिला दलाल सहित तीन गिरफ्तार

**सिरसा,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने शनिवार को बरवाला कस्बा में भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने इस मामले में महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर थाने में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सिरसा नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन महेंद्र भादू को इस गिरोह के बारे में गुप्त सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने पीएनडीटी नोडल आफिसर डॉ. भारत भूषण व डॉ.हरसिमरन के नेतृत्व में टीम का गठन किया। उक्त टीम ने हिसार पीएनडीटी नोडल ऑफिसर प्रभु दयाल के सहयोग से गिरोह को रंगे हाथों पकडऩे की योजना बनाई। टीम ने दलाल सुनीता के माध्यम से भ्रूण लिंग जांच कराने का सौदा तय किया। उक्त दलाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई फर्जी गर्भवती महिला को स्वयं के घर ले गई। जैसे ही उक्त डेकोय दलाल सुनीता के घर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर रेड कर दी।

## कर्ज पर कर्ज ले रही सरकार और विकास ठप : बिंदल

**शिमला,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्तमान कांग्रेस की सरकार को सत्ता में आए लगभग 10 महीने हुए हैं और लगभग 10 हजार करोड़ रू का कर्ज सरकार ले चुकी है।

डॉ0 राजीव बिन्दल प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि विगत 10 महीने में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने लगभग 1500 संस्थान इस नाम पर बंद कर दिए कि सरकार के पास इन संस्थानों को चलाने का पैसा नहीं है।

विगत 10 महीनों में हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया, इस नाम पर कि उनके पास उन्हें देने के लिए तनख्वाह नहीं है। इसके विपरीत एक भी नया अस्पताल, स्कूल, कॉलेज का कार्यालय वर्तमान सरकार ने नहीं खोला, केवल इसलिए कि सरकार के पास पैसा नहीं है परन्तु इसी महीने सरकार 1000 करोड़ रू का कर्ज ले रही है और इससे पहले भी लगभग 9000 करोड़ रू का कर्ज ले चुकी है। सवाल यह है कि विकास बंद है, संस्थान बंद है और कर्ज पर कर्ज लिया



जा रहा है। अगर इस कर्ज लेने की गति का औसत लगाए तो 1000 करोड़ रू प्रतिमाह की औसत आ रही है। डॉ0 बिन्दल ने कहा कि 5 साल में 60 महीने होते हैं और इस गति से यह कर्ज 60 हजार करोड़ रू होगा।

यह कर्ज लेने की गति तो बिना विकास कार्य के है और यदि कांग्रेस द्वारा गांरटियां पूरी करनी है तो कम से कम 50 हजार करोड़ रू और कर्ज चाहिए। इस प्रकार पूर्व सरकारों को जिसमें कांग्रेस पार्टी की सरकारें शामिल है, को कर्ज लेने के लिए कोसने वाली सुखविन्द्र सरकार उससे दोगुना कर्ज ले रही है अर्थात ''औरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत'' की कहानी चरितार्थ कर रहे हैं।

## हिमाचल में क्रिप्टो करेंसी ठगी मामले में एसआईटी ने रिकॉर्ड कब्जे में लिया



**शिमला,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी मामले में हिमाचल पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपियों की संपत्ति, बैंक खातों की डिटेल के बाद रिश्तेदारों और सगे संबंधियों की संपत्तियों की भी जानकारी मांगी जा रही है।

इसके अलावा राजस्व रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। इन आरोपियों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों और एजेंटों से भी पूछताछ चल रही है। शिकायतकर्ता पैसा लौटाने की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आरोपियों का रिकॉर्ड कब्जे में लिया है। आरोपियों के मोबाइल नंबर, सिम, पैन ड्राइव, हार्ड डिस्क की पड़ताल कर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है। इन आरोपियों की कहां कहां बात होती थी, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि आरोपियों की लगातार एजेंटों से बात होती रही है। इन एजेंटों को गांव और शहरों में जाकर लोगों को पैसा निवेश करने को कहना जाता था। एक साल में पैसा डबल किए जाने का झांसा दिया जाता था। इसके अलावा इनकी पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी बात होती रही है। एसआईटी यह घोटाला एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का मानकर रही है।

उल्लेखनीय है कि एसआईटी ने इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी सुभाष पुलिस की पकड़ से बाहर है। हिमाचल और पंजाब पुलिस को सुभाष की तलाश है।

## टोहाना में शॉपिंग मॉल में लगी भयंकर आग, कई करोड़ का सामान खाक

**सिरसा,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा में फतेहाबाद जिला के कस्बा टोहाना में शुक्रवार आधी रात को एक शॉपिंग मॉल में भयंकर आग लग गई। आग लगने से करोड़ों रुपयों का सामान जलकर स्वाह हो गया। वहीं मॉल के ऊपर बने होटल में ठहरे चार लोग फंस गए, जिन्हें फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बमुशिकल सुरक्षित बाहर निकाला।

इसके अलावा यहां रखे चार-पांच गैस सिलेंडर भी तुरंत बाहर निकाले गए। आधी रात को भभकी आग पर टोहाना के अलावा धारसूल, भूना, जाखल, रतिया फतेहाबाद की फायर ब्रिगेड की गाडियों ने पहुंचकर काबू पाया। आग पर सुबह तीन बजे के आसपास कंट्रोल में हुई और आज तड़के छह बजे तक यहां पुलिस व दमकल कर्मी बचाव कार्य में जुटे रहे। मॉल में इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, अटैची, गिफ्टस, कुर्सियों



सहित घर के सजावटी आईटम जैसी करोड़ों रुपये का सामान रखा हुआ था। शॉपिंग मॉल संचालक राधेश्याम आगजनी से लगभग 13 करोड़ रुपयों के नुकसान होना बता रहा है। राधेश्याम के अनुसार टोहाना के डांगरा रोड पर बस स्टैंड से कुछ ही दूरी पर स्थित यूनिक मॉल में अज्ञात कारणों से देर रात आग लग गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों के अनुसार आग ऊपरी मंजिल पर लगी थी जो भभकते हुए जाल से नीचे तक पहुंच गई। जब वे वहां पहुंचे तो धुआं और भभकती आग से रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी परेशानी हुई। इस दौरान उन्हें बताया गया कि होटल में कुछ लोग रुके हैं। कड़े प्रयास कर ऊपरी मंजिल में फंसे चार लोगों को बाहर निकाला गया। आग बढ़ते देख आसपास क्षेत्रों से ओर दमकल गाडियां बुलाई गई। मॉल संचालक राधेश्याम ने बताया कि उनकी रिहायश मॉल के पिछली साइड ही है। रात को वह सोये हुए थे। उनके पुत्र तरुण के पास पड़ोसी ने फोन से सूचना दी कि उनके मॉल में धुआं निकल रहा है, सूचना पाकर वे मौके पर पहुंचे तो भयंकर आग लगी हुई थी। जिसके बाद तुरंत फॉयर ब्रिगेड व पुलिस को सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर उन्होंने काफी ज्यादा सामान स्टॉक किया हुआ था। नुकसान का सही अंदाजा तो अभी नहीं लगाया जा सकता, लेकिन लगभग 13 करोड़ रुपये का सामान अंदर पड़ा था।

## अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे मुख्यमंत्री : विजय

**शिमला,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व चेयरमैन एवं प्रत्याशी विजय अग्निहोत्री ने कहा की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस स्तर की राजनीति पर पहुंच गए हैं कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र नादौन के अंतर्गत अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं और भाजपा के कार्यकर्ताओं के ऊपर दबाव डालकर उनका कांग्रेस पार्टी में ज्वाइन करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सभी कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान दिया था और हमारा कार्यकर्ता दृढ़ निश्चय के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य करता है, चाहे हम पन्ना प्रमुख की बात कर ले या बूथ अध्यक्ष की बात करें।

पर अगर सत्ता का दुरुपयोग करना सीखना है तो हमें कांग्रेस पार्टी के नेताओं से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से वह भाजपा के कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाकर उनको कांग्रेस में ले जा रहे हैं। यह अनैतिक है और स्वस्थ राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

## आपदा में राहत से लेकर कानून-व्यवस्था चलाने में नाकाम रही सरकार: ठाकुर

**शिमला,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य की वर्तमान सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल है। आधा महीना हो चुका है लेकिन अभी तक एचआरटीसी के कर्मचारियों का वेतन नहीं आया है। यह वेतन कब तक आएगा, यह भी नहीं पता है। यह सरकार वित्तीय प्रबंधन के मामले में पूरी तरह से नाकाम रही है।

श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के लोग इस सरकार से मात्र दस महीनें में ही त्रस्त हो गये हैं। हर जगह असंतोष फैला हुआ है। लोग सड़कों पर हैं, न सरकार से आपदा राहत और पुनर्वास का काम सही ढंग से हो पा रहा है न ही युवाओं को रोज़गार देने का। क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि वेतन से परिवार चलता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सरकार एचआरटीसी कर्मचारियों के वेतन अविलंब जारी करे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोविड कर्मियों को छह माह का बिना वेतन दिए निकाल दिया है।



श्री ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार से प्रदेश में हर वर्ग के लोग नाराज़ हैं। इसका कारण है कांग्रेस द्वारा बोला गया सफ़ेद झूठ। चुनाव के पहले कांग्रेस ने प्रदेश के हर वर्ग से झूठे वादे किए थे। जिसे पूरा करने की मांग अब लोग सरकार से कर रहे हैं और सरकार अपने किए गए वादों को पूरा करने के मूड में नहीं है। ज़िला परिषद के कर्मचारी एक महीनें से ज़्यादा समय से धरने पर हैं। पेन डाउन स्ट्राइक कर रहे हैं। सारे कामकाज ठप पड़े हैं लेकिन सरकार को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायतों के ज़्यादातर कम जिला परिषद कर्मचारियों द्वारा किए जाते हैं। वह सारा का सारा काम ठप पड़ा है और पंचायत प्रधान बेबस हैं, वह अपनी मोहरें लौटाने की धमकी दे रहे हैं लेकिन सरकार को कोई फ़र्क़ ही नहीं पड़ रहा है। सरकार को ज़िला परिषद के सभी मुद्दों को अविलंब सुलझाना होगा और उनसे किए गए वादे को पूरा करना होगा।

उन्होंने कहा कि अभी पटवारियों द्वारा भी धरने की धमकी दी गई है जिसे सरकार ने झूठा आश्वासन देकर कुछ वक़्त के लिए टाल दिया है। सरकार उनकी मांगो को भी लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार आपदा राहत के मोर्चे पर पूरी तरह फेल रही। मुख्यमंत्री के दावों के उलट बहुत लोगों को नाममात्र का सहयोग मिला। आपदा राहत देने में अपना पराया किया गया। राहत राशि की बन्दरबांट हुई। आपदा प्रभावितों को दिये गए टेंट की गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं हैं। एक-दो महीनें में ही टेंट ख़राब हो गये। आगे लोग उन टेंट्स में आगे कैसे रहेंगे।

श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था के बुरे हाल हैं। माफिया प्रदेश में मज़बूत हो रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन बाहुबल के प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। आए दिन गोलीबारी और अपराध से अपना प्रभाव दिखाने की कोशिशों की खबरें आ रही हैं। ऐसे लोग किसकी शह पर इस तरह के काम कर रहे हैं, इसका जवाब सरकार को देना होगा। प्रदेश को अपराध और माफिया मुक्त बनाने की दिशा में सरकार को कदम उठाने होंगे।

## हिमाचल में चंबा से जोड़ने वाला साच पास मार्ग बर्फबारी होने से बंद

**शिमला,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में रविवार और सोमवार को भारी बारिश और बर्फबारी का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है। साथ ही 17 अक्टूबर तक प्रदेश में मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान है। आगामी 18 अक्टूबर से मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 15 और 16 अक्टूबर को चंबा, कुल्लू, कांगड़ा और लाहौल-स्पीति के कई क्षेत्रों में 'ऑरेंज अलर्ट' का असर रहेगा।

इस दौरान इन जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश की चेतावनी जारी हुई है। शेष जिलों के लिए इस दौरान येलो अलर्ट जारी हुआ है। उधर, जनजातीय क्षेत्र पांगी को जिला मुख्यालय चंबा से जोड़ने वाला साच पास मार्ग बर्फबारी होने से यातायात के लिए बंद हो गया है। इससे पांगी का संपर्क चंबा से कट गया है। शनिवार तड़के साच पास में बर्फबारी शुरू हो गई। घाटी में जोरदार बारिश भी हुई।

साच पास में पांच से छह इंच बर्फबारी हुई है। पांगी की ऊपरी पहाड़ियों पर भी शाम के समय बर्फबारी हुई। शनिवार को राजधानी शिमला सहित अधिकांश जगह हल्के बादल छाए रहने के साथ बीच-बीच में धूप खिली। ऊना में अधिकतम तापमान 32.0, बिलासपुर में 31.2, सुंदरनगर में 31.0, नाहन में 28.0, मंडी में 27.8, सोलन में 27.3, धर्मशाला-भुंतर में 26.0, कांगड़ा में 22.9, शिमला में 21.4, कल्पा में 19.5 और मनाली में 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# प्रादेशिकी

## परचून की दुकानों पर की गई छापेमारी की कार्रवाई

**फर्रुखाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड राजेपुर के ग्राम भुडिया भेड़ा में अमृतपुर उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा परचून की दुकानों पर छापामारी की गई। जिसमें कई खाद्य वस्तुएं एक्सपायर पाई गईं। अमृतपुर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया है कि उन्हें आज सुबह एक शिकायती पत्र मिला था। जिसमें बताया गया था कि ग्राम भुढ़िया भेड़ा में परचून की दुकानों पर कई एक्सपायर वस्तुएं बेची जा रही हैं। जिसके आधार पर उनके द्वारा ग्राम भुढ़िया भेड़ा बंसीलाल की दुकान परचून की दुकानों पर छापेमारी की गई। इसमें खाद्य पदार्थ जैसे बिस्कुट, नमकीन, टोस्ट, ब्रेड तथा अन्य की जांच की गई। जिसमें कई वस्तुएं एक्सपायर पाई गई। उन्होंने बताया है कि उनके द्वारा खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी को जिसकी सूचना दी जा चुकी है।

# प्रदेश में लोकप्रिय हुआ मिशन शक्ति अभियान : योगी

**लखनऊ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना कर किया, जो राजधानी के विभिन्न पड़ाव से होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से रूबरू

- **मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र से पहले मिशन शक्ति के चौथे चरण का किया आगाज**
- **मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण रैली को किया रवाना**

कराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि 'मिशन शक्ति' अभियान पूरे प्रदेश में लोकप्रिय हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि खुद में इच्छा शक्ति, सरकार व प्रशासन का समर्थन हो तो महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020 में महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसकी थीम थी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन। तीन मुद्दों को लेकर शुरू हुआ कार्यक्रम आज मिशन शक्ति के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम ने प्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने के साथ पूरे देश में महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने और




**खुद में इच्छा शक्ति, सरकार व प्रशासन का समर्थन हो तो कुछ भी कर सकती हैं महिलाएं : योगी आदित्यनाथ**

अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में अग्रणी राज्य बन गया। मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है, जो यह दर्शाता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है। मिशन शक्ति के इस चौथे चरण का भी यह उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाती है, लेकिन जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्हे इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती। इसकी वजह से वह इसका लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जागरुकता रैली का शुभारंभ किया गया है। इसके बाद प्रदेश के हर जनपद के स्कूल, कॉलेज में प्रभात रैलियां निकाल जाएंगी। इसके अलावा उन जनपदों में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को लेकर अच्छा काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 15 अक्टूबर से हर शहर, गांव और नगर निकायों के वार्ड में केंद्र और राज्य सरकार की महिला संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान सरकार की ओर से महिलाओं और बेटियों की रक्षा से संबंधित उठाए गए विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया जाएगा। पहले प्रदेश में लोग महिलाओं के बारे में बोलते थे कि वह बहुत पढ़ी-लिखी नहीं है तो वह क्या काम कर पाएंगी, लेकिन हमारी सरकार ने इस धारण को बदला। आज बीसी सखी, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी बन कर वह गांव में बैंक की कमी को पूरा कर रही हैं। इतना ही नहीं वह गांवों के लोगों की विपत्ति के समय में मदद भी कर रहीं हैं। इन महिलाओं को सरकार की ओर से छह माह का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सरकार ने मानदेय भी दिया। इनमें सबसे कम 25 हजार रुपये और सबसे अधिक सवा से डेढ़ लाख तक महिलाएं कमा रहीं हैं। इस प्रयास को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे पहले वर्ष 2019 में तीसरी और पांचवीं पास महज पांच से सात महिलाओं का सपोर्ट करते हुए सरकार ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की। पिछले 3 वर्षों में इनका कारोबार प्रति वर्ष डेढ़ सौ करोड़ के टर्नओवर तक पहुंच गया है और लगभग 15 से 16 करोड़ का नेट प्रॉफिट होता है।

## मुख्यमंत्री ने दी मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के चौथे चरण के शुभारंभ से पहले प्रदेशवासियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए पूरे अभियान के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चतुथे चरण का आज शुभारंभ हो रहा है। इस पूरे अभियान के प्रति मेरी शुभकामनाएं। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन नीरा रावत, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पद्मजा चौहान आदि उपस्थित थे।

# ग्राम चौपालों के मिल रहे हैं सार्थक परिणाम : केशव मौर्य

**लखनऊ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं और काफी हद तक लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि और अधिक ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जाए तथा चौपालों से पूर्व सफाई अभियान चलाया जाए और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण वहां पर आएं और व्यक्तिगत समस्यायें ही न हल हों,बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों से ही हो। चौपालों से सार्वजनिक समस्याओं का सर्वमान्य हल



निकलेगा, क्योंकि वहां अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, जागरूक लोग व ग्रामीण सभी एक जगह मौजूद रहेंगे और अपने सुझाव भी देंगे। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश की 1556ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 5682प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 4675 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 8227 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में डेढ़ लाख से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6जनवरी 23 से अब तक प्रदेश की 52543 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालो का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 39 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

**अब तक 52543 ग्राम पंचायतों में लगाई गईं ग्राम चौपालें**

## सार संक्षेप

### बाईपास पर 20 अक्टूबर तक वाहनों पर प्रतिबंध

**मवाना।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधिकरण ने मवाना बहसूमा बाईपास पर 16 अक्टबूर से 20 अक्टूबर तक सभी वाहनों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। 21 अक्टूबर से आगामी तीन माह तक बहसूमा बाईपास से चार मीटर ऊंचाई तक के वाहन ही गुजर सकेंगे, क्योंकि इस मार्ग पर राजमार्ग प्रधिकरण के अफसर चार मीटर ऊंचा गेज लगायेंगे। उधर राजमार्ग प्रधिकरण की कई कार्रवाई से मवाना नगर वासियों को जमा का झाम झेलना पड़ेगा। हालांकि तहसील प्रशासन ने पांच दिनों के लिए जाम से बचाव के लिए अतिरिक्त पुलिस मांगा है।

### बसपा नेता के बेटे को जमानत

**मेरठ।** बसपा से पूर्व सांसद और मेयर रहे शाहिद अखलाक के बेटे दानिश अखलाक को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बता दें दानिश अखलाक पर दिल्ली की एक हिंदू छात्रा ने अपने साथ रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। इसी मामले में दानिश अखलाक जेल में था। मेरठ जिला जज ने पिछले दिनों दानिश की जमानत को खारिज कर दिया था। शाहिद अखलाक ने हाईकोर्ट में जमानत की अपील की थी। जिसे मंजूर कर जमानत दे दी गई है।

### कांग्रेस के महासचिव का किया गया स्वागत

**मेरठ।** शनिवार को मेरठ पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन त्यागी का पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस मौके उन्होंने कहा कि लोस चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस नवरात्र में महाजनसंपर्क अभियान का आगाज करेगी। पार्टी बुद्धिजीवी वर्ग को कांग्रेस से जोड़ने के लिए यह महाजनसंपर्क अभियान चलाएगी। इसके जरिए पार्टी कार्यकर्ता समाज में शिक्षक, चिकित्सक, वकील, सैन्यकर्मी, सरकारी नौकरीपेशा लोगों से लेकर छात्रों के बीच पहुंचेगी। इन लोगों को कांग्रेस सरकार के अब तक के कार्यों, योजनाओं के बारे में बताएगी।

### घर में घुसकर पड़ोसी युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**मेरठ।** पड़ोसी युवक ने घर में अकेली किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। किशोरी की मां आरोपी के घर विरोध करने पहुंची तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ पीड़ित किशोरी व उसकी मां की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला बेटी को लेकर लिसाड़ी गेट थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से तीन घायल

**मेरठ।** लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित हापुड़ रोड पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्कॉर्पियो चालक स्कॉर्पियो को लेकर भागने का प्रयास करने लगा। तभी घटनास्थल पर मौजूद और आसपास के लोगों ने कुछ दूर पिचाकर स्कार्पियो चालक को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# सुभारती में खेल प्रतियोगिताएं स्पंदन की शुरुआत

**मेरठ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं स्पंदन का भव्य शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में प्रतिकुलपति



डॉ. अभय शंकरगौड़ा एवं खेल समिति के अध्यक्ष डॉ.संदीप कुमार ने स्पंदन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल ने स्पंदन खेल प्रतियोगिताओं की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि खेल एवं व्यायाम की हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है, इसके माध्यम से हमारा शरीर फिट रहता है। प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं अपना करियर भी बना सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें दक्ष बनाना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, जो हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और वर्तमान समय में खेलों के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

# बेटियों से संबंधित योजनाओं को गति देने के लिए चलेगा महा अभियान

**लखनऊ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए योगी सरकार का मिशन शक्ति अभियान अपने चौथे चरण में पहुंच गया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार अब बेटियों से संबंधित योजनाओं को और तेज गति देने के लिए महा अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश में आगामी दिनों में तमाम मेगा इवेंट और अन्य आयोजनों के साथ महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रदेश में महिलाएं खुद को ना केवल सुरक्षित महसूस करें बल्कि उन्हें उनके अधिकारों और सरकार की ओर से उनके लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी भी हो, जिससे वे योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदितयनाथ के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जहां 16 से 22 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा, वहीं 14 से 20 नवंबर तक महिला एवं बाल अधिकारों पर विभिन्न गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शक्ति संवाद, के जरिए कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों के साथ प्रदेश के सभी जिलाधिकारी अपने अपने जिले में संवाद करेंगे। इसके अलावा प्रदेश में बच्चों खासकर बालिकाओं से संबंधित योजनाओं को गति देने तथा प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य की कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता के साथ ही बड़े पैमाने पर आवेदन भी कराया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकर पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन आदि के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रदेश के सभी जिलों में वृहद स्तर पर कैंप लगाए जाएंगे।

- **महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जाएगा जागरूक**

# पितृ विसर्जनी अमावस्या पर गंगा किनारे उमड़ा आस्था का सैलाब

**मवाना/ हस्तिनापुर,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)।। शनिवार को वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाली गंगा नदी के घाट पर पितृ विसजर्नी अमावस्या पर आस्था का सैलाब उमड़ा। भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंगा में स्नान करने का सिलसिला सुबह 4 बजे से लेकर देर शाम तक चलता रहा। पितृ अमावस्या पर शनिवार को भीमकुंड गंगा घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। इससे मुख्य मार्ग पर काफी लंबा जाम लग गया और पुलिस प्रशासन के तमाम दावों की जमकर धज्जियां उड़ीं। पितृ अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पिंड दान कर गंगा मैया के जयकारे लगाए और विधि-विधान से पूजा पाठ कराया। श्रद्धालुओं में गंगा के स्थान करने का सिलसिला सुबह 4 बजे से लेकर देर शाम तक चलता रहा। गंगा किनारे ही श्रद्वालुओं ने पुरोहितों की मदद से विधि विधान से मंत्रोच्चार के मध्य पूजा की। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पितृ विसर्जन अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सुविधा के लिए पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद था, लेकिन आस्था के समागम के सामने पुलिस कुछ नहीं कर पाई।

# त्योहारों को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना सभी का दायित्व : मीणा

**मेरठ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस लाईन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा, राम नवमी, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहारो को सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। आयोजित बैठक में जनपद के अलग-



अलग क्षेत्रो से आये हुये धर्म गुरूओ एवं प्रबुद्धजनो द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त प्रबुद्धजन एवं धर्म गुरूओ से अपील की गयी कि स्थानीय स्तर पर सामाजिक सदभाव बढाने एवं प्रत्येक व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, त्यौहार आदि का सम्मान करने तथा आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित रहे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करें। उन्होने कहा कि त्यौहारो को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। सभी अधिकारी दी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करे। उन्होने कहा कि पूजा हेतु लगाये जाने वाले पंडाल को सुरक्षित स्थान पर लगाया जाये। शोभा यात्रा निकालने से पूर्व प्रशासन की अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि आगामी त्यौहारों को सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जाए।

त्यौहार के दौरान तेज आवाज में वाद्य यंत्र न बजाये। सुरक्षा के दृष्टिगत पंडाल में लोहे के पाइप न लगाये तथा पंडाल में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाए। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालो पर निगरानी रख उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही अमल में लायी जाए।

- **त्यौहारो को लेकर जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित**

# धूमधाम के साथ निकाली गई महाराजा अग्रसेन शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन शोभा यात्रा बैंड बाजा के साथ धूमधाम से निकल गई शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अग्रसेन शोभा यात्रा लोह। ईरोड से प्रारंभ होकर चौक नेहरू रोड घूमन। बाजार नित गंज। होते हुए स्टेट बैंक रोड अग्रवाल समाज में विराम हुई। अग्रसेन शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर भीड़ उमड़ पड़ी। शोभा यात्रा का जगह-जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा। की गई। लोहई रोड पर नगर पालिका अध्यक्ष बरसेला अग्रवाल के पति मनोज अग्रवाल ने आरती उतारी। शोभा यात्रा में रचित अग्रवाल, कौशिक अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल आदि लोगों ने व्यवस्था देखी।



# सरकार की कार्य प्रणाली से नारी में बढ़ा आत्मविश्वास : सोमेन्द्र तोमर

**मेरठ,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-4) के अंतर्गत विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, आईजी नचिकेता झा, आयुकत सेल्वा कुमारी जे.द्वारा पुलिस लाईन से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज पर संपन्न हुई। जिसमें स्कूल, कॉलेजों के बच्चो एवं विभिन्न विभागो के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। जागरूकता रैली के उपरांत रघुनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधि व जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। राज्यमंत्री ऊर्जा डा. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली के कारण अब नारी में



आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होने कहा कि नारी का सम्मान सनातन काल से हमारी प्राथमिकता पर रहा है। खेल सहित अन्य क्षेत्रो में भी नारी शक्ति विकास के पथ पर अग्रसर है। विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल ने भी नारी शक्ति के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, आंगनबाडी कार्यकत्री पूनम सागर, किरण, सहायक अध्यापिका कौशर जहां, राखी रानी, आशा कार्यकत्री प्रियंका आदि मौजूद रहे।

**जनप्रतिनिधियों, आईजी व आयुक्त ने जागरूकता रैली को किया रवाना**

**आयोजन** *तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन*

# ओवरऑल चौंपियनशिप की ट्रॉफी पर कंकरखेड़ा टीम का कब्जा

**मवाना, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना में आयोजित तीन दिवसीय 67 वीं जनपदीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ.सोमेंद्र तोमर और मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने किया। ओवरऑल चौंपियनशिप में कंकर खेड़ा ने 212 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मवाना ने 155 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा माछरा ने 125 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। राज्यमंत्री और सीडीओ ने कंकरखेड़ा टीम को ओवरऑल चौंपियनशिप।**

- **दूसरे स्थान पर मवाना व तीसरे स्थान पर माछरा रहा**
- **कंकरखेड़ा टीम को अतिथियों ने भेंट की ट्रॉफी**

की ट्रॉफी भेंट की। तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजक व प्रधानाचार्य डा.मेघराज सिंह ने बताया कि प्रथम दिवस में 32 इवेंट आयोजित कराए गए, जिसमें 1512 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। दूसरे दिन 31 इवेंट आयोजित कराए गए, जिसमें 465 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। तीसरे दिन 28 इवेंट कराए गए जिसमें 336 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता के तीन दिवसीय



कार्यक्रम में कुल 91 इवेंट आयोजित कराए गए, जिसमें 1313 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का ओनर दिखाए। इनमें 605 छात्राएं 708 छात्रों ने प्रतिभाग किया। आगे बताया कि व्यक्तिगत चौंपियनशिप में सीनियर बालिका वर्ग में कंकरखेड़ा प्रथम व मवाना द्वितीय स्थान पर रहा।

जूनियर बालिका वर्ग में कंकरखेड़ा प्रथम व मवाना द्वितीय स्थान पर रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग में कंकरखेड़ा प्रथम व सरधना द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर बालक वर्ग में माछरा प्रथम व मवाना द्वितीय स्थान पर रहा।

## ऊर्जा मंत्री ने कराई अंतिम दौड़

ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में तीन दिवसीय 67 वीं जनपदीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर छात्राओं ने समस्त अतिथियों की मुख्य द्वार पर तिलक के द्वारा स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री डॉ.सोमेंद्र तोमर ने अंतिम दौड़ कराकर कार्यक्रम का समापन किया। उसके उपरांत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। छात्राओं ने स्वागत गीत के द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह प्रबंध समिति के अध्यक्ष व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी ने मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, मुख्य विकास अधिकारी मेरठ नूपुर गोयल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मेरठ आशा चौधरी को अंग वस्त्र, बुके, माला व स्मृति चिन्ह के द्वारा स्वागत और सम्मान किया। छात्राओं ने वूमेन वेपन कार्यक्रम की प्रस्तुति के द्वारा नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।

# तहसील मैदान में पर्दे पर होने वाली रामलीला का शुभारंभ

**मवाना,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श रामलीला कमेटी मवाना के तत्वावधान आयोजित पर्दे पर होने वाली रामलीला का शुभारंभ शनिवार देर श्याम नगर पालिका अध्यक्ष



अखिल कौशिक और भाजपा नेत्री सुधा चौहान ने फीता काटकर किया। इससे पहले मवाना नगर के लोगों के सहयोग से तहसील मैदान में पूजा की गई। मंच का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक ओर गणेश पूजन व्यापारी नेता अजय सहाय राजवंश ने किया।

## अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरक कहानी को उजागर करेगा नया टीवी शो अटल

**मुंबई।** निर्माता अटल नामक एक नया शो लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो भारत के प्रमुख नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अनकही कहानियों को बयान करता है। यह शो उनके बचपन के अनछुए पहलुओं का पता लगाने के लिए तैयार है। यह शो एक ऐसे नेता के प्रारंभिक वर्षों पर गहराई से प्रकाश डालेगा जिसने भारत की नियति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय इतिहास में, कई प्रधानमंत्री परिवर्तनकारी नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने महान दृष्टि और संकल्प के साथ महत्वपूर्ण क्षणों में अपने देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल को कई महत्वपूर्ण निर्णयों द्वारा चिह्नित किया गया, जिन्होंने देश की नियति को आकार दिया और इसे वैश्विक प्रभाव में सबसे आगे रखा।

# शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करेंगी पूजा हेगड़े



**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आयेंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़,ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं।

पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें।

# लंबे सूखे के बाद मौसम ने दी सौगात

## बर्फ की शुरूआत के साथ ही पर्यटकों को पुकारने लगा कश्मीर

■ सुरेश एस डुग्गर



**शीतकालीन गतिविधियों में स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्नोशूइंग और आइस स्केटिंग शामिल**

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक लंबे सूखे के बाद कश्मीर को मौसम ने सौगात दी है। बर्फ की शुरूआत के साथ ही कश्मीर टूरिस्टों को पुकारने लगा है। पर्यटकों का मन भी मचलने लगा है कश्मीर की वादियों में अपने आपको खो देने का। तभी तो कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण पर्यटकों द्वारा बुकिंग के लिए पूछताछ में तेजी आई है। इस सप्ताह की शुरुआत में कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में पहाड़ी इलाकों में और बर्फबारी की भी भविष्यवाणी की है।

एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद के बकौल, भारत के विभिन्न राज्यों के पर्यटकों ने कश्मीर के लिए टूर पैकेज के बारे में पूछताछ करना शुरू कर दिया है, जो शरद ऋतु के दौरान लाल और सफेद रंगों का मिश्रण प्रस्तुत करता है। उमर का कहना था कि सर्दी कश्मीर में पर्यटन के लिए चरम मौसमों में से एक है। हम पहले से ही पूजा की छुट्टियों के कारण बुकिंग की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं, ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी ने इसे और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि गोंडोला केबल कार के लिए पूछताछ बहुत आम है, खासकर ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद। उमर अहमद कहते थे कि पर्यटकों को कश्मीर में बर्फ देखना बहुत पसंद है। गोंडोला केबल कार के दूसरे चरण में भी थोड़ी बर्फबारी दर्ज की गई और पर्यटक अक्सर पूछते थे कि क्या वे स्टेशन पर बर्फबारी देख सकते हैं। ट्रैवल एजेंटों का यह भी कहना है कि इस साल विंटर सीजन के लिए भी काफी संख्या में इंक्वायरी आ रही हैं। एक टूर आपरेटर ऐजाज अहमद डार के मुताबिक, पिछले कुछ हफ्तों से हवाई किराया आसमान छू रहा है। जो पर्यटक सर्दियों के दौरान घाटी की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, वे पहले से ही अपनी यात्रा बुक कर लेते हैं। वर्तमान में उन्हें अच्छे सौदे मिलते हैं जबकि होटलों में भी पूरी सीटें नहीं भरी होती हैं। जानकारी के लिए कश्मीर में सबसे लोकप्रिय शीतकालीन गतिविधियों में स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्नोशूइंग और आइस स्केटिंग शामिल हैं। पर्यटक स्लेज की सवारी पर भी जा सकते हैं, जमी हुई झीलों की यात्रा कर सकते हैं और क्षेत्र के कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आकर्षणों का पता लगा सकते हैं। प्रासंगिक रूप से, यह वर्ष अब तक पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए लाभदायक रहा है क्योंकि पिछले नौ महीनों में रिकार्ड तोड़ पर्यटकों ने घाटी का दौरा किया है। अगस्त तक 31,000 विदेशी मेहमानों समेत 1.6 करोड़ पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं। पिछले साल कुल 26.73 लाख पर्यटक कश्मीर आए थे।

# कविनगर में बाल काण्ड की लीला का मंचन



**गाजियाबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला समिति, (पंजी0) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत बाल काण्ड की लीला का मंचन किया गया। ब्रह्मा जी के निर्देश पर नारद जी महर्षि बाल्मीकि के आश्रम जाते हैं और महाकाव्य रामायण की संरचना के लिए प्रेरित करते हैं। ब्रह्मा जी महर्षि बाल्मीकि एवं श्रीराम एवं अन्य सभी समकालीन पात्रों के समस्त गुप्त या प्रकट वृतान्त का स्वत: ही ज्ञान हो जाने का वर देते हैं, वहीं महादेव पार्वती जी को रामनाम की महिमा सुनाते हैं। पृथ्वी पर रावण के अत्याचार से त्रस्त सभी देवी-देवता सागर में विराजमान भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी के पास अपनी याचना लेकर जाते हैं और नारायण सभी देवी-देवताओं के आग्रह पर अपने राम अवतार के रूप में प्रकट होने और सबके संकट हरने का वचन देते हैं। अयोध्या में रघुकुल में कोई

**हजारों दर्शकों ने की शिरकत**

युवराज न होने के कारण राजा दशरथ तीनों रानियों के साथ चिन्ता में होते हैं। महर्षि वशिष्ठ के सुझाव पर दशरथ ऋषि श्रृंगी के पास अपना दु:ख दर्द लेकर जाते हैं और पुत्रेष्टि यज्ञ से यज्ञेश्वर राजा दशरथ को पायस प्रदान होता है। तीनों रानियां इस पायस का सेवन कर गर्भवती हो जाती हैं और अयोध्या में चार राजकुमारों का जन्म होता है। चारों राजकुमारों के जन्म से पूरी अयोध्या नगरी में खुशी की लहर दौड़ जाती है। दूसरी ओर देवी लक्ष्मी अपने सीता अवतार हेतु जनक पुरी में राजा जनक को भूमि से कन्या रत्न के रूप में प्राप्त होती हैं। दशरथ के सुखमय जीवन में तब पहला आघात लगता है जब वह शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार का वध हो जाता है और श्रवण के माता-पिता महाराज दशरथ को अपने पुत्र के बिछोह में अपने प्राण त्याग देते हैं और मरने से पूर्व महाराज दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार हम अपने पुत्र के विछोह में तड़प-2 कर अपने प्राण गंवा रहे हैं उसी प्रकार तुम भी अपने पुत्र विछोह में तड़पोगे। दशरथ उस श्राप के कारण अत्यन्त चिंतित हो जाते हैं। महर्षि गौतम लक्ष्मी स्वरूपा बालिका सीता को शिक्षा देने के लिये मिथला आते हैं। परन्तु सीता उनसे अहिल्या को दिये गये श्राप के कारण अहिल्या को पाषण बनाने के विषय में कुछ ऐसा बोल देती हैं जिससे ऋषि गौतम अचंभित हो जाते हैं। लीला मंचन के दूसरे दिन लीला देखने के लिये राम भक्तों की भारी भीड़ मैदान में एकत्रित हुई। आज की लीला में अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, दिवाकर सिंघल, सुनील निगम, अजय गुप्ता, डी0पी0 कौशिक, पुनीत बेरी, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## नोरा फतेही को 'क्रैक' के लिए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा



**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री नोरा फतेही को अभिनेता-मार्शल कलाकार विद्युत जामवाल के साथ फिल्म 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' के लिए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। अपने खेल में शीर्ष पर रहने के लिए उन्हें कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। यह उनके लिए बिल्कुल अलग था, क्योंकि नोरा फतेही ने वास्तव में एक्शन भूमिकाएं नहीं की हैं।

ऐसे में, अपनी ताकत, चपलता और शारीरिक गठन के लिए उन्हें कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। इसके अलावा, अपनी काया को आकार देने के लिए उन्होंने एक कठोर फिटनेस दिनचर्या अपनाई, जिसमें शक्ति प्रशिक्षण और लचीलेपन के व्यायाम शामिल थे, ताकि 'क्रैक - जीतेगा तो जिएगा' में शारीरिक रूप से मजबूत दिख सकें। उनके प्रशिक्षण के एक हिस्से में स्ट्रेचिंग के साथ-साथ मार्शल आर्ट में क्रैश कोर्स करना भी शामिल था। इस दौरान उन्हें अपनी सहनशक्ति बढ़ाने की जरूरत थी।

# यूरोगायनेकोलॉजी शिखर सम्मेलन का आयोजन

## शर्म और शर्मिंदगी के कारण नहीं कराती हैं इलाज



**हैदराबाद,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कई महिलाएं अनियंत्रित मूत्राशय की गतिविधि और पेट के निचले हिस्से में दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। लेकिन, शर्म और शर्मिंदगी के कारण इलाज नहीं कराती हैं। यूरोगायनेकोलॉजी पर एक शिखर सम्मेलन में डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर इलाज नहीं किया गया तो ये समस्याएं समय के साथ खराब हो सकती हैं। शनिवार को शुरू हुए तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में यूरोगायनेकोलॉजी में मॉडर्न ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल पर फोकस किया गया। इसमें विदेशी यूरोगायनेकोलॉजी एक्सपर्ट्स की भागीदारी शामिल रही, जिन्होंने ट्रीटमेंट में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पेश की। किम्स हॉस्पिटल और यूरोगायनेकोलॉजी पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन एंड इनकॉन्टिनेंस एसोसिएशन (यूपीआईए) शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

डॉक्टर बताते हैं कि कई महिलाएं इन समस्याओं के लिए चिकित्सकीय सहायता लेने से बचती हैं क्योंकि अधिकांश यूरोलॉजिस्ट पुरुष हैं। सौभाग्य से, यूरोगायनेकोलॉजी नामक एक सब-स्पेशलिटी है, जो प्रारंभिक चरण से ही इन समस्याओं का इलाज कर सकती है।

उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश समस्याओं का इलाज चिकित्सकीय रूप से किया जा सकता है और यदि आवश्यक हो तो सर्जरी भी उपलब्ध हैं। जबकि, लगभग 40 प्रतिशत भारतीय महिलाओं को ये समस्याएं हैं, फिर भी कई महिलाएं इलाज नहीं करा पाती हैं।

# 'बिग बॉस' में मेरी यात्रा एक रोलर कोस्टर राइड जैसी : सलमान खान



**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान 'बिग बॉस 17' को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रियलिटी शो के साथ उनकी यात्रा एक रोलर कोस्टर राइड के जैसी रही है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने शो को न केवल बड़े पैमाने पर, बल्कि लोकप्रियता में भी बढ़ते देखा है। इस साल यह शो अलग-अलग तरह के नए एलिमेंट्स और एंटरटेनमेंट के साथ दर्शकों को बांधे रखेगा। इस साल की थीम भी कंटेस्टेंट्स के लिए एक चेतावनी है, 'इस बार गेम नहीं होगा, सबके लिए सेम टू सेम', इस बार तीन गेम-चेंजिंग मंत्र है- 'दिल, दिमाग और दम'

शो को होस्ट करना सलमान खान के लिए एनुअल ट्रेडिशन है, जिसके वार और रियलिटी चेक में ड्रामा और ग्लैमर का बड़ा डोज मिलेगा।

'बिग बॉस' के साथ अपने संबंध के बारे में बात करते हुए सलमान ने कहा कि बिग बॉस के साथ मेरी जर्नी एक रोलर कोस्टर राइड के अलावा और कुछ नहीं रही है। इन सालों में, मैंने शो को न केवल बड़े पैमाने पर, बल्कि लोकप्रियता में भी बढ़ते देखा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लाखों भारतीयों के साथ जुड़ते हुए एक आवाज बनना बड़ी जिम्मेदारी है। शो का सबसे खास हिस्सा लोगों को बढ़ते देखना है। दबंग एक्टर ने कहा कि बिग बॉस के बारे में एक चीज जो कभी नहीं बदलेगी, वह है, इसकी अनप्रिडिक्टेबिलिटी। यह शो अलग-अलग बैकग्राउंड्स से आने वाले कंटेस्टेंट्स के व्यक्तित्व और प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि दूसरी चीज जो नहीं बदलेगी वह है दर्शकों से मिलने वाला प्यार। शो में चाहे कितनी भी योजना बनाई जाए, कंटेस्टेंट्स के बीच की गतिशीलता, उनके संघर्ष और उनके गठबंधन हमेशा दर्शकों को उत्साहित रखते हैं।

शो के 17वें संस्करण की मेजबानी पर, सलमान ने कहा कि इस बार, बिग बॉस कंटेस्टेंट्स के साथ अपने तरीके से गेम खेलेंगे। यह शो मनोरंजन, भावनाओं और नाटक के बारे में है। इस सीजन में तीन गेम-चेंजिंग मंत्र, दिल, दिमाग और दम... शुरुआत के साथ इन तीनों एलिमेंट्स को पूरी तरह से नए लेवल पर ले जाया जाएगा।

# 93 साल का बुजुर्ग विधानसभा चुनाव में करेगा पहली बार मतदान



**भानुप्रतापपुर,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में एक ऐसा गांव हैं जहां 93 साल के एक बुजुर्ग के साथ 41 युवा भी पहली बार मतदान करेंगे। संभवत: पांच विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में ये पहले बुजुर्ग होंगे, जो 93 साल में पहली बार मतदान करेंगे। इनका मतदान केन्द्र संख्या भी 93 हैं।

विकासखंड भानुप्रतापपुर के भैसाकन्हार (क) मतदान केन्द्र के अधिकारी राजेन्द्र कोसमा ने बताया कि भैसाकन्हार निवासी शेरसिंह हिड़को (93) विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। इससे पहले उन्होंने कभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। हालांकि वे ग्राम पंचायत चुनाव में मतदान करते आ रहें है।

वहीं इस गांव में 90 साल से ऊपर की दो और महिलाएं हैं, जो लगातार अपने मत का उपयोग करती आ रही है। इनके नाम श्रीमती लखमोतिन पोटाई (93) और श्रीमती देवारिन कोकिला (91) हैं। कोसमा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने मतदान केन्द्र अधिकारियों को घर-घर जाकर सर्वे करने और नाम जोड़ने के निर्देश दिए थे। इसी दौरान बुजर्ग शेर सिंह हिड़को का नाम बीएलओ ने पहली बार मतदाता सूची में जोड़ा। बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ घर से दूर खेत में रहते थे। पत्नी के निधन के बाद लोग उन्हें गांव में ले आए, जिसके बाद नाम जोड़ा गया।

पुण्यतिथि के अवसर पर

# बोलती फिल्मों के जनक आर्देशिर ईरानी



**मुंबई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा के पितामह आर्देशिर ईरानी से फिल्मों से जुड़ी कोई भी विधा अछूती नहीं रही। उन्होंने केवल फिल्म निर्माण की प्रतिभा से ही नहीं बल्कि निर्देशन, अभिनय, लेखन, फिल्म वितरण और छायांकन से भी सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया। आर्देशिर ईरानी का जन्म 5 दिसम्बर 1886 महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। आर्देशिर ईरानी ने प्रारंभिक शिक्षा के बाद मुंबई के जे.जे.आर्ट स्कूल में कला का अध्ययन किया। इसके बाद वह बतौर अध्यापक काम करने लगे। बाद में उन्होंने केरोसीन इंस्पेक्टर के रूप में भी कुछ दिन काम किया। यह नौकरी छोड़कर वह पिता के वाद्य यंत्रों के व्यवसाय में हाथ बंटाने लगे ।इस सिलेसिले में उनका संपर्क कई विदेशी कंपनियों से हुआ और जल्द ही वह विदेशी फिल्मों का आयात करके उन्हें प्रदर्शित करने लगे। इसी दौरान उनके काम से खुश होकर अमेरिकी यूनीवर्सल कंपनी ने उन्हें पश्चिम भारत में अपना वितरक नियुक्त किया। कुछ समय के बाद ईरानी ने महसूस किया कि फिल्मी दुनिया में जगह बनाने के लिये खुद का स्टूडियो होना चाहिये।

वर्ष 1914 में उन्होंने अब्दुल अली और युसूफ अली के सहयोग से मैजेस्टिक और अलेक्जेंडर थियेटर खरीदे। वर्ष 1920 में उन्होंने अपनी पहली मूक फिल्म 'नल दमयंती' का निर्माण किया। इसी दौरान उनकी मुलाकात दादा साहब फाल्के की कंपनी 'हिंदुस्तान फिल्म्स' के पूर्व प्रबंधक भोगी लाल दवे से हुई। उन्होंने फिर उनके साथ मिलकर 'स्टार फिल्म्स' की स्थापना की। स्टार फिल्म्स के बैनर तले सबसे पहले उन्होंने फिल्म 'वीर अभिमन्यु' का निर्माण किया। फिल्म के निर्माण में उस जमाने में लगभग 10000 रुपये खर्च हुए। स्टार फिल्म्स के बैनर तले 17 फिल्मों का निर्माण करने के बाद आर्देशिर ईरानी और भोगीलाल दवे ने एक साथ काम करना बंद कर दिया।

वर्ष 1924 में आर्देशिर ईरानी ने मैजेस्टिक फिल्मस की स्थापना की। मैजेस्टिक फिल्मस के बैनर तले उन्होंने बी.पी.मिश्रा और नवल गांधी को बतौर निर्देशक काम करने का मौका दिया। स्टार फिल्म्स के रहते हुए जिस तरह उन्होंने मैजेस्टिक फिल्म्स की स्थापना की और दोनों का कार्य विभाजन किया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों बैनरों का निर्माण उन्होंने अपनी कंपनी की संख्या बढाने के लिये नहीं किया था बल्कि किसी खास उद्देश्य से किया था।

आर्देशिर ईरानी ने अपने तीन दशक से भी ज्यादा लंबे सिने कैरियर में लगभग 250 फिल्मों का निर्माण किया जिसमें 150 फिल्में मूक थी। हिन्दी के अलावा उन्होंने गुजराती, मराठी, तमिल, तेलगु, वर्मी, फारसी तथा अंग्रेजी फिल्म का भी निर्माण किया ।अपने फिल्म निर्माण और निर्देशन की कला से लगभग तीन दशक तक सिने प्रेमियों का अपना दीवाना बनाये रखने वाले यह महान फिल्मकार 14 अक्टूबर 1969 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

# बंगाली समुदाय के घरों में शंख की ध्वनि के साथ गूंजा महालया का जाप



- **नवासी मिनट के अंतराल का यह शो सबसे पहले 1931 में लाइव परफॉरमेंस से किया था शुरू**
- **1966 से यह ऑल इंडिया रेडियो पर प्रत्येक वर्ष महालया के दिन होने लगा प्रसारित**

**बिलासपुर,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पितृपक्ष के अंतिम दिन शनिवार की अलसुबह बंगाली समुदाय के प्रत्येक घरों में शंखनाद के साथ महालया की जाप गूंज उठी और लोगों ने 'महिषासुर मर्दिनी' का पाठ सुना। बंगाली समुदाय में महालया का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह-सुबह इनके घरों में शंख ध्वनि गूंजती है। हिन्दू मान्यता के मुताबिक महालया के दिन मूर्तिकार मां दुर्गा की आंखें बनाते हैं और उनमें रंग भरने का काम करते हैं। इस काम से पहले वह विशेष पूजा भी करते हैं। महालया के बाद ही मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जाता है और वह पंडालों की शोभा बढ़ाती हैं। इन सभी के अलावा एक ऐसी चीज़ भी है जिसके बिना महालया अधूरा है और वह रेडियो पर प्रसारित होने वाला प्रख्यात बंगाली नाटककार बीरेंद्र कृष्णा भद्रा का शो 'महिषासुर मर्दिनी' है। भद्रा के द्वारा जाप किये गये 'चंडीपाठ' की न जाने कितनी पीढ़ियों को चार बजे सुबह-सुबह बिना किसी झुंझलाहट के जगाने में अहम योगदान रहा है। नवासी मिनट के अंतराल का यह शो सबसे पहले 1931 में लाइव परफॉरमेंस से शुरू किया गया था। उसके बाद 1966 से यह ऑल इंडिया रेडियो पर प्रत्येक वर्ष महालया के दिन प्रसारित होने लगा। बानी कुमार द्वारा लिखित यह शो पौराणिक कथाओं, लोकगीत और संस्कृत श्लोक का संगम है। इनमें सबसे ज्यादा भद्रा द्वारा इस शो का वर्णन इसे सभी अन्य कार्यक्रमों से भिन्न और ख़ास बनाता है। यह कार्यक्रम आज भी सुनने में उतना ही नया लगता है, जितना 90 साल पहले जब यह पहली बार शुरू होने के दौरान लगता था। अतीत में एक बार आकाशवाणी ने इस शो को बदलकर इसकी जगह दूसरा कार्यक्रम प्रसारित करने का सोचा। वर्ष 1976 में आकाशवाणी ने उत्तम कुमार के शो 'दुर्गा दुर्गतिहारिणी' को प्रसारित किया, जिसके बाद उन्हें बड़े पैमाने पर श्रोताओं की नाराजगी सहनी पड़ी और फिर दोबारा भद्रा का शो प्रसारित करना पड़ा। कार्यक्रम से जुड़ा एक और दिलचस्प किस्सा है, जब 1931 में यह कार्यक्रम शुरू होने वाला था, उस वक्त बंगाल के रूढ़िवादी हिंदू ब्राह्मणों के एक समुदाय ने कार्यक्रम में भद्रा साहब के शामिल होने का विरोध किया। उनके अनुसार वह 'चंडीपाठ' के पाठ के लिए अयोग्य थे, क्योंकि वह जाति से ब्राह्मण नहीं थे। यहां तक कि आकाशवाणी में कार्यरत एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी महिषासुर मर्दिनी में उनके काम करने पर असहमति जतायी थी। शो के लेखक बानी कुमार ने हालांकि इन विरोधों पर ध्यान नहीं दिया और योजना के साथ आगे बढ़े।

एक साधारण जीवन शैली को मानने वाले भद्रा साहब ने 75 रुपये प्रति माह के वेतन पर आकाशवाणी के साथ अपनी अनुबंध की नौकरी जारी रखी। उन्होंने कभी भी अपने शो की सफलता पर ज्यादा रकम की मांग नही की। यहां तक कि 1970 में उनके सेवानिवृत्त होने पर उन्हें पेंशन तक नसीब नहीं हुआ।

# खेल जगत



**एक बार जम जाने के बाद कोहली खतरनाक हो जाते हैं : रिजवान**

**अहमदाबाद,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के क्रिकेटर मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टाइलिश बल्लेबाज की कुछ विशेषताएं हैं जो उन्हें बाकियों से अलग करती हैं। रिज़वान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक बार जब वह सेट हो जाता है और उसके पास बैग में कुछ रन होते हैं, तो उसका अंतिम प्रहार बहुत खतरनाक होता है। पारी के उत्तरार्ध में वह जो शॉट खेलता है, और उनका फिनिशिंग टच, कोई भी उसकी बराबरी नहीं कर सकता। ये चीजें हैं जिसने उसे बाकियों से अलग कर दिया है। तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने भी कोहली के फोकस की तारीफ की. जब मैं भारत के लिए नेट गेंदबाज था, मैं विराट कोहली को गेंदबाजी कर रहा था और ऐसा महसूस हो रहा था कि उन्हें पता था कि बल्ले का सटीक हिस्सा गेंद को मार रहा था और गेंद कहाँ जा रही थी, वह इतना केंद्रित थे। मैंने इतना कभी नहीं देखा है

## भारत ने पाक के खिलाफ वन डे क्रिकेट विश्व कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर श्रेष्ठता बरकरार रखी

■ हिटमैन रोहित के तूफानी अर्द्धशतक से भारत ने पाक को दी सात विकेट से शिकस्त

■ भारत की जीत में गेंद से बुमराह ने दिखाई धार, कुलदीप यादव की स्पिन का जादू चला

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में करीब सवा लाख के 'नीले जन सैलाब' की मौजूदगी में सदाबहार सलामी बल्लेबाज कप्तान हिटमैन रोहित शर्मा की 86 रन की अनुकरणीय तूफानी पारी, तेज गेंदबाज मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह की रफ्तार के साथ धार और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव द्वारा बीच के ओवरों में चटकाए दो-दो विकेट की बदौलत दुनिया की नंबर एक टीम भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को अहमदाबाद में शनिवार को विकेट से 117 गेंदों के बाकी रहते सात विकेट हरा कर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में उसके खिलाफ लगातार आठवीं जीत दर्ज अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। भारत ने शनिवार के मैच से पहले पाकिस्तान से वन डे विश्व कप के इतिहास में अपने सभी सातों मैच जीते थी और इसे बढ़ाकर अब 8-0 कर लिया।

श्रेयस अय्यर ने जैसे ही मोहम्मद नवाज की गेंद पर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक पूरा कर भारत को 31वें ओवर की तीसरी गेंद पर जीत दिलाई तो पूरा स्टेडियम वंदे मातरम के जोरदार उदघोष से गूंज उठा। भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की इस जीत का स्टेडियम में खूब लुत्फ उठाया। भारत लगातार तीसरी जीत के साथ कुल छह अंकों और अपने बेहतर नेट रन अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। न्यूजीलैंड ने भी भारत की तरह अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं लेकिन अपनी कमतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। भारत ने अपने पहले मैच में चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराने के बाद दिल्ली में रोहित के तूफानी शतक की बदौलत अफगानिस्तान को आठ विकेट से शिकस्त दी दुनिया की दूसरे नंबर की टीम पाकिस्तान की भारत के खिलाफ हार का सिलसिला तोडने् की हसरत फिर अधूरी रही।

भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को अहमदाबाद में मोटेरा में बस यह मलाल जरूर रह गया कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा मात्र 14 रन से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में पाकिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रफ्तार के सौदागर सबसे कामयाब गेंदबाज शहीन शाहअफरीदी (2/36) की धीमी कटर को उड़ाने के फेर में इफ्तिखार अहमद को कैच थमा बैठे और वन डे विश्व कप में अपना आठवां शतक पूरा करने से चूक गए। जब रोहित तीसरे बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौटे तब भारत को जीत के लिए मात्र 36 रन की दरकार थी। कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में भी 131 रन की तूफानी पारी खेली थी।

भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (2/19) ने रफ्तार व धार और बाएं हाथ के चतुर लेग स्पिनर कुलदीप यादव(2/35) के स्पिन का जादू दिखा बीच के यानी 33 वें से 36वें ओवर के बीच मात्र नौ रन देकर मोहम्मद रिजवान सहित चार विकेट निकाल कर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मध्यक्रम को ऐसा बिखेरा की उसकी पूरी टीम शनिवार को 42.3 ओवर में 191 रन पर ढेर हो गई। कप्तान बाबर आजम (50 रन, 58 गेंद, सात चौके) और मोहम्मद रिजवान (49 रन, 69 गेंद, सात चौके) ने पाकिस्तान के लिए तीसरे विकेट के लिए जब 82 रन की सबसे बड़ी भागीदारी की तो वह बड़े स्कोर की ओर बढ़ता लगा। बाबर आजम (50 रन, 58 गेंद, सात चौके) ने मोहम्मद सिराज की क्रॉस सीम से शॉर्ट गेंद पर की थर्डमैन के बीच से निकालने की कोशिश लेकिन गेंद उनके तीनों स्टंप उड़ा ले गई और पाकिस्तान ने 30 वें ओवर में अपना तीसरा विकेट 155 रन पर खो दिया। इसके बाद विकेटों की ऐसी झड़ी लगी कि पाकिस्तान ने अपने बाकी अंतिम आठ विकेट मात्र 36 रन और जोड़ कर खो दिए। कप्तान रोहित शर्मा (86 रन, 63 गेंद, छह छक्के, छह चौके) की विराट कोहली (16 रन, 18 गेंद, तीन चौके)दूसरे विकेट के लिए 56 रन तथा श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 30.3 ओ ओवर में मात्र तीन विकेट पर 192 रन बनाकर जीत की औपचारिकता पूरा की । श्रेयस अय्यर 63 गेंद खेल कर दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 53 तथा केएल राहुल 29 गेंद खेल दो चौकों की मदद से 19 बनाकर अविजित रहे। श्रेयस और केएल राहुल ने तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़ भारत को जीत दिलाई। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू के दो मैच से बाहर रहने के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर भारतीय टीम में वापसी करने वाले शुभमन गिल (16 रन, 11 गेंद, चार चौके) ने शाहीन शाह अफरीदी की गेंद को उड़ाने के फेर में पाइंट पर इफ्तिखार अहमद को कैच थमाने से पहले मात्र 2.5 ओवर में अपने कप्तान रोहित शर्मा के अंदाज में नफासत के साथ तेज आगाज करते हुए 23 रन जोड़े। विराट कोहली ने तेज गेंदबाज हसन अली की गेंद को पुल करने की कोशिश में पारी के दसवें ओवर में पुल करने की कोशिश में मिड ऑन पर मोहम्मद नवाज को कैच थमाया। रोहित शर्मा ने अपना अर्द्धशतक 36 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से पूरा किया।

दुनिया के सबसे बड़े मंच पर पाकिस्तान ने बेहद निराशाजनक बल्लेबाजी की। भारत के सबसे बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के रंग में चल रहे सबसे कामयाब मोहम्मद रिजवान (49 रन, 69 गेंद,सात चौके) को पारी के 34 वें ओवर की अंतिम धीमी ऑफ कटर पर बोल्ड कर उसका छठा विकेट 168 रन पर क्या निकाला की उसकी पारी को बिखेरते देर नहीं। बुमराह ने अपने अगले ओवर में शादाब खान(2) को आउट किया। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने अंतिम पूर्व ओवर और पारी के 33 वें ओवर की दूसरी गेंद पर सौद शकील (6) को एलबीडब्ल्यू आउट किया और इफ्तिखार अहमद(4) उनकी गुगली को उड़ाने गए और गेंद उनके पैरों के पीछे से उनका ऑफ स्टंप ले गई और पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। कुलदीप का यह ओवर यह संभवत पाकिस्तान की पारी का सबसे अहम ओवर साबित हुआ।

## केन विलियमसन के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर, टॉम ब्लंडेल को बुलाया गया



**चेन्नई,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है, लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह अगले महीने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लीग चरण के अंत तक फिट हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल को कवर के रूप में भारत में टीम में बुलाया गया है, क्योंकि विलियमसन नवीनतम चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को, आईपीएल 2023 में दाहिने घुटने में लगी एसीएल चोट के बाद अपने वापसी मैच में, विलियमसन ने 81 गेंदों में 78 रनों की शानदार पारी खेली। लेकिन दाएं हाथ के बल्लेबाज को 38वें ओवर में विकेटों के बीच दौड़ते समय अंगूठे पर चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा, क्योंकि न्यूजीलैंड ने चेन्नई में बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विलियमसन अभी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

सबसे पहले, हम सभी केन के लिए महसूस कर रहे हैं कि घुटने की चोट से वापसी के लिए उनकी कड़ी मेहनत के बाद ऐसा हुआ है। हालांकि यह निराशाजनक खबर है, प्रारंभिक निदान ने हमें कुछ आशावाद दिया है कि वह आराम और पुनर्वास की अवधि के बाद भी पूल में खेल सकता है। केन स्पष्ट रूप से हमारी टीम का एक बड़ा हिस्सा है और एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी और कप्तान है - इसलिए हम उसे टूर्नामेंट में वापसी करने का हर संभव मौका देंगे। स्टीड ने कहा कि ब्लंडेल की बहुमुखी प्रतिभा के कारण उन्हें कवर के रूप में टीम में शामिल होने के लिए चुना गया, जबकि सप्ताह के दौरान ओटागो के खिलाफ कैंटरबरी के प्लंकेट शील्ड वार्म-अप मैच के दौरान हल्के साइड-स्ट्रेन से पीड़ित होने के बाद हेनरी निकोल्स पर विचार नहीं किया गया। टॉम पाकिस्तान और बांग्लादेश के दौरों पर एकदिवसीय टीम के साथ रहे और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वह बल्लेबाजी क्रम में कई जगहों को कवर करते हैं और उनका विकेटकीपिंग कौशल भी बैक-अप के रूप में एक अतिरिक्त बोनस है। तीन जीत से छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर मौजूद न्यूजीलैंड का, 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अगला मैच बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ है।

## नीरज चोपड़ा एक पीढ़ी को आगे बढ़ा सकते हैं : एश्टन ईटन



**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण में यहां बियॉन्ड द फिनिश लाइन कार्यक्रम में कुछ एशियाई खेलों के चैंपियनों का जश्न मनाया गया। एशियाई खेलों के पदक विजेता एचएस प्रणय, प्रीति लांबा, अन्नू रानी, कार्तिक कुमार, सौरव घोषाल और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुमा शिरूर की उपस्थिति में कार्यक्रम में मौजूद थे। एचएस प्रणय ने कहा, 2018 तक चीजें अच्छी चल रही थीं। उसके बाद चीज़ें ख़राब होने लगीं, चोटों और स्वास्थ्य समस्याओं ने मेरी प्रगति को पटरी से उतार दिया। लेकिन यहीं पर बहुत से लोगों के समर्थन ने मेरी मदद की, मुझे विश्वास दिलाया कि यह खत्म नहीं हुआ है, और समझ आया कि खेल ऐसा ही है। कठिन दौर आएंगे, लेकिन आपको कड़ी मेहनत करते रहना होगा। कोविड-19 महामारी के बाद, मैंने रीबूट करने और नए सिरे से शुरुआत करने का फैसला किया। इतने वर्षों में मैंने जो भी मेहनत की थी, उसका फल मिल रहा है और अनुभव ने मुझे अपने शरीर का प्रबंधन करना सिखाया है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अन्नू रानी, एशिया के सबसे तेज लंबी दूरी के धावकों में से एक, कार्तिक कुमार और सम्मानित अनुभवी सौरव घोषाल ने अपने दृढ़ संकल्प और अनुशासन के बारे में बात की, जिससे उन्हें कुछ बड़ी बाधाएं तोड़ने में मदद मिली। अन्नू रानी ने कहा, मैंने विदेश जाकर प्रशिक्षण लेने की अनुमति देने के लिए अपने महासंघ से लड़ाई की। हालाँकि, मैंने अपने कार्यकाल की शुरुआत अच्छी नहीं की और कई प्रतियोगिताएँ हार गयी । लेकिन मेरा ध्यान एशियाई खेलों को जीतने पर था, यह मेरे लिए करो या मरो जैसा था और अंततः मैं हांगझोउ में इस अवसर पर पहुंचने में सफल रही , और एक ओलंपिक और पूर्व विश्व चैंपियन के खिलाफ जीत हासिल की। यह सब पहले की गई कड़ी मेहनत का नतीजा था।

## शाहीन आफरीदी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं : वकार यूनुस

**नई दिल्ली,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने कहा है कि तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं और अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

वकार ने जियोसिनेमा से कहा, हमने हमेशा इस बारे में बात की है कि कैसे पाकिस्तान की बल्लेबाजी उनकी कमजोर कड़ी है और गेंदबाजी उनकी ताकत है। लेकिन भारत के खिलाफ मैच से पहले, मुझे लगता है कि यह बदल गया है। पाकिस्तान की गेंदबाजी में कुछ समस्याएं हैं जो एशिया कप से शुरू हुईं। मुझे लगता है कि आगे के मैचों के लिए भी उन्हें यहां सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, शाहीन (आफरीदी) अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा है। मुझे नहीं लगता कि उसकी उंगली में चोट है। वह अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है और कैंडी में एशिया कप के मैच के बाद से अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसलिए यह चिंता का विषय है। इसके अलावा वकार ने बाबर आजम की भारत के खिलाफ बड़े स्कोर की कमी और एक कप्तान के रूप में उनकी असंगति पर भी अपनी राय दी।

अगर आपको एक बड़े खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है, तो आपको बड़ी टीमों के खिलाफ स्कोर करना होगा और अच्छी कप्तानी भी करनी होगी। एक कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन काफी हद तक शाहीन, शादाब और हारिस के गेंदबाजी प्रदर्शन पर निर्भर था। वे उसे सफलताएँ देते थे जिससे उसका काम आसान हो जाता था। अब जब ऐसा नहीं हो रहा है तो आपकी कप्तानी की परीक्षा होगी और सवाल उठेंगे।

## मैं सिर्फ अपनी गति और अपनी विविधता पर ध्यान केंद्रित कर रहा था : कुलदीप



**अहमदाबाद,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अहमदाबाद में बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 191 रन पर आउट करने वाले भारत के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक थे। 2-35 विकेट लेने में, कुलदीप को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि उन्हें एक ही ओवर में सऊद शकील और इफ्तिखार अहमद को आउट करने से पहले अपने पहले सात ओवरों में विकेट नहीं मिले थे।

कुलदीप ने प्रसारणकर्ताओं के साथ पारी के मध्य में बातचीत में कहा, मैं विश्व कप का आनंद ले रहा हूं। मुझे पता था कि इस पिच पर कहां गेंदबाजी करनी है। ईमानदारी से कहूं तो गेंदबाजी करने के लिए यह मुश्किल विकेट है, यह धीमी तरफ है। हम लंबाई पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। वे बहुत अधिक आक्रमण नहीं कर रहे थे इसलिए मैं सिर्फ गेंदबाजी कर रहा था। मैं अपनी गति और अपनी विविधताओं पर ध्यान दे रहा हूं। मैं बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा था।

कुलदीप अपने स्पैल में सटीक थे, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर मराइस इरास्मस द्वारा नॉट आउट का फैसला देने के बाद उन्होंने सऊद शकील को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को रिव्यू लेने के लिए मजबूर कर विकेट लेने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए, रीप्ले से पता चला कि गेंद वास्तव में स्टंप्स से टकराने वाली थी। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 33वें ओवर में इफ्तिखार अहमद को गुगली से आउट किया। अपने पहले सात ओवरों में, कुलदीप ने 84.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी की, जिसे 82 किलोमीटर प्रति घंटे तक कम करने से पहले उन्हें शकील और अहमद के विकेट मिले।

उन्होंने कहा, वे बहुत ज्यादा कोशिश नहीं कर रहे थे। रिजवान ने मुझे ज्यादा स्वीप नहीं किया इसलिए मैं उसे खराब शॉट खेलाना चाहता था। मैं सऊद शकील को पिछले कुछ मैचों से देख रहा हूं और वह काफी स्वीप करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सोचा कि गेंद धीमी है, लेकिन वह स्किड हो गई और सौभाग्य से मैंने उसे पकड़ लिया। उन्होंने विकेट की गति को नहीं समझा। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के अलावा जिस चीज ने भारत के पक्ष में काम किया है, वह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीली जर्सी से भरी भीड़ है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इस भीड़ के सामने खेलना अविश्वसनीय है। यह माहौल पागलपन भरा है, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना और यहां करीब 90,000 लोगों को देखना, इसके लिए बहुत उत्साहित था और मैंने यहां गेंदबाजी का आनंद लिया।

## सर एलिस्टेयर कुक ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की



**लंदन,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के पूर्व पुरुष कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को उनकी सेवानिवृत्ति की घोषणा के बाद इंग्लैंड और एसेक्स के लिए 20 साल के असाधारण करियर के लिए बधाई दी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने इंग्लैंड के रिकॉर्ड तोड़ने वाले करियर के दौरान खुद को सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया, इस दौरान उन्होंने 161 टेस्ट खेले, जिनमें से 59 कप्तान के रूप में, और इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड 12,472 टेस्ट रन बनाए। कुक ने एसेक्स वेबसाइट पर एक बयान में कहा, मैं अपने संन्यास और एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में अपने करियर के अंत की घोषणा कर रहा हूं।

अलविदा कहना आसान नहीं है। दो दशकों से अधिक समय से, क्रिकेट मेरी नौकरी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रहा है। इसने मुझे उन स्थानों का अनुभव करने की अनुमति दी है जहां मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं जाऊंगा, उन टीमों का हिस्सा बनूंगा जिन्होंने ऐसी चीजें हासिल की हैं जो मैं कभी नहीं कर सकता था, सबसे महत्वपूर्ण बात, गहरी दोस्ती बनाई है जो जीवन भर रहेगी। आठ साल के लड़के से जो पहली बार विकम बिशप्स अंडर 11 के लिए खेला था से लेकर अब तक, मैं गर्व के साथ मिश्रित दुख की एक अजीब भावना के साथ समाप्त हो रहा हूं। हालांकि सबसे ऊपर, मैं अविश्वसनीय रूप से खुश हूं।

यह मेरे जीवन के इस हिस्से के समाप्त होने का सही समय है। मैंने हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए अपना सब कुछ दिया है, लेकिन अब मैं नई पीढ़ी के लिए रास्ता बनाना चाहता हूं। कुक के नाम इंग्लैंड के किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक 33 टेस्ट शतक हैं, और उन्होंने अपने 12 साल के टेस्ट करियर का अंत भारत के खिलाफ नागपुर में पदार्पण और 2018 में किआ ओवल में यादगार शतक के साथ किया।

ईसीबी प्रमुख, रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, सर एलिस्टेयर को उनकी अंतिम टेस्ट पारी के बाद जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा। ऐसा महसूस हुआ कि उस दिन ओवल के अंदर कोई भी उस व्यक्ति की सराहना करना बंद नहीं करना चाहता था जिसकी प्रतिबद्धता और अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ बनने की इच्छा ने उसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक बना दिया। उस पल में सर एलिस्टेयर के लिए सद्भावना असाधारण और पूरी तरह से योग्य थी। सर एलेस्टेयर ने अपने देश का बहुत सम्मान और गौरव के साथ नेतृत्व किया, बल्ले के साथ उनका रिकॉर्ड बेजोड़ है और उन्होंने इसे इस तरह से किया कि हर कोई जो उन्हें खेलते हुए देखने के लिए भाग्यशाली था, उससे प्रभावित हुआ।

मुझे यकीन है कि उनकी सेवानिवृत्ति पर उन्हें शुभकामनाएं देने वाला मैं अकेला नहीं हूं। 38 वर्षीय ने कप्तान के रूप में 2013 और 2015 में दो घरेलू पुरुष एशेज सीरीज जीतीं और ऑस्ट्रेलिया में 2010-11 की ऐतिहासिक एशेज सीरीज जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे, जब उन्होंने 127.66 की औसत से 766 रन बनाए।

कुक ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के पुरुषों की भी कप्तानी की, 92 मैच खेले और पांच शतक बनाए। उन्होंने 2003 में चेम्सफोर्ड में एसेक्स के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और दो साल बाद प्रमुखता से उभरे जब उन्होंने दौरे पर आयी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ मैच में अपनी काउंटी के लिए दोहरा शतक बनाया।

कुक ने दो बार एसेक्स के साथ एलवी = इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप जीती - वह 2019 की सफलता में काउंटी के अग्रणी रनस्कोरर थे - और 46.41 के औसत से 74 शतकों के साथ 26,643 प्रथम श्रेणी रन बनाकर खेल से सेवानिवृत्त हुए। कुक को क्रिकेट की सेवाओं के लिए 2019 में नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित किया गया था।

## सार संक्षेप

### हार के बावजूद भारतीय टीम के प्रदर्शन को स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा

**कुआलालंपुर।** मर्डेका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया के हाथों 2-4 की दिल दहला देने वाली हार के बावजूद भारतीय फुटबॉल टीम के प्रदर्शन को स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा। एआईएफएफ की रिपोर्ट के अनुसार, मर्डेका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया के हाथों चौथी हार के बाद, बुकित जलील स्टेडियम में भीड़ के सामने भारत के प्रदर्शन को मैदान में मौजूद स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा। मैच के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम उदास था, लेकिन निराशा की वह भावना जल्द ही आत्मनिरीक्षण में बदल गई। कोच और खिलाड़ी इन सबसे गुज़रे, अच्छा, बुरा और बदसूरत; जो लोग अपने प्रदर्शन से खुश नहीं थे उन्होंने अपनी गलतियाँ स्वीकार कीं और अच्छे प्रदर्शन करने वालों को निराश करने के लिए माफी मांगी। यह सब उस चीज़ का अभिन्न अंग है जो एक टीम को एक ऐसी टीम बनाती है जिसमें कोई मैं नहीं है। हम एक साथ जीतते हैं, हम एक साथ पीड़ित होते हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम बुरे समय में एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक स्पष्ट रूप से जिस तरह से चीजें घटीं उससे खुश नहीं थे, लेकिन उन्होंने उन चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जिनमें ब्लू टाइगर्स को सुधार करने की जरूरत है । उन्होंने कहा, कुछ स्थितियों में, हम समय पर गेंद को बॉक्स में नहीं डाल रहे थे। हम अधिकतर बहुत लंबे समय तक इंतजार कर रहे थे और क्रॉस अवरुद्ध हो रहे थे, या हमें अपने शॉट लेने में बहुत अधिक समय लगा।

### भारत के जूनियरों ने जीत के साथ की नीदरलैंड दौरे की शुरुआत

**नीदरलैंड।** भारतीय सब जूनियर अंडर-17 महिला और पुरुष टीम ने सीनियर ईडीई महिला और पुरुष टीमों के खिलाफ अपने-अपने मैचों में जीत के साथ अपने ऐतिहासिक पहले दौरे की शुरुआत की। महिला टीम ने 3-2 से जीत हासिल की जबकि पुरुष टीम ने 8-0 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में ईडीई द्वारा शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद, रवीना, करुणा मिंज और भाव्या के गोल ने भारत को 3-1 की बढ़त दिलायी जबकि तीसरे क्वार्टर में ईडीई ने स्कोरलाइन को 3-2 तक लाने के लिए जम कर पसीना बहाया। जीत पर भारतीय महिला टीम की कोच रानी ने कहा हमें अपनी टीम और जिस तरह से उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय खेल में प्रदर्शन किया, उस पर बेहद गर्व है। यह जीत दर्शाती है कि हम सही रास्ते पर हैं। बेशक, काम ख़त्म नहीं हुआ है, और हमें अभी भी बहुत कुछ करना है। लेकिन हम उनके प्रदर्शन से बेहद खुश हैं क्योंकि यह जीत न केवल उनकी क्षमताओं बल्कि उनके दिल और जज्बे को भी दर्शाती है।